CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 17°C

मुरादाबाद, सोमवार 3 नवम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 79 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 11 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



न्याय से बढ़कर कुछ नहीं, अति आत्मविश्वास से बचें: जस्टिस सूर्यकांत पेज 2



सुंदर की आतिशी पारी ने भारत को दिलाई बराबरी खेल टाइम्स



चुनावी मौसम में देश के पत्रकारों का कर्तव्य सम्पादकीय



ट्रम्प 2.0 में भारतवंशियों के खिलाफ हेट क्राइम 91 प्रतिशत बढ़ा पेज 12

# इसरो ने लॉन्च किया 'बाहुबली' एलवीएम3-एम5 रॉकेट

## जीटीओ तक लॉन्च होने वाला सबसे भारी सैटेलाइट, नौसेना की क्षमताओं को करेगा और मजबूत

**श्रीहरिकोटा, वार्ता**

**इसरो ने** 2 नवम्बर को शाम 5.26 बजे बाहुबली रॉकेट से 4400 किलो का सैटेलाइट लॉन्च किया। ये भारतीय जमीन से जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) तक लॉन्च होने वाला सबसे भारी सैटेलाइट है। ये नौसेना की कम्युनिकेशन क्षमताओं को और मजबूत करेगा। जीटीओ (29,970 किमी) एक अंडाकार ऑर्बिट है। रॉकेट ने इस आर्बिट में सैटेलाइट छोड़ दिया है।

अब 3-4 दिन बाद सैटेलाइट इंजन फायर होगा और ये ऑर्बिट को सर्कुलर कर लेगा। इसे जियोस्टेशनरी आर्बिट (जीईओ) कहते हैं। इसमें सैटेलाइट 24 घंटे कवरेज दे सकता है। इससे पहले इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन में 3900 केजी पेलोड जीटीओ में भेजा था। जीटीओ में भेजा गया दुनिया का सबसे भारी सैटेलाइट इकोस्टार 24 (जुपिटर 3) है। इसका वजन लॉन्च के समय करीब 9,000 किलो था। इसे स्पेसएक्स के फाल्कन हैवी रॉकेट से लॉन्च किया गया था। स्टड3 लॉन्च व्हीकल की ये पांचवीं ऑपरेशनल फ्लाइट (एलवीएम3-एम5) है। व्हीकल ज्यादा वजन ले जा सके इसके लिए इसमें स्ट्रक्चरल चेंजेस किए गए हैं। इसके अलावा थ्रस्ट बढ़ाने के लिए इंजन में भी कुछ बदलाव हुए हैं। स्ट्रक्चरल चेंजेस से इसे थोड़ा हल्का किया गया है। सीएम-03 एक मल्टी-बैंड कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जो हिंद महासागर के बड़े इलाके सहित पूरे भारतीय इलाके को सर्विस देगा। ये भारत को कंटीन्यूएस कवरेज देगी। ये एक जीएसएटी-7 आर सैटेलाइट है, जिसका कोडवर्ड सीएमै-03 है। ये श्रीहरिकोटा स्पेसपोर्ट से लॉन्च होगा। ये पुराने हो चुके जीएसएटी-7 (रुक्मिणी) सैटेलाइट की जगह लेगा, जो फिलहाल नौसेना के कम्युनिकेशन्स का मुख्य आधार है। रुक्मिणी ने युद्धपोतों, पनडुब्बियों, विमानों और किनारे पर बने कमांड सेंटर्स के बीच सुरक्षित रीयल-टाइम कनेक्शन मुमकिन किए हैं। सीएईएस-03 आर सैटेलाइट भारत की नेटवर्क-सेंट्रिक वॉरफेयर क्षमताओं को कई गुना मजबूत कर देगा। ये नौसेना के ऑपरेशन्स, एयर डिफेंस और स्ट्रैटेजिक कमांड कंट्रोल के लिए रीयल-टाइम कम्युनिकेशन मुहैया कराएगा, वो भी विशाल समुद्री और जमीन वाले इलाकों में। जियोस्टेशनरी ऑर्बिट (जीईओ) यानी धरती से 36,000 किलोमीटर ऊपर की गोल कक्षा। इस आर्पबिट में सैटेलाइट पृथ्वी को लगातार देख सकता है। ये 24 घंटे कवरेज के लिए जरूरी है। इसी वजह से कम्युनिकेशन सैटेलाइट्स को हमेशा जीईओ में ही रखना पड़ता है। इसरो आमतौर पर भारी कम्युनिकेशन सैटेलाइट्स को फ्रेंच गयाना में यूरोपीय स्पेसपोर्ट से लॉन्च करता है। ये पहली बार है जब ये भारतीय मिट्टी से 4.4 टन का सैटेलाइट लॉन्च हुआ। इसरो ने पहले 5 दिसम्बर 2018 को एरियन-5 रॉकेट की मदद से फ्रेंच गयाना से जीएसएटी-11 लॉन्च किया था, जो 5,854 किलो का था। ये इसरो का अब तक का सबसे भारी सैटेलाइट है। स्टड3 रॉकेट का सबसे भारी पेलोड लो अर्थ आर्बिट तक पहुंचाने का रिकॉर्ड वन वेब मिशन से जुड़ा है। इसमें 5,800 किलो का पेलोड धरती से 450 किमी ऊपर भेजा गया था। ए 36 छोटे सैटेलाइट्स का ग्रुप था, सिंगल नहीं। ये सिंगल कम्युनिकेशन सैटेलाइट के मामले में नया रिकॉर्ड है। 1999 में हुई कारगिल जंग में कम्युनिकेशन के लिए अमेरिका ने मदद से मना कर दिया था। इसके बावजूद भारत ने इस जंग में पाकिस्तान को हरा दिया था। 1999 में कारगिल की ऊंची-ऊंची चोटियों पर पाकिस्तानी घुसपैठिए छिपे हुए थे। भारतीय सेना को सटीक लोकेशन और सैनिकों की मूवमेंट ट्रैक करने के लिए ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम की सख्त जरूरत थी। भारत ने अमेरिका से मदद मांगी, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। कारगिल खत्म होने के बाद भारत ने दो मोर्चों पर काम चालू किया। भारत के पास पहले से इनसैट सीरीज के सैटेलाइट्स थे, जो वाइस काल्स, डेटा ट्रांसमिशन और सिचुएशनल अवेयरनेस में थोड़ी मदद कर रहे थे।



■ **कारगिल जंग से सबक लेकर इसरो ने बनाया अपना सैटेलाइट नेटवर्क, नेवी की ताकत बढ़ेगी**

### डाटा सुरक्षित और तेजी से उपलब्ध होगा

सीएमएस-03 का पूरा नाम कम्युनिकेशन सैटेलाइट मिशन-03 है। यह मल्टी-बैंड संचार उपग्रह कई तरह की रेडियो तरंगों पर काम करेगा। इसमें इंटरनेट कनेक्टिविटी, वीडियो कान्फेंसिंग और सुरक्षित डाटा ट्रांसमिशन जैसी सुविधाएं होंगी। इससे दूरदराज के इलाकों, जहाजों और हवाई जहाजों तक मजबूत संचार नेटवर्क उपलब्ध होगा और पहले के संचार उपग्रहों की तुलना में तेजी से डाटा उपलब्ध होगा। इसरो ने बताया कि विशेष तौर पर नौसेना के लिए विकसित यह संचार उपग्रह सात साल काम करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### तेलंगाना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीआरएस ऑफिस पर हमला किया

**हैदराबाद।** तेलंगाना के खम्मम जिले के मनुगुरु इलाके में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) के स्थानीय ऑफिस पर हमला कर दिया। उन्होंने ऑफिस में तोड़फोड़ की, फर्नीचर जलाया और कांग्रेस का झंडा फहरा दिया। वायरल वीडियो में कांग्रेस के झंडे थामे लोग बीआरएस ऑफिस में घुसते और नारेबाजी करते दिखाई दिए। झड़प के दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हुई और कुछ लोग घायल भी हुए। हालांकि पुलिस ने अभी तक किसी के घायल होने की पुष्टि नहीं की है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हमें हमारा ऑफिस वापस दो के नारे लगाते हुए प्रदर्शन भी किया। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। इधर, कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि बीआरएस शासन के दौरान उनका ऑफिस जबरन कब्जा कर लिया गया था। उनका कहना है कि तब के विधायक ने पुलिस सुरक्षा में कांग्रेस दफ्तर पर कब्जा कर उसे बीआरएस के गुलाबी रंग में रंगवा दिया था। हम इसे फिर वापस लेंगे।

### 'मोन्था' का असर खत्म, अब बारिश नहीं, ठंड बढ़ेगी

**नई दिल्ली।** मोन्था तूफान का असर लगभग खत्म हो गया है। इसके रूट में आने वाले राज्यों में अब बारिश नहीं होगी। हालांकि राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब और हिमाचल में बारिश हो सकती है। आईएमडी के मुताबिक पहाड़ी राज्यों और मैदानी इलाकों में अगले 3-4 दिन में तापमान में गिरावट होगी, जिससे ठंड बढ़ेगी। हिमाचल में 4 और 5 नवम्बर को बर्फबारी के आसार बन रहे हैं। तीन नवम्बर की रात से वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। फिलहाल कुकुमसेरी में तापमान माइनस 1.2 डिग्री सेल्सियस और ताबो में माइनस 0.8 डिग्री सेल्सियस चल रहा है। इधर, राजधानी दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों में प्रदूषण गंभीर होता जा रहा है। रविवार को हवा क्वालिटी और बिगड़ गई। एम्स और आसपास के इलाकों में एआईक्यू लेवल 420 तक पहुंच गया है।

### SIR नहीं रोका गया, तो अदालत जाएगा तमिलनाडु

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन ने चुनाव आयोग पर केंद्र सरकार के अधीन काम करने का आरोप लगाते हुए आयोग से तमिलनाडु में 4 नवम्बर से शुरू होने वाले प्रस्तावित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को रोकने की मांग की। श्री स्टालिन की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में सर्वसम्मति से पारित इस प्रस्ताव में कहा गया कि अगर चुनाव आयोग इस प्रक्रिया को नहीं रोकता है, तो तमिलनाडु के पास देश की शीर्ष अदालत में जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। श्री स्टालिन ने एसआईआर को लोगों के मताधिकार छीनने वाली प्रक्रिया कहा। गौरतलब है कि चुनावं आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया की घोषणा ऐसे समय में की है जब तमिलनाडु में 2026 के अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने हैं।

# महागठबंधन के अंदर चल रही खींचतान पर मोदी का तंज

**पटना, वार्ता**

**बिहार विधानसभा** चुनाव में पहले चरण के मतदान से चार दिन पहले आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महागठबंधन के अंदर चल रही खींचतान पर बड़ा बयान दे दिया है। उन्होंने पहले राजद और कांग्रेस को देश के मुद्दे पर घेरा और फिर बिहार चुनाव में खींचतान तक लेकर आए।

पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में देश की सेना की इतनी बड़ी सफलता कांग्रेस और राजद को पसंद नहीं आई। धमाके पाकिस्तान में हो रहे थे और नींद कांग्रेस के शाही परिवार की उड़ी हुई थी। आज तक कांग्रेस और राजद के नामदार ऑपरेशन सिंदूर के सदमे से बाहर नहीं निकल पाए। आज विकसित बिहार के संकल्प के साथ पूरा एनडीए एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद के अंदर घमासन मचा हुआ है। अंदर की बात यह है कि नामांकन वापस लेने के एक दिन पहले बंद कमरे में गुंडागर्दी का खेल खेला गया। कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि सीएम पद पर राजद के उम्मीदवार का नाम तय हो, लेकिन, राजद ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रखकर सीएम पद चोरी कर लिया। फिर जबरन सीएम पद की घोषणा करवाई गई। पीएम मोदी ने आगे कहा कि राजद और कांग्रेस में झगड़ा भयंकर बढ़ गया।



■ **कहा: आरजेडी ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रख सीएम पद का ऐलान कराया**
■ **कांग्रेस की पहचान सिखों के कत्लेआम से है, कांग्रेस के लोगों ने सिखों को नरसंहार किया था**

# न तेजस्वी मुख्यमंत्री बनेंगे, न राहुल प्रधानमंत्री बनेंगे: शाह

**नई दिल्ली/पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मुजफ्फरपुर के बिशुनपुर सरैया में चुनावी सभा की। उन्होंने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि आपका वोट बिहार को जंगलराज से बचाने के लिए होगा। ये लोग कपड़े और चेहरे बदलकर फिर जंगलराज लाएंगे। इन लोगों को वापस मत आने देना।

शाह ने कहा कि लालू यादव और सोनिया गांधी को देश की कोई परवाह नहीं है। लालू अपने बेटे को मुख्यमंत्री और सोनिया अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। उनकी यह इच्छा पूरी होने वाली नहीं है, क्योंकि जगह ही खाली नहीं है। यहां नीतीश कुमार सीएम हैं और दिल्ली में नरेंद्र मोदी पीएम हैं। दूसरी तरफ, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बेगूसराय में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि 56 इंच की छाती वाला डरपोक है। महात्मा गांधी की छाती बड़ी नहीं थी, लेकिन वो किसी से डरते नहीं थे। इंदिरा भी किसी से नहीं डरती थीं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुजफ्फरपुर में पब्लिक रैली में रविवार को कहा कि 1994 में लालू-राबड़ी के शासन में गोपालगंज में डीएम कृष्णैया को पीट-पीटकर मार डाला गया था।

■ **केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा: दोनों जगह खाली नहीं, राहुल ने कहा- 56 इंच की छाती वाला डरपोक है**

# मुझे दबाने के लिए मेरे परिवार पर दर्ज हुए मुकदमे: रमणा

**अमरावती।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) एनवी रमणा ने कहा कि सांविधानिक सिद्धांतों की रक्षा करने वाले न्यायिक अधिकारियों को भी दबाव और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि जिन जजों का किसी राजनीतिक मामले में कोई हाथ नहीं था, उनके परिवार को भी राजनीतिक संगठनों ने निशाना बनाया। रमणा अमरावती में वीआईटी-एपी विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आप सभी जानते हैं कि मेरे परिवार को कैसे निशाना बनाया गया और उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए।

■ **सांविधानिक सिद्धांतों की रक्षा करने वाले न्यायिक अफसरों को भी दबाव व उत्पीड़न का सामना करना पड़ा: पूर्व सीजेआई**

# प्रियंका गांधी ने प्रदूषण को लेकर जताई चिंता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने प्रदूषण को लेकर चिंता जताई है। प्रियंका गांधी ने कहा कि पहले वायनाड और फिर बिहार के बछवाड़ा से दिल्ली की हवा में लौटना वाकई परेशान करने वाला है। इस शहर को प्रदूषण ने मानो उस पर एक धुएं और ग्रे रंग का चादर डाल दिया हो।

अब समय आ गया है कि हम सब अपनी राजनीतिक मजबूरियों की परवाह किए बिना एकजुट होकर प्रदूषण के बारे में कुछ कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। इस भयावह स्थिति को कम करने के लिए वे जो भी कदम उठाएंगे, हम सब उनका समर्थन और सहयोग करेंगे।

■ **कहा: सभी एकजुट होकर प्रदूषण के बारे में कदम उठाएं**



देहरादून : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उनका स्वागत करते हुए।

# भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में मक्का पर खींचतान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** मक्का आयात को लेकर अमेरिका की ओर से दबाव के बावजूद भारत अपने किसानों के पक्ष में मज़बूती से खड़ा है और पीएम मोदी और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल दोनों साफ़ कर चुके हैं कि भारतीय किसानों हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

दोनों देशों के बीच इस समय चल रही व्यापार वार्ताओं में अमेरिका की ओर से, खास कर कृषि उपजों के भारतीय बाजार को खोलने का मुद्दा उठता रहा है। हाल ही में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने वाशिगटन पत्रकारों से बातचीत में भारत के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा था कि भारत कहता है कि उसकी आबादी 1.4 अरब की है, तो क्या ये 140 करोड़ लोग अमेरिका का एक बुशल (लगभग 25 किलो) मक्का भी नहीं खरीद सकते? वे हमें भी चीजें बेचते हैं, लेकिन हमारे माल पर भारी भरकम आयात शुल्क लगा देते हैं, क्या यह उचित है? अमेरिकी मंत्री लुटनिक की हताशा के पीछे दो प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं। एक तो अमेरिका में इस बार मक्के की बम्पर पैदावार हुई है और दूसरे, चीन ने मक्के का आयात घटा दिया है। अमेरिकी कृषि विभाग (यूएसडीए) ने गत अगस्त में बताया कि 1866 के बाद 2025-26 में वहां मक्के का उत्पादन अनुमानित 16.7 अरब बुशल के साथ एक नया रिकॉर्ड बना सकता है। अमेरिकी मक्के के सबसे बड़ा खरीदार चीन ने इसकी खरीद में भारी कटौती कर रखी है। चीन पहले अमेरिकी सोयाबीन का भी प्रमुख आयातक था, लेकिन हाल के वर्षों में उसने वहां से सोयाबीन का आयात कम कर दिया था। बीते साल अमेरिका के कुल सोयाबीन निर्यात का लगभग 45 प्रतिशत चीन ने खरीदा था, पर इस बार अभी कोई सौदा नहीं हुआ है।

■ **प्रधानमंत्री मोदी की दो टूक: भारतीय किसानों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा**



# सबसे ज्यादा कपड़ों व खाने-पीने पर खर्च करते हैं भारतीय

**नई दिल्ली।** शॉपिंग मॉल और शहरों के बड़े बाजारों में भारतीय सबसे ज्यादा पैसा परिधानों पर और उसके बाद खाने-पीने पर खर्च करते हैं।

एक हालिया अध्ययन के अनुसार, देश में शॉपिंग सेंटरों का कुल कारोबार लगभग 4.9 लाख करोड़ रुपये है जिसमें 30.35 (1,500-1,700 अरब रुपये) प्रतिशत कमाई परिधानों की बिक्री से होती है। इसके बाद मुख्य बाजारों का कारोबार लगभग 3.8 लाख करोड़ रुपये का है। इसमें 32:35 प्रतिशत पैसा (1,200-1,400 अरब रुपये) लोग परिधानों पर खर्च करते हैं। परिधानों के बाद दूसरे नंबर पर खाने-पीने की चीजें हैं। मॉलों में अपने कुल खर्च का 20:25 प्रतिशत (1,000-1,100 अरब रुपये) लोग खाने-पीने पर खर्च डालते हैं। वहीं, बड़े बाजारों में लोग 800-950 अरब (22-25 प्रतिशत) इस मद में खर्च कर डालते हैं।

■ **एक अध्ययन से रिपोर्ट आई सामने**

## संक्षिप्त समाचार

### उमर अब्दुल्ला व सुनील शेट्टी ने मैराथन में लगाई दौड़

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी ने रविवार सुबह श्रीनगर में कश्मीर मैराथन 2-0-2025 को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा किया रवाना। दौड़ सुबह छह बजे पोलो व्यू से शुरू हुई, जहां प्रतिभागियों ने खूबसूरत बुलेवार्ड रोड पर दौड़ते हुए शहर की प्रतिष्ठित डल झील के लुभावने दृश्यों का आनंद लिया।इस मैराथन का आयोजन कश्मीर पर्यटन विभाग द्वारा जम्मू और कश्मीर खेल परिषद के सहयोग से किया गया था और इसमें कई श्रेणियां शामिल थीं, जैसे पूर्ण मैराथन (42 किमी), हाफ मैराथन (21 किमी) और शौकिया और स्थानीय प्रतिभागियों के लिए छोटी दौड़। इस वर्ष के आयोजन में देश भर के 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 1,500 से अधिक धावकों और 11 देशों से 77 विदेशी प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिससे वैश्विक खेल मानचित्रा पर कश्मीर की बढ़ती उपस्थिति का पता चलता है।

### मायावती की रैली से बिहार में बढ़े टिकट के दाम

**लखनऊ/पटना।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की हालिया लखनऊ रैली ने बिहार की राजनीति में हलचल मचा दी है। यह रैली मान्यवर कांशीराम जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित की गई थी, लेकिन राजनीतिक गलियारों में सवाल उठ रहे हैं कि इस बार का आयोजन असामान्य रूप से बीज.पी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए किया गया था। रविवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस के पूर्व सांसद डा. उदित राज ने कहा कि बिहार में भाजपा को जिताने के लिए मायावती ने लखनऊ में रैली आयोजित की थी।

# नीतीश सरकार में पक्षपात नहीं, न्याय होता है: केशव प्रसाद मौर्य

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ/पटना।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बिहार विधानसभा चुनाव के बीच मोकामा में हुई हिसक वारदात और अनंत सिंह की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था पूरी तरह मजबूत है और नीतीश कुमार की सरकार निष्पक्ष कार्रवाई कर रही है।

रविवार को मीडिया से बात. चीत में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि चुनाव के दौरान ऐसी घटना होना दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन बिहार में कानून-व्यवस्था दुरुस्त है। नीतीश कुमार की सरकार में कोई पक्षपात नहीं होता, न्याय होता है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर गिरफ्तारी की, यह सुशासन की मिसाल है। राजद नेता तेजस्वी यादव के बयान पर भी केशव मौर्य ने पलटवार किया। तेजस्वी ने कहा था कि अगर राजद को बहुमत मिला, तो सभी विधायकों को मंत्री बनाया जाएगा।

इस पर मौर्य ने कहा कि अगर तेजस्वी यादव सभी विजई प्रत्याशियों को उपमुख्यमंत्री भी बना दें, तब भी राजद-कांग्रेस गठबंधन का बिहार में कोई भविष्य नहीं है। वे 50 का आंकड़ा पार कर लें, वही बड़ी बात होगी। मौर्य ने कहा कि बिहार की जनता अब परिवारवाद और भ्रष्टाचार की राजनीति से उब चुकी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास और सुशासन के पक्ष में है। गौरतलब है कि मोकामा में आरजेडी समर्थक दुलार चंद यादव की हत्या के बाद से राजनीतिक माहौल गर्माया हुआ है। इस हत्या को लेकर सियासी बयानबाज़ी तेज़ हो गई है। विपक्ष इस घटना को 'सामाजिक न्याय बनाम मनुवाद' की लड़ाई बता रहा है, जबकि सत्तारूढ़ जेडीयू और भाजपा इसे कानून-व्यवस्था की सख्ती का परिणाम बता रहे हैं।

# यूपी में चक्रवात मोंथा का प्रभाव समाप्त

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ प्रदेश में शुष्क मौसम, सुबह धुंध और कोहरा पड़ने की संभावना

**लखनऊ।** बंगाल की खाड़ी में बने गंभीर चक्रवाती तूफान 'मोंथा' का प्रभाव अब समाप्त हो गया है। इसके प्रभाव से बीते सप्ताह उत्तर प्रदेश में मौसम में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया।

राज्य के कई हिस्सों जैसे आगरा, इटावा, बाराबंकी, झांसी और फुर्सतगंज (अमेठी) में अक्टूबर महीने में अधिकतम तापमान न्यूनतम स्तर तक दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डा. एके सिंह के अनुसार अब चक्रवात का असर समाप्त होने के साथ ही प्रदेश का मौसम धीरे-धीरे साफ़ हो रहा है। पिछले 24 घंटों में पश्चिमी और मध्य उत्तर प्रदेश के जिलों में अधिकतम तापमान में 3 से 7 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि आज पूर्वी उत्तर प्रदेश में तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की संभावना व्यक्त की गई है। इसके बाद तापमान में किसी बड़े परिवर्तन की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्रा नहीं है। ऐसे में आगामी एक सप्ताह तक मुख्यत: शुष्क मौसम बना रहेगा। हालांकि 4 से 5 नवम्बर के दौरान पश्चिमी हिमालई क्षेत्रा पर सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के उत्तरी भागों में आंशिक बादलों की आवाजाही संभव है।

मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि इस अवधि में न्यूनतम तापमान में पहले 48 घंटों में लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट, उसके बाद अगले 48 घंटों में करीब 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि, और फिर क्रमिक रूप से 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की पुन: गिरावट दर्ज की जा सकती है। इसके साथ ही, 3 और 4 नवम्बर की सुबह राज्य के पूर्वांचल एवं उत्तरी तराई क्षेत्रों में कहीं-कहीं कम से मध्यम को. हरा और हल्की धुंध पड़ने की संभावना है। यह कोहरा प्रात:काल के समय सीमित रहेगा और सूर्योदय के बाद दिन चढ़ने के साथ समाप्त हो जाएगा। विभाग ने किसानों और आम नागरिकों को सलाह दी है कि इस दौरान दृश्यता कम होने पर सुबह के समय वाहन चलाते समय सावधानी बरतें और तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण बुजुर्गों और बच्चों को ठंड से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी गई है।

## विद्यार्थियों को न्याय की मूल भावना को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी

# न्याय से बढ़कर कुछ नहीं, अतिआत्मविश्वास से बचें

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सुप्रीम कोर्ट के भावी मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने विधि स्नातकों को संबोधित किया

**लखनऊ।** डा. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्व. विद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह रविवार को गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के भावी मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने विद्यार्थियों को न्याय की मूल भावना को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि किसी भी केस को जीतने से अधिक महत्वपूर्ण है उसमें न्याय मिलना।

विधि स्नातकों से उन्होंने कहा कि जीवन में आत्ममंथन अत्यंत आवश्यक है। क्या मेरी तैयारी पूरी थी? क्या मैंने बहस सही से की? जैसे सवाल खुद से पूछने की आदत सुधार की दिशा में पहला कदम है। जस्टिस सूर्यकांत ने अपने वकालत के दिनों का अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक बार अतिआत्मविश्वास के कारण वह केस हार गए थे। उसके बाद से उन्होंने हर केस के लिए नोटबुक रखना शुरू किया, ताकि हर गलती से सीख ली जा सके। उन्होंने नए विधि स्नातकों को अतिआत्मविश्वास से बचने और विनम्रता बनाए रखने की सलाह दी। समारोह में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ ने विद्यार्थियों को तीन मंत्रा दिए मेहनत, ईमानदारी और खुशमिजाजी। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति इन तीन बातों का पालन करता है, वह जीवन में अवश्य सफल होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। उन्होंने कहा कि न्यायिक व्यवस्था जितनी सशक्त होगी, सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करना उतना ही आसान होगा। यही वह व्यवस्था है जिसे हमारे पूर्वजों ने रामराज्य कहा था। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि पहले हमारे डीजे के चैम्बर में एसी नहीं था।

आज ये लग्जरी नहीं, जरूरत है, ताकि जब बार को गुस्सा आए, तो एसी से गुस्सा ठंडा हो सके। मुख्यमंत्री ने सभी उपाधिधारकों के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि सत्य बोलना और धर्म का आचरण करना है।

### मजबूत न्याय व्यवस्था ही सुशासन का आधार: सीएम योगी

**लखनऊ।** डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरएमएलएनएलयू) का चौथा दीक्षांत समारोह रविवार को आयोजित हुआ। इस मौके पर बीए-एलएलबी आनर्स, एलएलएम वन इयर, पीजीडीसीएल, पीजीडीआईपीआर पाठ्यक्रमों के मेधावियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य सहित कुल 21 पदक दिए गए। इस दौरान 309 उपाधियां सफल विधार्थियों को दी गईं। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर सुप्रीम के जस्टिस सूर्यकांत की मौजूदगी में मेधावियों ने न्याय की राह पर चलने का संलल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपाधियां अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश की मजबूत न्याय व्यवस्था ही सुशासन का आधार है।

समारोह में इलाहाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण कुमार भंसाली, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, विधायक डा. राजेश्वर सिंह और कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह भी मौजूद रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पाठ्यक्रमों के 309 विद्यार्थियों को उपाधियां और 21 मेधावियों को स्वर्ण, रजत, कांस्य व स्मृति पदक प्रदान किए गए। विशेष स्वर्ण पदक पाने वालों में प्रदीप कुमार अग्रवाल, मुस्कान शुक्ला, दर्शिका पांडेय, धीरज दिवाकर और अभ्युदय प्रताप शामिल हैं। इस वर्ष 24 पीएचडी उपाधियां भी प्रदान की गईं।

# प्रदेश में पर्याप्त खाद उपलब्ध: सूर्य प्रताप शाही

लखनऊ, वार्ता



उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों को आश्वस्त किया कि रबी 2025-26 सीजन के लिए प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है, जिसे किसानों को उनकी जोत के अनुपात में उपलब्ध कराया जा रहा है।

रविवार को विभागीय अधिकारियों के साथ प्रदेश में खाद की अद्यतन उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि एमएफएमएस पोर्टल के अनुसार 2 नवम्बर 2025 तक प्रदेश में कुल 35.68 लाख मीट्रिक टन उर्वरक प्राप्त हो चुका है, जिनमें से 9.77 लाख मीट्रिक टन की बिक्री की जा चुकी है। इस प्रकार राज्य में 25.91 लाख मीट्रिक टन का स्टॉक किसानों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु उपलब्ध है। यह मात्राा गत वर्ष की इसी अवधि में उपलब्ध 24.32 लाख मीट्रिक टन की तुलना में 1. 59 लाख मीट्रिक टन अधिक है। रबी सीजन के लिए उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। वर्तमान में प्रदेश में 4.35 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 4.80 लाख मीट्रिक टन एनपीके, 12.71 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 3.03 लाख मीट्रिक टन एसएसपी तथा 1.02 लाख मीट्रिक टन एमओपी उपलब्ध है। इनमें से डीएपी की उपलब्धता गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में 1.94 लाख मीट्रिक टन अधिक है, जबकि एनपीके की मात्राा 2. 60 लाख मीट्रिक टन अधिक है। सहकारी समितियों के पास वर्तमान में 5.27 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 1.80 लाख मीट्रिक टन डीएपी तथा 1.13 लाख मीट्रिक टन एनपीके का भंडार मौजूद है।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 84556.40
निफ्टी 25891.40

सोना रु. 125770
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 155000
प्रति किलो

# आर्थिक आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा



**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में घरेलू अर्थव्यवस्था के आंकड़े और वैश्विक कारक बाजार को दिशा देंगे। आने वाले सप्ताह में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़े जारी होने हैं।

इसके अलावा अक्टूबर के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और वाहनों की बिक्री से शनिवार को आए आंकड़ों का असर भी सोमवार को बाजार खुलने पर दिखेगा। वैश्विक स्तर पर भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता अब भी अटकी हुई है। साथ ही भू-राजनैतिक स्थिति में भी तनाव बना हुआ है। इसका असर भी शेयर बाजारों पर दिखेगा। बीते सप्ताह सोमवार और बुधवार को बाजार में तेजी रही, जबकि शेष तीन दिन गिरावट देखी गई। बीएसई का संसेक्स सप्ताह के दौरान 0. 32 प्रतिशत टूटकर सप्ताहांत पर 83,938.71 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 0.28 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट में 25,722.10 अंक पर बंद हुआ। सप्ताह के दौरान बुधवार को दोनों प्रमुख सूचकांक अबतक की ऐतिहासिक ऊंचाई पर बंद हुए थे। मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली रहने से एनएसई का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.61 प्रतिशत चढ़कर शुक्रवार को 17,006.30 अंक पर बंद हुआ। स्मॉलकैप-100 सूचकांक भी 0.70 अंक पर आ गया।

### शीर्ष चार कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 95,447 करोड़ बढ़ा

**मुंबई।** शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल चार कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 95,447 करोड़ रुपए बढ़ गया, जबकि अन्य छह के संयुक्त एमकैप में 91,686 करोड़ रुपए की गिरावट दर्ज की गई। विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का एमकैप सबसे अधिक 47,431 करोड़ रुपए बढ़ी और उसका बाजार पूंजीकरण सप्ताह के दौरान 20 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक का एमकैप 30,092 करोड़ रुपए, भारती एयरटेल का 14,540 करोड़ रुपए और भारतीय जीवन बीमा निगम का 3,384 करोड़ रुपए बढ़ा। बाजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण सबसे अधिक 29,090 करोड़ रुपए घट गया।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 6.9 अरब डॉलर की गिरावट फिर भी रिकॉर्ड के करीब

**नई दिल्ली।** भारत के विदेशी मुद्रा भंडार यानी फारेक्स रिजर्व में पिछले सप्ताह 6.925 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 24 अक्टूबर 2025 को समाप्त सप्ताह में देश का कुल भंडार घटकर 695.355 अरब डॉलर पर आ गया। हालांकि यह आंकड़ा अब भी सितम्बर 2024 के सर्वाधिक रिकॉर्ड स्तर 704.89 अरब डॉलर के करीब बना हुआ है। आरबीआई के अनुसार वो विदेशी मुद्रा संपत्तियां, जो भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा हैं, घटकर 566.548 अरब डॉलर रह गईं। इसमें 3.862 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं सोने के भंडार में भी 3.010 अरब डॉलर की कमी आई और यह 105. 536 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह गिरावट वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और निवेशकों द्वारा सोने की मांग में बढ़ोतरी के चलते आई है। भले ही भंडार में गिरावट आई है, लेकिन यह अब भी स्थिर और मजबूत स्थिति में है।

# चावल, दाल, खाद्य तेलों में साप्ताहिक गिरावट रही



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव घट गए। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में भी गिरावट रही जबकि गेहूं और चीनी के दाम कमोबेश स्थिर रहे। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 38 रुपए बढ़कर सप्ताहांत पर 3,826 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 2,859.91 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत छह रुपए गिरकर 3,318.60 रुपए प्रति क्विंटल रह गई। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 111 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई। पाम ऑयल में 18 रुपए की गिरावट रही। मूंगफली तेल 85 रुपए और सोया तेल 21 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमखी तेल की कीमत 14 रुपए और वनस्पति की 28 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में 29 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 13 रुपए और मूंग दाल की 50 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल 11 रुपए और उड़द दाल 62 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव छह रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी के भाव में कमोबेश टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7859.91 रुपए, मसूर काली 8071.18 रुपए, मूंग दाल 10078.30 रुपए, उड़द दाल 10338.44 रुपए, तुअर दाल 10513.88 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2859.91 रुपए और चावल 3826 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4326.43 रुपए और गुड़ 5039.27 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17778.60 रुपए, मूंगफली तेल 17536.92 रुपए, सूरजमुखी तेल 15624.98 रुपए, सोया तेल 13751.96 रुपए, पाम ऑयल 12509.23 रुपए और वनस्पति 14476.94 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# आढ़ती-मुनीम किसानों का आठ करोड़ लेकर फरार

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश में पीलीभीत मंडी समिति से लगभग आठ करोड़ रुपए लेकर फरार आरोपी आढ़ती और उसके मुनीम के विरुद्ध पुलिस ने कानूनी कार्रवाई की है। शाहजहांपुर जनपद के दो पीड़ित किसानों की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। मंडी सचिव प्रवीण अवस्थी के अनुसार आढ़ती का लाइसेंस निलंबित किया जा चुका है। इस बीच आढ़ती संगठन ने भी उनकी सदस्यता समाप्त कर दी है।

शाहजहांपुर जिले के निगोही थाना क्षेत्र के ग्राम संडा खास निवासी संदीप कुमार और हरीश कुमार ने सुनगढ़ी पुलिस को संयुक्त दी। उन्होंने आरोप लगाया कि पीलीभीत की मंडी समिति में बालमुकुंद राममूर्ति आढ़त कृषि मंडी के आढ़ती प्रियांशु अग्रवाल (पुत्र सुरेंद्र कुमार अग्रवाल) और उनके मुनीम अरुण कुमार ने उनके धान की बिक्री का भुगतान नहीं किया। हरीश कुमार ने 7 अक्टूबर को 140 क्विंटल धान 1910 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बेचा था। इसी प्रकार संदीप कुमार ने 17 और 19 अक्टूबर को कुल 1280 क्विंटल धान उसी आढ़त पर बेचा था। इन दोनों किसानों को उनके धान की बिक्री का भुगतान नहीं मिला। भुगतान न मिलने पर किसानों ने आढ़ती से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। जब वे मंडी समिति पहुंचे, तो आढ़त पर ताला लगा मिला। पूछताछ करने पर उन्हें पता चला कि प्रियांशु और मुनीम अरुण कई किसानों के लगभग आठ करोड़ रुपए लेकर फरार हो गए हैं। उनके मोबाइल नंबर भी बंद आ रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सुनगढ़ी नरेश कुमार त्यागी ने मीडिया को बताया पुलिस ने दोनों किसानों की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। धोखधड़ी प्रकरण की विवेचना आसाम रोड चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रविंद्र बालियान को सौंपी गई है।

### दो वर्षीय बच्ची को दबोच ले गया भेड़िया, गांव में मचा हड़कंप

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के जनपद बहराइच के फखरपुर थाना क्षेत्रा के ग्राम पंचायत कंदौली में रविवार की सुबह भेड़िए ने एक बार फिर हमला कर दो वर्षीय बालिका को दबोच लिया और खेत की ओर भाग गया। घटना से पूरे गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल है। लगभग 20 दिन बाद हुई इस दूसरी घटना से ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया है।

# योगी ने नाव हादसे के पीड़ितों से की मुलाकात पुनर्वास व मुआवजे का दिया आश्वासन

**बहराइच।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को बहराइच जिले का दौरा किया और हाल ही में कौड़ियाला नदी में नाव पलटने से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। इस दु:खद हादसे में एक महिला की मौत हो गई थी, जबकि आठ लोग लापता हो गए थे। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों को हरसंभव सरकारी मदद का आश्वासन दिया, साथ ही उनके लिए पुनर्वास, आवास और मुआवजे की घोषणा भी की।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर करीब 2:50 बजे मिहींपुरवा तहसील पहुंचे। यहां उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से रेस्क्यू ऑपरेशन की विस्तृत जानकारी ली और नाव दुर्घटना स्थल का हवाई सर्वेक्षण भी किया। पीड़ित परिवारों से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें सांत्वना दी और एक बड़ी राहत की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गांव वालों के पुनर्वास की व्यवस्था की जाएगी। एक कॉलोनी बनाकर दी जाएगी। इनके लिए सभी प्रकार की सुविधाएं और बाजार उपलब्ध होंगे। इसके लिए जमीन लेकर इनके रहने की व्यवस्था की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि नाव हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के लिए जमीन, राशि और आवास की सुविधा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया अगले एक महीने में पूरी करने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने नाव हादसे में जान गंवाई है, उनके परिवार के प्रति हमारी संवेदना है। उनकी दु:ख की इस घड़ी में हम परिवार के साथ में हैं। उनकी सारी मदद सरकार करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने इस दौरान वन्य ग्रामों में रह रहे लोगों की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि अगर वन्य गांव या कोई ऐसी जगह है, जहां लोग घने जंगलों में रहने को मजबूर हैं। उन्हें वहां से विस्थापित कर सुरक्षित जगह पर रहने की व्यवस्था करेंगे। जिससे आनी वाली पीढ़ियां अपना सुरक्षित जीवन यापन कर सकेंगी। उन्होंने यह कहते हुए पीड़ित परिवारों के साथ खड़े रहने का विश्वास दिलाया कि इस दुख की घड़ी में सरकार और जनप्रतिनिधि पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# निखिल व चंचल ने की आत्महत्या

## मृतक युवक की मां ने युवती के परिजनों पर लगाया हत्या का सनसनीखेज आरोप







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** लक्खीवाला में प्रेमी युगल ने पेड़ में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। हालांकि मृतक निखिल के परिजनों ने उसकी प्रेमिका चंचल के परिजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार गंज मार्ग पर स्थित ग्राम लखपतनगर उर्फ लक्खीवाला के समीप नाभा फार्म है। इस फार्म में एक बाग है। जिसमें बीती देर शाम दो लाशें मौजूद होने की सूचना पुलिस को मिली थी। युवती की लाश नीचे पड़ी थी। उसके शरीर के एक हिस्से को जंगली जानवरों ने खा भी लिया था। लाश मिलते ही सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने दोनों लाशों को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस ने लाश की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लाश तीन से चार दिन पुरानी लग रही थी। मौके पर देख कर लग रहा था कि प्रेमी युगल ने आत्महत्या की होगी। इस बीच सूचना मिली कि ग्राम दारानगर गंज के युवक-युवती 28 अक्टूबर से रहस्यमय ढंग से गायब है। पुलिस ने गायब युवक-युवती के परिजनों को लाशों की शिनाख्त कराने के लिए जिला अस्पताल बुलाया। मोर्चरी में पहुंचते ही दोनों के परिजनों ने उनकी शिनाख्त निखिल व चंचल के तौर पर कर दी। दोनों के परिजन रोने लगे।

बताया जाता है कि दोनों ही परिवार आपस में पड़ौसी है। निखिल व चंचल के बीच पिछले लगभग डेढ़ साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। वह चोरी छिपे नहीं मिलते थे, बल्कि अपनी मोहब्बत का इजहार डंके की चोट पर करते थे। लेकिन दोनों ही परिवारों के सदस्यों को उनकी यह मोहब्बत पसंद नहीं थी। आयेदिन उनके बीच टकरार होती रहती थी। निखिल व चंचल पर इसका कोई असर नहीं पड़ता था। जैसे-जैसे वक्त बीतता गया, उनकी मोहब्बत परवान चढ़ती गई। निखिल का चंचल के घर आना-जाना था। चंचल के परिजन उसे कुछ नहीं कहते थे। उन्होंने उसे स्वीकार कर लिया था। अपनी बेटी की जिद के आगे वह हार गए थे।

बताया जाता है कि निखिल मजदूरी करता था। वह राज-मिस्त्री के साथ काम करता था। निखिल की मां लाडो का कहना है कि वह 28 अक्टूबर को लिंटर डालने के लिए नजीबाबाद गया था। लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटा। लाडो ने आरोप लगाया कि निखिल की हत्या की गई है। लेकिन मौके के हालात देख कर लग रहा था कि प्रेमी युगल ने आत्महत्या की है। बहरहाल पुलिस लाडो के आरोपों के मद्देनजर जांच कर रही है। जांच में पूरी सच्चाई सामने आ जाएगी। लेकिन प्रेमी युगल की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और चर्चाओं का बाजार भी गर्म है। सवाल यह उठ रहा है कि ऐसी क्या वजह हो गई थी, जो प्रेमी युगल के द्वारा आत्महत्या की गई। दोनों परिवारों के बीच न तो इस तरह का कोई टकराव था और न ही उनके परिजन प्रेमी युगल को मिलने से रोक रहे थे।

## एक नजर

### शहजाद को पांच वर्ष का कारावास

**बिजनौर।** न्यायालय स्पेशल पॉक्सो एक्ट ने किरतपुर के मौहल्ला शीशग्रान निवासी शहजाद पुत्र अजीम अहमद को धारा 10 पॉक्सो एक्ट एवं धारा 506 आईपीसी में पांच वर्ष के कठोर कारावास तथा 25 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। पांच जून 2023 को वादिनी ने थाना किरतपुर में तहरीर दी कि शहजाद पुत्र अजीम अहमद निवासी मौहल्ला शीशग्रान ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी।

### चोरी हुई दो गाय बरामद

**नजीबाबाद।** स्थानीय पुलिस ने एसपी सिटी के आदेश पर कार्यवाई करते हुए चोरी हुई दो गाय को पीड़ित की मदद से बरामद कर लिया। दो माह पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम हर्षवाड़ा निवासी मौहम्मद शाकिर अंसारी की दो गाय चोरी हो गई थी। पीड़ित ने जलालाबाद पुलिस चौकी पर तहरीर देकर चोरी की गायों को ढूंढने का काम शुरू कर दिया था। कुछ पता न चलने पर पीड़ित ने एसपी सिटी से चोरी गई गायों को बरामद कराने की गुहार लगाई थी। एसपी सिटी ने नजीबाबाद पुलिस को तत्काल चोरी गई गायों को बरामद करने के आदेश दिए थे। पुलिस ने पीड़ित के साथ एक गाय को कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम लकड़ा से तथा दूसरी गाय को नगीना देहात क्षेत्र के कुरैशी बिरादरी के एक व्यक्ति के यहां से बरामद कर लिया।

### पट्टे को लेकर आक्रोश भड़का



**अफजलगढ़।** ग्राम पंचायत जाब्तानगर में भारतीय किसान यूनियन सामाजिक की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव ज्ञानचंद प्रजापति ने की तथा संचालन अब्दुल बारी ने किया। ज्ञानचंद के 25 वर्ष पूर्व से चले आ रहे एक जमीन के पट्टे को लेकर वार्ता हुई। इस संबंध में धामपुर की उप जिलाधिकारी से भी वार्ता की गई। ज्ञानचंद प्रजापति ने कहा कि मैं अपने जमीन के पट्टे पर 25 साल से काबिज हूं। उन्होंने कहा कि मैंने ही अपने पट्टे की जमीन में यूकेलिप्टिस के पेड़ लगवाए थे और मैंने ही काट लिए हैं। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष भूदेव सिंह, नहटौर नगर अध्यक्ष अमजद, अहसान शाही, अफसर अली, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. इकरार, नत्थू सिंह, कोमल कुमार, हरि सिंह, शेर सिंह, पवन कुमार आदि काफी संख्या में भाकियू सामाजिक के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### छह जुगाड़ वाहनों के चालान

**बिजनौर।** यातायात पुलिस ने विशेष अभियान के अंतर्गत बाइकों को जुगाड़ बना कर उससे सामान ढोने वाले अवैध वाहनों एवं ई-रिक्शाओं के खिलाफ कार्यवाही की है। अभियान के दौरान 18 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। छह जुगाड़ वाहनों को सीज किया गया। जिन ई-रिक्शा चालकों के द्वारा सवारियों की जगह सामान ढोया जा रहा था, उनके खिलाफ की कार्यवाही की गई। इस तरह के सैकड़ों वाहन जनपद में मौजूद है। चोरी की बाइकों को काट कर उनसे जुगाड़ वाहन बनाया जा रहा है। इनसे सवारियां भी ले जाई जा रही है। सामान को लाने व ले जाने में भी इन वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# जैन फार्म में युवक का शव मिलने से हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली के जैन फार्म में आज देर शाम एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान हिमांशु (23 वर्ष) पुत्र करन सिंह, निवासी आदमपुर के रूप में हुई है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार हिमांशु आज दोपहर एक बजे घर से बाहर निकला था। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटा। इसी बीच जैन फार्म के पास बाग में युवक का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली।

### परिजनों में मचा कोहराम

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शिनाख्त कराने के प्रयास किया। बाद में युवक की पहचान हिमांशु के रूप में हुई।

पुलिस के अनुसार मृतक शराब पीने का आदी था। प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारण का पता चल सकेगा।

# विधायक डॉ. नीरज बोरा का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा का जनपद बिजनौर के नजीबाबाद आगमन पर अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जनपद बिजनौर के जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एड. के नेतृत्व में भारी संख्या में वैश्य समाज, व्यापारियों और महाकाल भक्त मंडल परिवार द्वारा फूलमालाओं के साथ जोरदार एवं भव्य स्वागत किया गया।

जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एड. एवं प्रधान जिला महामंत्री तुषार अग्रवाल के आवास पर जलपान की व्यवस्था की गई तथा उनके आवास पर कई संगठनों द्वारा डॉ. नीरज बोरा को फूल माला, अंग वस्त्र एवं भगवान की प्रतिमाएं भेंट कर स्वागत व सम्मान किया गया। इसके पश्चात डॉ. नीरज बोरा गीता भवन मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने सभी देवी देवताओं को नमन किया। पंडित भोला शंकर शास्त्री ने विधायक डॉ. नीरज बोरा को प्रसाद दिया।



अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जनपद बिजनौर परिवार ने विधायक डॉ. नीरज बोरा को जल्द ही कैबिनेट में महत्वपूर्ण स्थान देने की भी मांग की। इस अवसर पर प्रधान जिला महामंत्री तुषार अग्रवाल, युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, जिला संयोजक रोहित अग्रवाल, नगर अध्यक्ष तनु गोयल, सौरभ कुमार, देवेंद्र प्रजापति, ऋषभ, आकाश भटनागर, अमित चौहान, लक्ष्मण, विपिन अग्रवाल, अनिल कुमार सिंघल, शुभम अग्रवाल, विकल्प अग्रवाल, सागर आदि रहे।

# बिजनौर में गुंडागर्दी का नंगा नाच

## मामा व भांजे पर मदन मोहन के चौराहे पर जानलेवा हमला





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** दिन दहाड़े गुंडागर्दी का नंगा नाच करते हुए मदन मोहन के चौराहे पर गुंडों ने खारी के युवक को बेरहमी से पीटा। सरियों व धारदार हथियारों से उसके ऊपर हमला किया गया। वहां से गुजरने के दौरान पीड़ित को बचाने आए उसके मामा पर भी हमला बोलते हुए एप्पल का मोबाइल फोन तोड़ दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम खारी निवासी मौहम्मद जावेद अहमद पुत्र अली हसन निवासी ग्राम खारी अपने घर से मदन मोहन के चौराहे के समीप स्थित एक चिकित्सक के क्लीनिक पर दोपहर लगभग 12.40 बजे दवाई लेने के लिए आया था। इस दौरान वहां पर बाइक को हटाने को लेकर डॉ. ब्रजवीर के क्लीनिक के सामने मिंटू नामक युवक ने अपने साथियों के साथ मिल कर उसके ऊपर धारदार हथियारों व पाइप से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह जमीन पर गिर गया। इस दौरान उसके मामा नौशाद अहमद पुत्र रफीक अहमद वहां से जा रहे थे। उनसे भी जावेद ने सहायता मांगी, तो मिंटू व उसके साथियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। यह घटना वहां के सीसीटीवी कैमरे में कैद भी हो गई। मौहम्मद जावेद के द्वारा शहर कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि हमलावरों ने उसके मामा के पास मौजूद एप्पल कम्पनी का मोबाइल भी तोड़ दिया। हमलावर वहां से गुजर रहे लोगों को धमकाने लगे कि इनकी सहायता कोई नहीं करेगा। मौहम्मद जावेद ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कठोर कार्यवाही की मांग की है।

गौरतलब है कि जिस तरह से दिनदहाड़े आरोपियों के द्वारा हमला बोला गया और किसी ने भी पीड़ितों की मदद नहीं की, यह चिंताजनक स्थिति है। इस तरह से तो कोई भी कभी भी गुंडागर्दी करते हुए किसी के भी ऊपर हमला बोल सकता है। इस तरह की घटनाओं से माहौल खराब होता है। समाज के जिम्मेदार लोगों को सामने आना चाहिए और पुलिस को भी इस तरह की वारदात को अंजाम देने वालों के खिलाफ निष्पक्षता के साथ कठोर कार्यवाही करनी चाहिए। ताकि माहौल खराब होने से बचाया जा सके।

### चोर गौरव व रोहित अरेस्ट

**बिजनौर।** धामपुर थाने में ग्राम सुहागपुर निवासी टीकम सिंह पुत्र झंडू सिंह ने कल तहरीर दी थी कि अज्ञात अभियुक्तों के द्वारा उसकी बाइक संख्या यूपी 20 बीएल 8967 को चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 417/25 धारा 303 (2) बीएनएस में पंजीकृत किया था। इस मामले में पुलिस ने थाना बढ़ापुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम इनायतपुर निवासी गौरव पुत्र सुमेर सिंह एवं थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम नारायणवाला निवासी रोहित कुमार पुत्र रमेश सिंह को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी की गई बाइक भी बरामद की गई है।

### मौअज्जम बने व्यापार संगठन के नगर उपाध्यक्ष

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी की संस्तुति पर नवाब नजीबुद्दौला मार्केट के शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा ने स्टेशन रोड यंग कलेक्शन के स्वामी मौअज्जम खान को उनके प्रतिष्ठान पर नगर उपाध्यक्ष पद का प्रमाण पत्र उन्हें सौंपा। इनसे आशा व्यक्त की गई कि वह संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

# सहसपुर नगर पंचायत स्वच्छता अभियान में बना रही रिकार्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वैसे तो स्वच्छता अभियान में जनपद की सभी नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों के द्वारा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जा रहा है। लेकिन नगर पंचायत सहसपुर के द्वारा अभियान को सफलतापूर्वक चला कर नया रिकार्ड बनाया जा रहा है।





### ईओ दीपक कुमार व चेयरपर्सन पति अमजद अली के कुशल नेतृत्व में तेजी से हो रहे विकास कार्य

प्राप्त समाचार के अनुसार सहसपुर नगर पंचायत की गिनती प्रदेश की सबसे स्वच्छ व सुंदर नगर पंचायतों में होती है। सहसपुर नगर पंचायत क्षेत्र में जनसमस्याओं के समाधान के प्रति गंभीरता दिखाते हुए उनको प्राथमिकता दी जाती है। पूर्व की तुलना में सहपुर नगर पंचायत में रिकार्ड विकास कार्य हुए है। वर्तमान में भी विकास कार्य जारी है। लेकिन सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल स्वच्छता अभियान को भी नगर पंचायत सहसपुर में गंभीरता से लिया जा रहा है। चेयरपर्सन नाहिद परवीन, चेयपर्सन पति व समाजसेवी अमजद अली एवं युवा अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार के प्रयासों से नगर में स्वच्छता अभियान कामयाब स्थिति में है। जिसकी नागरिक भी तारीफ कर रहे है। हर गली मौहल्ले से कूड़ा उठाया जा रहा है और प्रतिदिन सफाई की जाती है। जिम्मेदार नागरिकों से भी इसमें सहयोग लिया जाता है। ताकि गंदगी न फैले।

दूसरी तरफ विकास कार्यों में भी सहसपुर नगर पंचायत का अपना रिकार्ड है। यहां पर गुणवत्तापूर्वक निर्माण कार्य कराए जा रहे है। मानक से कोई समझौता नहीं किया जाता है। जिसकी वजह से सड़के व नालियां नहीं टूटती है। नागरिकों का कहना है कि चेयरपर्सन नाहिद परवीन के नेतृत्व में नगर में रिकार्ड विकास कार्य हो रहे है।

# मॉडर्न एरा में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का समापन

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखाई दी ‘अनेकता में एकता’ की झलक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल में वार्षिक Annual Sports Meet बड़े उत्साह, उमंग और जोश के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्री कुणाल रस्तोगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय की डायरेक्टर प्राचार्या डॉ. सीमा विश्वास, विद्यालय प्रबंधक अनिल चौधरी, अध्यक्ष ठाकुर गजेन्द्र सिंह, नमन चौधरी, श्रीमती अनीता चौधरी, श्रीमती प्रभा ठाकुर उपस्थित रहे।





विद्यालय का खेल मैदान आकर्षक सजावट से सुसज्जित था। चारों ओर गुब्बारे, सूरजमुखी के फूल, मोर की आकृतियाँ एवं भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक प्रतिमा सभी का ध्यान आकर्षित कर रही थीं। मुख्य द्वार से लेकर खेल मैदान तक उल्लास और उत्साह का अद्भुत माहौल था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं डायरेक्टर प्राचार्या डॉ. सीमा विश्वास, विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। तत्पश्चात रंग-बिरंगे गुब्बारे एवं शांति और समृद्धि के प्रतीक सफेद कबूतरों को उड़ाकर खेलकूद समारोह का औपचारिक शुभारंभ किया गया। हेड बॉय मुनेंद्र सिंह ने घोड़े पर सवार होकर शक्ति एवं साहस का परिचय दिया। वहीं अजन्ता, नालंदा, तक्षशिला एवं उज्जैन हाउस के विद्यार्थियों ने बाइक राइड के माध्यम से अपने-अपने हाउस का ध्वज लहराया। स्कूल बैंड एवं एसपीसीएस की टुकड़ियों ने अनुशासनपूर्वक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, जो सभी के लिए प्रेरणादायक रहा।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ‘अने. कता में एकता’ की झलक दिखाई दी। गणेश वंदना, दुर्गा स्तुति, कृष्ण स्तुति, शिव स्तुति, योग, वेलकम ड्रिल और वंदे मातरम् जैसी मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के टॉपर्स, जिला टॉपर्स और 90% से अधिक अंक एग्रीगेट में प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। 95% से ऊपर अंक प्राप्त करने वालों को रुपए 10,000 व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया तथा 90% से 95% अंक प्राप्त करने वालों को रुपए 5,000 व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

विद्यालय की छात्रा ख्याति चौधरी, वैष्णवी शर्मा, आकृति और श्रेया को सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी होने के नाते अपने देश का नाम और अपने विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए सम्मानित किया गया। मनिंदर सिंह एवं रणदीप कौर को ऑल राउंडर, बेस्ट स्पीकर, वेल डिसिप्लिन स्टूडेंट के रूप में तथा केशव एवं आयत नाज को बेस्ट स्पीकर के रूप में प्रोत्साहित किया गया।

विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन में नालंदा हाउस को सर्वश्रेष्ठ हाउस का खिताब प्राप्त हुआ, जबकि अजन्ता हाउस द्वितीय स्थान पर रहा।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक अनिल चौधरी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय की सफलता में सभी के परिश्रम और सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी खेल और शिक्षा दोनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# मंडावर में शातिर बाइक चोर अजय व रितिक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मंडावर पुलिस ने शातिर बाइक चोर अजय व रितिक को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उनके साथी आदित्य व लिटिल मौके से फरार हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना मंडावर में ग्राम दयालवाला निवासी बंटी पुत्र घसीटा ने 12 जुलाई को तहरीर दी थी कि अज्ञात अभियुक्तों ने बाइक संख्या यूपी 12वी 5394 एवं यूपी 20 एएफ 0988 को चोरी कर लिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 145/2025 धारा 303 (2) बीएनएस में पंजीकृत किया था। इसके अलावा 12 जुलाई को ही मौहम्मद नासिर पुत्र मौहम्मद नाजिम निवासी मौहल्ला कस्साबान ने भी थाना मंडावर में तहरीर दी थी कि अज्ञात अभियुक्तों ने बाइक संख्या यूपी 20 बीयू 8269 व एचआर 26 बीएल 1124 को चोरी कर लिया है। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 146/2025 धारा 303(2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस के द्वारा चोरी की गई चोरों बाइकों को बिना रिम व टायर के 12 जुलाई 2025 को ही बरामद कर लिया गया था। पुलिस ने आज इस मामले में थाना मंडावर के ग्राम लक्खूवाला निवासी अजय पुत्र जगदीश एवं रितिक उर्फ माना पुत्र अशोक को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से चोरी की दो बाइकों के चार टायर बरामद किए गए है। जबकि ग्राम लक्खूवाला का आदित्य पुत्र रामपाल एवं ग्राम कम्भौर का लिटिल फरार हो गया है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

### आदित्य व लिटिल मौके से फरार

### मंडावर में दो बुलेट सीज

**बिजनौर।** मंडावर पुलिस ने स्टंटबाजी करने पर दो बुलेट सीज की है। बताया जाता है कि बुलेट संख्या एचआर 51बीई 8361 का चालक अनस पुत्र इजहार निवासी ग्राम ईनामपुरा एवं बुलेट संख्या सीएच 01 बीडब्ल्यू 6632 का चालक अब्दुल्ला पुत्र अय्यूब निवासी सैक्टर 29बी, चंडीगढ़ सड़क पर स्टंटबाजी कर रहे थे। इनके द्वारा बिजनौर रोड पर स्टंटबाजी करते हुए पटाखें छोड़ते हुए रेस की जा रही थी। पुलिस ने दोनों बुलेट को सीज कर दिया है।

# टाइगर को पकड़ने की मांग



## भाकियू की बैठक में रखा मुद्दा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भाकियू टिकैत ने किसानों की जान को खतरा देखते हुए टाइगर को पकड़ने की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना रेहड़ क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम इमरतपुर में टाइगर को पकड़ने लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान ने की तथा संचालन डॉ. राजपाल ने किया। बैठक में टाइगर को वन विभाग के द्वारा पकड़वाने के लिए गंभीरता से चर्चा की गई। डीएफओ से सकारात्मक वार्ता हुई। शैलेंद्र चौहान ने डीएफओ से कहा कि किसान अपने खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं। टाइगर की वजह से किसान खौफजदा हैं। यह बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा यह टाइगर कभी भी किसी की जान ले सकता है। उन्होंने डीएफओ से कहा कि ग्राम इमरतपुर में जल्द ही टाइगर को पकड़ कर जंगल में छोड़ा जाए, ताकि ग्रामीण राहत की सांस ले सकें। ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा यदि टाइगर की समस्या जल्द नहीं सुलझाई गई, तो संगठन धरना प्रदर्शन करने पर गंभीरता से विचार विमर्श करेगा।

इस मौके पर रमेश चंद्र शेखावत, शकील कुरैशी, राणा सैनी, दीपक सिरोही, बाबू सिंह, छत्रपाल सिंह, डॉ. राजपाल सिंह, कोमल सिंह, योगेश कुमार, राजेश सिंह, नसीम अहमद, शरीफ अहमद आदि मौजूद थे।

# दो स्कूटी की आमने-सामने की भिड़ंत में तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** गांव कुंडा बागेन स्थित हल्दौर-नहटौर हाईवे पर दो स्कूटी की आमने-सामने भिड़ंत में दो महिलाओं समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी हल्दौर में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो को बिजनौर रैफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार थाना शेरकोट क्षेत्र के गांव छीपरी शहजादपुर निवासी रुबी नहटौर निवासी अपनी बहन संध्या के साथ स्कूटी पर सवार होकर छाछरी मोड़ की ओर जा रही थी। इसी दौरान गांव नसीरपुर निवासी नौबहार सिंह अपनी स्कूटी पर चावल के कट्टे लेकर घर जा रहा था। बताया जाता है कि कुंडा बागेन गांव के समीप दोनों स्कूटी आमने-सामने टकरा गईं। हादसे में रुबी, संध्या और नौबहार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दौर पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रुबी और संध्या की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें बिजनौर जिला अस्पताल रैफर कर दिया। पुलिस दुर्घटना की जांच में जुटी हुई है।

## एक नजर

### मिलेनियम में विज्ञान प्रदर्शनी



**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय की चेयरमैन श्रीमती मीना सिंह एवं प्रधानाचार्य अजय कुमार ने इसका उद्घाटन किया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम व कोऑर्डिनेटर शालिनी चौहान ने किया। प्रदर्शनी में कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के छात्र एवं छात्राओं ने भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान व गणित के प्रोजेक्ट बनाएं। प्रदर्शनी में जल विद्युत, पवन चक्की, घूर्णनशील सौर मंडल, स्मार्ट खेती, स्मार्ट फार्मिंग, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, जेसीबी आदि मॉडलों के माध्यम से छात्र एवं छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट दिखाएं। विद्यालय की चौयरमैन ने अश्मी, वंशिका, मुस्कान, अजरा कक्षा 11वीं, सादिका कक्षा 10वीं, अलीना मिर्जा कक्षा 12वीं, हर्षित कक्षा 7वीं, समायरा, अलिश्बा, आलिया, मुस्कान, फैजी, संध्या, अफीफा की प्रदर्शनी की प्रशंसा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में सत्येंद्र कुमार, विनोद कुमार, कुशल पाल सिंह, गुफरान अहमद, शारिक अली खान, शिल्पी चौधरी, वैशाली कश्यप, सतीश कुमार आदि। सभी छात्र एवं छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### झांकी के साथ निकाली रैली



**कालागढ़।** सैंट मेरिस चर्च भिक्कावाला में माता मरियम का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चर्च में प्रार्थना की गई। झांकी के साथ विशाल रैली निकाली गई। ईसाई समुदाय के लोगों ने माता मरियम के लिए प्रार्थना की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर फादर बाबू, ऐसिपॉल फादर फिलिप आदि मौजूद थे।

### गढ़ी मेले में पुलिस की गश्त



**सहसपुर।** ग्राम गढ़ी में हर साल की तरह लगने वाले मेल का उद्घाटन गुड्डू खान ने किया। इस मेले में अधिकतर घूमने वाले व खरीदारी करने वाले सहसपुर के होते हैं। वहीं दूसरी और शादियों के सीजन की अधिकतर खरीदारी महिलाएं इसी मेल से करती है।

### वीर जवान का भव्य स्वागत



**नजीबाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर की विजयश्री के उपरांत पहली बार गृहनगर पहुंचे वीर जवान का भव्य स्वागत किया गया। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा क्षेत्र में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की गोलीबारी का डटकर सामना कर देश का नाम रोशन करने वाले बीएसएफ के उप निरीक्षक अशोक कुमार का अपने अवकाश के दौरान पैतृक ग्राम धनौरा पहुंचने पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की ओर से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. राजीव अरोड़ा, जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ, अर्चित अग्रवाल, रईस कुरैशी, पंकज वर्मा, दानिश अंसारी, धीरज झा, मौहम्मद आसिफ, मोनू टाटा, मौहम्मद असलम, दानिश सैफी, नदीम फारुकी आदि पदाधिकारियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने फूलमालाएं पहनाकर वीर जवान का अभिनंदन किया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि अशोक कुमार जैसे वीर सपूतों की बदौलत देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। उनका साहस और देशभक्ति हम सबके लिए प्रेरणास्रोत है।

### कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियां तेज



**नगीना।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम तिगरी मनकावाला में लगने वाले गंगा मेले की तैयारियों का जायजा लिया गया। नगीना क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी व थाना प्रभारी अवनीत मान ने पुलिस टीम के साथ मेला स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मेला स्थल, मार्गों और पार्किंग स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया।

### भारतीय किसान संघ का धरने को समर्थन



**बिजनौर।** भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने हेमराज कॉलोनी अंडरपास के लिए चल रहे धरनास्थल पर पहुंचकर सैकड़ों की संख्या में हुंकार भरी और कहा कि हेमराज कॉलोनी अंडरपास बहुत जरूरी है, इससे दर्जनों गांवों को लाभ मिलेगा। धरने में भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन जिला मंत्री सुरेश कुमार ने किया। भारतीय किसान संघ के प्रदेश संगठन मंत्री शशिकांत, प्रांत अध्यक्ष संजीव चौधरी, जिला अध्यक्ष राजकुमार, प्रांत संगठन मंत्री सुनील कुमार ब्लॉक अध्यक्ष रूपिंदर सिंह, ब्लॉक मंत्री सचिन चौधरी इत्यादि की उपस्थिति रही।

# परवेज आदिल बने राष्ट्रीय पत्रकार परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** राष्ट्रीय पत्रकार परिषद की एक बैठक गन्ना समिति रोड पर सुपर मार्केट पर संपन्न हुई। बैठक में संगठन के अध्यक्ष प्रदीप जैन के आदेश पर तथा सभी कार्यकर्ताओं की संस्तुति पर परवेज आदिल माही को कार्यवाहक अध्यक्ष चुना गया तथा सभी सदस्यों ने परवेज आदिल माही का फूल मालाओं से स्वागत किया।

राष्ट्रीय पत्रकार परिषद की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से परवेज आदिल माही को संगठन का कार्यवाहक अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर परवेज आदिल ने कहा कि वो सभी पत्रकारों को साथ लेकर चलेंगे तथा हर महीने संगठन की बैठक आयोजित की जाएगी। इसके अलावा संगठन को और अधिक सक्रिय किया जाएगा। राष्ट्रीय पत्रकार परिषद के संरक्षक अरशद प्रिंस की अध्यक्षता तथा मुनीर आलम के संचालन में आयोजित बैठक में मनीष राणा एडवोकेट, गौरव गोयल, नौशाद अंसारी, शेख नगीनवी, यासीन सोनी, खालिद नोमानी, आफताब अंसारी, चिंतन राजपूत, डॉक्टर आलमगीर काजमी, अरशद प्रिंस आदि उपस्थित रहे।

# आयकर विभाग को अब तक नहीं मिला कोई बड़ा फॉल्ट?

## 'ऑपरेशन शुगर' पांचवे दिन भी जारी, फाइलों के बंडल दिल्ली रवाना होने को तैयार!



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एशिया की सबसे बड़ी बताई जाने वाली धामपुर शुगर मिल पर आयकर विभाग की कार्रवाई लगातार पांचवे दिन भी जारी रही। विभाग की टीम पिछले पांच दिनों से यानी करीब 100 घंटे से अधिक समय से मिल परिसर में डेरा डाले हुए है। अब यह कार्रवाई अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है और माना जा रहा है कि अगले कुछ घंटों में टीम दिल्ली के लिए रवाना हो सकती है।

रविवार को भी पूरे दिन मिल परिसर में आयकर विभाग की गाड़ियों की आवाजाही तेज रही। कई बार दर्जनों गाड़ियां अंदर जाती और फिर बाहर निकलती देखी गईं। हालांकि इन गाड़ियों में क्या दस्तावेज या अधिकारी मौजूद थे, इसको लेकर विभाग की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी जारी नहीं की गई है।

सूत्रों के अनुसार विभाग की टीम ने अब तक मिल प्रबंधन के लगभग सभी वित्तीय दस्तावेज, लैपटॉप, कंप्यूटर, हार्ड डिस्क और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य अपने कब्जे में ले लिए हैं। बताया जा रहा है कि धामपुर शुगर मिल के अधिकारियों के मोबाइल फोन भी जब्त हैं और सभी स्विच ऑफ हैं, जिससे बाहरी संपर्क पूरी तरह से बंद हो गया है। मिल प्रबंधन की ओर से सभी जरूरी रिकॉर्ड और पासवर्ड आयकर विभाग को सौंप दिए गए हैं, जिसके बाद विभाग ने कई फाइलों के बंडल तैयार कर लिए हैं। ये दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य दिल्ली ले जाकर बारीकी से जांचे जाएंगे।

इसी बीच, मीरगंज स्थित धामपुर ऑर्गेनिक्स लिमिटेड में भी आयकर विभाग की टीम ने बंद पड़े कार्यालय का ताला तोड़कर कई अहम दस्तावेज बरामद किए। हालांकि, धामपुर शुगर मिल परिसर में ऐसी कोई तोड़फोड़ या जब्ती की कार्रवाई नहीं की गई है। विभाग की टीमें पूरी प्रक्रिया को दस्तावेजी और इलेक्ट्रॉनिक जांच पर केंद्रित रखे हुए हैं। लगातार पांच दिनों से जारी इस हाई-प्रोफाइल कार्रवाई के बावजूद, अब तक किसी बड़ी वित्तीय अनियमितता के प्रमाण नहीं मिले हैं। हालांकि, विभाग के सूत्रों का कहना है कि दिल्ली ले जाए जा रहे दस्तावेजों और डिजिटल डेटा में प्रारंभिक जांच में कोई बड़ा फाल्ट नहीं मिला है।

जांच एजेंसियां इस डेटा की गहराई से जांच करने की तैयारी में हैं। इस पूरी कार्रवाई को लेकर धामपुर और आसपास के इलाकों में चर्चा का माहौल बना हुआ है। शुगर मिल क्षेत्र के बाहर सुबह से देर शाम तक माहौल गर्म है। स्थानीय निवासियों में यह जानने की उत्सुकता है कि आखिर इतने लंबे समय तक चलने वाली कार्रवाई में क्या निकल कर आया है। वहीं मिल कर्मचारियों में बेचैनी और असमंजस का माहौल है।

29 अक्टूबर को शुरू हुई यह कार्रवाई अब तक की सबसे लंबी आयकर जांच मानी जा रही है। अधिकारियों के मोबाइल जब्त किए जा चुके हैं, सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सील कर दिए गए हैं, कई फाइलें और दस्तावेज तैयार कर लिए गए हैं जिन्हें दिल्ली मुख्यालय ले जाया जाएगा।

# करवां फाउंडेशन ने वितरित किए कम्बल

## जरूरतमंदों को मिला सर्दी से राहत का सहारा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** करवां फाउंडेशन के तत्वावधान में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष इसरार अहमद अंसारी ने की जबकि संचालन राष्ट्रीय महासचिव इमरान अली अंसारी ने किया।

कार्यक्रम के तहत मदरसा अनवारुल उलूम और मदरसा तालीमुल कुरान के बच्चों सहित बस्ती के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य ठंड के मौसम में बेसहारा एवं गरीब परिवारों को राहत पहुंचाना था। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश करवां फाउंडेशन की नई पद नियुक्तियां भी की गईं। सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र एवं पहचान पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश अध्यक्ष हसीनुद्दीन, प्रदेश सचिव डा. रईस, जिला बिजनौर अध्यक्ष इकरामुद्दीन अंसारी, मुरादाबाद जिला अध्यक्ष सलमान चौधरी, नूरपुर अध्यक्ष नदीम सलमानी, पित्थापुर अध्यक्ष आबिद हुसैन, मौ. जावेद अंसारी, डा. मौ. नाजिम, वसीम अहमद, निजामुद्दीन अंसारी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अखिलेश का एहसान दानिश अख्तर को जीत दिला कर उतारेंगे : मुनव्वर अली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व जिला महासचिव मुनव्वर अली ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो अहसान जनपद बिजनौर के निवासी हाजी दानिश अख्तर को प्रत्याशी बनाकर किया है, उस एहसान का बदला जनपद बिजनौर के निवासियों को हाजी दानिश को चुनाव भारी मतों से जिताकर एमएलसी बनाकर उतारने का काम करना चाहिए।

श्री अली ने कहा कि अखिलेश यादव ने दिखा दिया है कि वह भी स्व. मुलायम सिंह यादव की तरह जनपद बिजनौर को प्यार करते हैं, जिस तरीके से नेताजी को जनपद बिजनौर से विशेष लगाव था, इसी प्रकार से अखिलेश यादव को भी बिजनौर से विशेष लगाव है। अखिलेश चाहते हैं कि जनपद बिजनौर का निवासी व खास करके मुस्लिम समुदाय का एमएलसी बने। इसलिए उन्होंने जन भावनाओं को ध्यान रखते हुए पीडीए की नीति को पूर्ण करने को हाजी दानिश अख्तर को प्रत्याशी बनाया है। मुनव्वर अली ने समाज के शिक्षक से अनुरोध किया है कि वह जाति धर्म से ऊपर उठकर जनपद बिजनौर के वासी हाजी दानिश को वोट देकर कामयाब बनाएं।

सपा के प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह अपने वोटरों के पास जाकर उन्हें वोट के लिए जागरूक करे शिक्षक व शिक्षा के विकास के लिए हाजी दानिश अली की जीत सर्वसमाज को उन्नति की ओर अग्रसर करेंगी।

# समाधान दिवस में आई 123 शिकायतें

## तीन का मौके पर निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तहसील परिसर स्थित सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें कुल 123 शिकायतें दर्ज हुई। जिनमें से केवल पांच का मौके पर निस्तारण हो सका।

बिजनौर से पहुंची एडीएम वित्त व राजस्व वान्या सिंह, एसडीएम स्मृति मिश्रा, सीओ धामपुर अजय पांडेय, धामपुर वन रेंजर शशांक गुप्ता, तहसीलदार धनराज सिंह व नायब तहसीलदार कपिल आजाद आदि ने जनसमस्याएं सुनीं। कुल 123 शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें से पांच का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, शेष 118 शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द निस्तारण के लिए सौंप दिया गया। शिकायतों में सबसे अधिक राजस्व विभाग की 60 शिकायतें रहीं। इसके अलावा पुलिस की 32, विकास कार्यो की 12, नगर पालिका व गन्ना विभाग की तीन-तीन, विद्युत विभाग व खाद्य एवं रसद की चार-चार, विनयमित क्षेत्र की दो और लोक निर्माण विभाग, पंचायती राज व चकबंदी की एक-एक शिकायत दर्ज की गई।

# आसपा ने मिशन 2027 की तैयारी तेज की




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आजाद समाज पार्टी के कार्यालय पर मिशन 2027 को लेकर क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नगीना सांसद एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद जिस तरह से लोकसभा में क्षेत्र के मुद्दे मजबूती से उठा रहे हैं। गरीबों, मजलूमों, दलितों, मुसलमानों व ओबीसी पर हो रहे जुल्म के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं, वह सराहनीय है।

वक्ताओं ने 2027 में सभी से एकजुट होकर चन्द्रशेखर आजाद के हाथों को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने विश्वास जताया कि अगर पार्टी नजीबाबाद से खुर्शीद मंसूरी को चुनाव लड़ने का मौका देती है, तो जनता उन्हें विधानसभा तक पहुंचाने का काम करेगी ताकि क्षेत्र की आवाज बुलंद हो तथा विकास को नई दिशा मिले।

रईसुद्दीन की सदारत एवं इमरान मंसूरी की निजामत में आयोजित बैठक में मौलाना अनबारूल हक, रईस अहमद, असलम इरफान, प्रधान जोगीरम्पुरी, नाजिम, जाफर, रफीक, मुकीम, जमील, रहमान, कासिम आदि मौजूद रहे।

# श्रीमद भागवत कथा के पूर्व निकाली विशाल कलश यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** लाइन पार नई बस्ती आजाद कालोनी स्थित श्री हनुमंत धाम मंदिर में सात दिवसीय 3 से 9 नवंबर तक होने वाली श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा आज दोपहर ढोल-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा बड़ा मंदिर मुक्तेश्वर नाथ से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई नई बस्ती आजाद कॉलोनी स्थित श्री हनुमान धाम मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में मंदिर प्रबंधक संजय शर्मा, दीपा शर्मा व नीरज शर्मा के नेतृत्व में सरिता सैनी, गीता रानी, दिव्यांशु सैनी, राहुल सैनी, अंजू सैनी, लक्ष्मी देवी, मांगना देवी, सर्वेश चौहान, पुष्पा शर्मा, कामिनी सैनी, राजकुमार प्रधान, अभिषेक शर्मा, जानवी शर्मा, गीता सैनी आदि बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी तथा एक सुसज्जित वाहन पर कथा व्यास उमेश दुबे महाराज सवार रहे।

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में स्त्री पुरुष श्रद्धालु शामिल रहे।

# सीओ ने प्रतियोगिता के विजेता किए सम्मानित

## नए कानून की जानकारी दी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** सेंट मैरिज इंटर कॉलेज मंडावली में पुलिस के द्वारा एक सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के 11 जी व 12 जी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। दस-दस बच्चों के चार ग्रुप बनाए गए।

पुलिस के द्वारा नए कानून में बदलाव, यातायात पुलिस, महिला सशक्तिकरण से संबंधित सवाल मालूम किए गए। बच्चों से 40 सवाल मालूम किए गए। जिसमें से बच्चों ने 36 सवालों के जवाब दिए। प्रतियोगिता में सवालों के सही जवाब देने पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले ग्रुप के छात्र-छात्राओं को सीओ नितेश प्रताप सिंह के द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सीओ ने बच्चों को महिला हेल्पलाइन नंबर, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर, नए कानून में बदलाव, पुलिस विभाग में पदों आदि की जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन आलोक त्यागी ने किया, थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र सिंह, एसएसआई योगेंद्र सिंह, महिला कांस्टेबल स्वाति प्रजापति, प्रधानाचार्य सिस्टर शीबा अगस्टी, शिक्षक द्विजेंद्र त्यागी, गजे सिंह, मुकुल राठी, कॉलेज व पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। प्रतियोगिता में सवालों के सही जवाब देने पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले ग्रुप के छात्र-छात्राओं को सीओ नितेश प्रताप सिंह के द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सीओ ने बच्चों को महिला हेल्पलाइन नंबर, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर, नए कानून में बदलाव, पुलिस विभाग में पदों आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन आलोक त्यागी ने किया, थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र सिंह, एसएसआई योगेंद्र सिंह, महिला कांस्टेबल स्वाति प्रजापति, प्रधानाचार्य सिस्टर शीबा अगस्टी, शिक्षक द्विजेंद्र त्यागी, गजे सिंह, मुकुल राठी, कॉलेज व पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर पैजनिया मार्ग पर गांव मीमला मुस्तफाबाद में ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद फरार हुए ट्रैक्टर ट्राली का पता लगाने के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के गांव रामपुर बीडार निवासी नकुल (19 वर्ष) पुत्र धर्मपाल सिंह रविवार की प्रात: नहटौर किसी कार्य से आया था। काम को निपटाने के बाद वह करीब 12 बजे बाइक द्वारा अपने घर वापस जा रहा था। बताया जाता है कि नहटौर-पैजानिया मार्ग स्थित ग्राम मीमला मुस्तफाबाद के पास ट्रैक्टर ट्राली से उसकी बाईक टकरा गई, जिससे नकुल की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद ट्रैक्टर ट्राली चालक ट्रैक्टर ट्राली को लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नकुल के शव को नहटौर सीएचसी ले आई। नकुल की मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन सीएचसी नहटौर पहुंचे, जिनका रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। पुलिस ने नकुल के शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है। बताया जाता है नकुल ने हेलमेट नहीं लगा रखा था। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

# दरगाह परिसर के सौंदर्यकरण का लोकार्पण

## विधायक मनोज पारस का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** विधायक नगीना एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री मनोज पारस ने किरतपुर क्षेत्र की सम्मानित जनता से किया गया अपना एक और वादा पूरा कर दिखाया। जनसेवा और क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए विधायक मनोज पारस ने 50 लाख रुपए की लागत से किरतपुर स्थित दरगाह जनाब हजरत दादा गुलाम मोहीयुद्दीन मियां साहब के तीन दिवसीय उर्स मुबारक के मौके पर दरगाह परिसर के सौंदर्यकरण कार्य का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में विधायक ने फीता काटकर इस बहुप्रतीक्षित कार्य का उद्घाटन किया। दरगाह परिसर में हुए इस भव्य कार्यक्रम में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। दरगाह कमेटी के सैय्यद मुकरम शाह चिश्ती साबरी (सज्जादा नशीन), सैय्यद इमरान शाह चिश्ती साबरी (खादिम-ए-दरगाह) एवं कमेटी के अन्य सदस्यों ने विधायक मनोज पारस सहित उनके साथ आए सभी कार्यकर्ताओं का पगड़ी बांधकर और फूलमालाओं से स्वागत किया।

विधायक मनोज पारस ने कहा कि किरतपुर की जनता ने हमेशा मुझे अपार प्रेम और आशीर्वाद दिया है। क्षेत्र के विकास और धार्मिक स्थलों के सम्मान व सौंदर्यकरण के लिए मेरी पूरी कोशिश जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि दरगाह हजरत दादा गुलाम मोहीयुद्दीन मियां साहब आस्था का केंद्र है और इसके सौंदर्यकरण से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में विधायक के साथ उनके छोटे भाई पुरुषोत्तम कुमार उर्फ बब्बी, किरतपुर चेयरमैन अब्दुल मन्नान, समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा, नगीना विधानसभा अध्यक्ष शेख मौहम्मद जाहिद, नगर अध्यक्ष शब्बन जुनैदी, वरिष्ठ पत्रकार मौहम्मद मेहरबान (अध्यक्ष, मीडिया क्लब रजि. किरतपुर) दिलशाद अल्वी, परवेज शरीफ, साबिर, मौहम्मद शादान सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार, और श्रद्धालु मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने विधायक मनोज पारस की जनहितैषी सोच और विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में धार्मिक, सामाजिक एवं स्कूलों और बुनियादी ढांचे के कार्यों में लगातार प्रगति हो रही है। कार्यक्रम में किरतपुर सहित आस-पास के जनपदों से बड़ी संख्या में जायरीन शरीक हुए और दरगाह पर चादरपोशी कर अमन, भाईचारे और तरक्की की दुआएँ मांगीं।

## एक नजर

### प्रतियोगिता में मिस्बाह परवीन प्रथम

**नजीबाबाद।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान 2025 के तहत आयोजित प्रतियोगिता में मिस्बाह परवीन उच्च प्राथमिक विद्यालय दहीरपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसका जनपद स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयन किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा मिस्बाह परवीन तथा ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 200 व 400 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कैफिया मुश्ताक को सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान मौ. राशिद ने उक्त छात्राओं को पांच-पांच सौ रुपये का नकद इनाम भेंट किया। मुख्य अध्यापक इकबाल अहमद ने कहा कि अभिभावक को अपनी बेटियों को बेटों की तरह तालीम के बराबर अवसर देने चाहिए। सहायक अध्यापक अमित कुमार ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। ग्राम प्रधान मौ. राशिद ने कहा कि सभी बच्चों को कठिन मेहनत कर अपने विद्यालय, ग्राम व परिवार का नाम रोशन करना चाहिए। कार्यक्रम में शशिकांत शर्मा, अरूण कुमार, पुष्पा रानी, मौहम्मद आदिल, अब्दुल मजीद, इब्राहीम, मकसूद आकिल आदि मौजूद रहे।

### शिव मंदिर से निकली प्रभात फेरी



**धामपुर।** सनातन धर्म सभा पंजाबी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी का नगर में स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा कर एवं मिष्ठान वितरित कर स्वागत किया गया। शिव मंदिर से प्रात: प्रभात फेरी निकाली जिसे नगर परिक्रमा करते हुए रोडवेज बस स्टैंड पर चेतराम सैनी परिवार के द्वारा स्वागत किया गया। प्रभात फेरी का पुष्प वर्षा कर एवं मिष्ठान वितरित कर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में चेतराम सैनी, अजय सैनी, हरिश्चंद्र सैनी, बलराम सैनी, महेंद्र सैनी, धीरज सैनी, बाबूराम, मीनाक्षी देवी, कुमकुम देवी आदि शामिल रहे। प्रभात फेरी में जितेंद्र मोहन कपूर, डीके सलूजा, पंडित अश्वनी शर्मा, जगदीश अरोड़ा, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, निखिल अरोड़ा, पूनम सचदेवा, निर्मल दुआ, बबीता छाबड़ा, सुनीता, अनीता, मुस्कान आदि शामिल रहे।

### बंगाली कॉलोनी में स्वास्थ्य शिविर

**बिजनौर।** सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवा बिजनौर प्रभाग द्वारा दुर्गा मंदिर प्रांगण चंदपुरा बंगाली कॉलोनी में आज नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वामी भक्ति वेदांत नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. (मेजर) अभिनव सिंह के संयोजन में आयोजित इस शिविर में 100 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। खुद डॉ. अभिनव सिंह ने नेत्र रोगियों का परीक्षण किया। इनके अलावा जनरल फिजिशियन डॉ. शैलेन्द्र, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु राठी, आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सक डॉ. इला चौधरी ने भी रोगियों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया।

### बिलाई मिल में पेराई सत्र का शुभारंभ



**हल्दौर।** बिलाई चीनी मिल परिसर में रविवार को नए पेराई सत्र का शुभारंभ विधिवत वैदिक अनुष्ठान के साथ किया गया। पंडित नरेश चंद्र शास्त्री ने मुख्य यजमान यूनिट हेड विजयवीर सिंह के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण करते हुए हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कीं और आगामी सत्र की सफलता की कामना की। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान गांव हसनपुर जट निवासी किसान फत्तू सिंह ने परंपरागत बैल-बुग्गी से गन्ना लेकर मिल गेट के कांटे पर पहला तौल कराया। उन्हें मिल प्रशासन की ओर से उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश, यूनिट हेड विजयवीर सिंह, सीनियर गन्ना महाप्रबंधक राहुल चौधरी, कारखाना प्रबंधन अधिकारी संजय गोयल सहित अन्य पदाधिकारियों ने चीनी मिल की चैन में गन्ना डालकर नवीन पेराई सत्र का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर हल्दौर ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र सिंह, जीएम (प्रोडक्शन) पंकज अग्रवाल, एडिशनल जीएम (इंजीनियरिंग) गोपाल कुमार, अनूज शर्मा, कपिल त्यागी, भाकियू (अराजनैतिक) के वरिष्ठ नेता हुकुम सिंह, राजपाल भगत होशराम सिह राजकुमार सिह दुष्यंत प्रधान क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मिल परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल रहा।

### मामूली बात पर दुकान में घुसकर पीटा




**नहटौर।** मौहल्ला झील कॉलोनी में महेश मेहता की गारमेंट्स की दुकान है। बताया जाता है कि रविवार की दोपहर के समय गारमेंट्स दुकान के पास ही रास्ते में बाइक खड़ी हुई थी। जिस पर महेश मेहता ने वहां से बाईक हटाने की बात कही की। इस दौरान मामूली नोकझोंक हो गई। इसके बाद महेश मेहता वहां से चले गए। कुछ देर बाद करीब आधा दर्जन युवक महेश मेहत्ता की दुकान में घुस गए। दुकान में मौजूद महेश मेहता के पुत्र यतिन मेहता के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें आधा दर्जन युवक दुकानदार के पुत्र के साथ मारपीट करते हुए नजर आ रहे हैं। महेश मेहता की ओर से पुलिस से शिकायत की गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है और आरोपियों की पहचान का प्रयास कर रही है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# वीरा परिवार ने कुँवर सत्यवीरा की पुण्यतिथि मनाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला बिजनौर की पावन धरती पर जन्मे महान शिक्षाविद् एवं पूर्व राज्यमंत्री श्रद्धेय स्व. कुँवर सत्यवीरा की 22वीं पुण्यतिथि कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के विशाल परिसर में आज बड़े ही श्रद्धा- भाव से मनाई गई।

इस अवसर पर सर्वप्रथम कॉलेज परिसर में स्थित स्व. कुँवर सत्यवीर जी की प्रतिमा पर वीरा सोसाइटी के सचिव एवं उनके सुपुत्र कु. उद्यन वीरा जी, कुँवरानी रुचिवीरा जी (सांसद मुरादाबाद) एवं प्रबंध समिति सदस्य स्वाति वीरा महाजन द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। इसके उपरांत एक हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन में मुख्य यजमान कु. उद्यन वीरा एवं कुँवरानी रुचिवीरा व स्वाति वीरा महाजन रहे। उनके साथ प्रबंध समिति सदस्य प्रवीण गुप्ता, खुशनुद खान, कॉलेज के संस्था निदेशक प्रो. (डा.) अमित कुमार बंसल, प्राचार्य डॉ. एमएस कौरव, गिरिराज सिंह, राजीव थॉमस, कैप्टन बिशन लाल, संजू शर्मा, वाजिद हुसैन आदि ने यज्ञ में आहुति देते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। यज्ञ आर्य राधेश्याम चिकारा एव आर्य ब्रजवीर सिंह ने आर्य समाज के पूर्ण विधि विधान से सम्पन्न कराया।

यज्ञ में उपस्थित सभी महानुभावों ने आहुतियां देकर कुँवर सत्यवीरा का भावपूर्ण स्मरण कर उनके द्वारा किए गए समाज एवं शिक्षा क्षेत्र हेतु किए गए कार्यो को स्मरण किया गया और उनके द्वारा बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला व नगर के अनेक पवन कुमार (प्रबंध निदेशक कृष्णा कॉलेज बिजनौर), प्रो. अजय राणा, मौ. असलम प्रधान, संजीव राजपूत, नवीन गर्ग आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

सांसद कुँवरानी रुचिवीरा ने कहा कि मेरे पूज्य ससुर स्व. कुँवर सत्यवीर 22 वर्ष पूर्व आज ही के दिन सन 2003 मे हमारे बीच से सदा के लिए विदा हो गए थे। सभी लोग जानते है कि महान शिक्षाविद् एवं पूर्व राज्यमंत्री श्रद्धेय स्व. कुँवर सत्यवीर ने बिजनौर मे 09 शैक्षिक संस्थानो की नीव रख कर बिजनौर को एक पहचान दी है।

इस अवसर पर डीन एकडेमिक्स मनोज कुशवाहा एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. लोकेश कुमार अग्रवाल, डा. शुएब अली खान एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल, डा. अजय कुमार, गौरव गुप्ता, डा. शुभम कुमार, विभोर राजवंशी, सुधीर कुमार एवं सुनील भारद्वाज, एनपीएस भण्डारी आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# टाइम कीपर ने टीआई बन कर बसों की चेकिंग की

## सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा चैकिंग का फोटो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बिजनौर रोडवेज डिपो में वर्कशाप के प्रभारी टाइम कीपर ने खुद को ट्रैफिक इंस्पेक्टर बताकर बस की चेकिंग कर डाली। फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विभाग में हड़कम्प मचा हुआ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बिजनौर डिपो में दर्शन सिंह चालक है। व्यवस्था के तहत एआरएम बिजनौर ने नियम विरूद्ध उन्हें वर्कशॉप में प्रभारी टाइम कीपर की जिम्मेदारी दे रखी है। टाइम कीपर रोड पर आकर बसों की चेकिंग नहीं कर सकता। इसके बावजूद शनिवार को टाइम कीपर दर्शन सिंह ने टीआई की मशीन लेकर नगीना रोड पर परिचालक अरविंद कुमार की बस को चैक किया, जिसका वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक, बिना अधिकार के बसों की जांच करना सेवा नियमों का उल्लंघन है। वहीं, यात्रियों और चालक-परिचाल. कों के बीच इस घटना को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है। एआरएम अशोक कुमार ने बताया कि वायरल फोटो की सत्यता की जांच कराई जा रही है। टाइम कीपर को पत्र देकर स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। दोषी पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाई की जाएगी।

# संगठन की मजबूती व महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर रितिक चौहान के नेतृत्व एवं श्रीमती शोभा राजपूत (जिला अध्यक्ष, महिला मोर्चा) की अध्यक्षता में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर सिंह विहार कॉलोनी नूरपुर रोड जैतरा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में करणी सेना के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी सम्मानित पदाधिकारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती एवं महिला सशक्तिकरण पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप चौहान, जिला महामंत्री जयवीर सिंह सिसोदिया, महेंद्र सिंह, निर्देश, मंजू, पूनम, हिमांचल, लता, रीता, चंचल, उर्मिला ठाकुर सचिन चौहान जिला मीडिया प्रभारी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ

## आयोजक परिवार को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा में प्रीतम सैनी के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेवा चली यह भजन सबको खूब पसंद आया सब ने तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को संस्था द्वारा राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में प्रीतम सिंह सैनी, मंजू रानी, गुंजन सैनी, अरनव सैनी, वंश सैनी, हंसिका सैनी, खुशी सैनी, भूमि राजीव सैनी, शीतल सैनी, प्रेमवती सैनी, नरेश सैनी, मीना सैनी आदि शामिल रहे।

श्रीमद भगवत भक्ति प्रचार मंडल से महंत राहुल अग्रवाल, अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, विजय शर्मा, प्रवेश मिश्रा, संजीव शर्मा, नंदकिशोर रस्तोगी, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# तुलसी शालिग्राम विवाह में दो कन्याओं को भेंट की विवाह सामग्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** साई सेवा संघ धार्मिक सामाजिक संस्था धामपुर व हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति धामपुर बिजनौर के संयुक्त तत्वाधान में डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, राखी कौशिक, उपासना कौशिक द्वारा तुलसी शालिग्राम विवाह में दो कन्याओं को विवाह सामग्री व उपहार भेंट किये गए।

कार्यक्रम में संस्था के सदस्य शशिबाला शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, सुदेश शर्मा, अनिल अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, सुनीता गोस्वामी, पुष्पा सैनी, सृष्टि अग्रवाल, ललिता यादव, तुलसी जोशी, सार्थक रस्तौगी, सुषमा रस्तौगी, रौनक, शम्भू रस्तौगी, रजनी रस्तौगी, डा. रश्मि रावल, ऐश्वर्या चौधरी, बीना, शिवानी, संजना, सृष्टि, पायल, गुंजन, परी, संध्या, अनिल कश्यप, रवि चौहान, दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन, मनोरमा, अनिता, रेखा कात्यायन, अंजू मित्तल, सरोज, सरला, मनीष, स्नोहि, निर्मला मालवीय आदि उपस्थित रहे। सभी के द्वारा दोनों कन्याओं को विवाह सामग्री व उपहार भेंट किये गए। कार्यक्रम में पण्डित शुभम शर्मा द्वारा पूजा हवन करवायी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, शशिबाला शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, सुदेश शर्मा, रेखा मालपानी, डा. रश्मि रावल आदि का योगदान रहा।

# गुरमत समागम का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में पांच दिवसीय गुरमत समागम की शुरुआत श्रद्धा और भक्ति के माहौल में हुई। यह समागम 5 नवंबर तक निरंतर चलेगा।

समागम के पहले दिन स्योहारा से पधारी माता साहिब कौर जी कीर्तनी जत्था की जत्थेदार बीबी सुरेंद्र कौर खालसा ने अपने जत्थे की सेविकाओं बीबी सुप्रीत कौर खालसा और बीबी जसप्रीत कौर खालसा के सहयोग से गुरु वाणी के अमोलक शब्दों का संगत के समक्ष प्रभावशाली कीर्तन प्रस्तुत किया। इस दौरान सरदार मनप्रीत सिंह खालसा ने भी गुरुवाणी उच्चारण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रत्येक शब्द कीर्तन के बीच संगत ने 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' तथा 'वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह' के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। समूचे जत्थे को गुरुद्वारा प्रबंध समिति की ओर से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट एवं स्त्री सत्संग सभा की वरिष्ठ सदस्य बीबी जसपाल कौर के संयोजन में किया गया। इस दौरान सरदार जसप्रीत सिंह एडवोकेट व उनकी धर्मपत्नी बीबी शैलप्रीत कौर, सरदार शुभ करन सिंह, सरदार प्रभकरन सिंह, सरदार लवजीत सिंह, प्रियंका सिंह व अबीर सिंह सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सक्रिय सहभागिता की।

कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक प्रमुख चौधरी अतुल कुमार सिंह राजा, उनकी धर्मपत्नी ममता सिंह, सौरभ कुमार व रुचि रानी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्हें आयोजक परिवार की ओर से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सरदार प्रभकरन सिंह को उनके 14वें जन्मदिन पर गुरु घर में निष्ठा व सेवाभाव के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सम्मानित करने वालों में सरदार शरणागत सिंह खालसा, सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, सरदार सुरेंद्र सिंह हुड्डा, सरदार गुरु चरण सिंह चावला एवं सरदार तरजीत सिंह मोगा शामिल रहे।

## एक नजर

### रामगंगा घाट पर मेले की तैयारी जोरों पर



**अफजलगढ़।** ग्राम भूतपुरी में रामगंगा घाट पर गंगा स्नान पर लगने वाले मेले की तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी गई है। प्रबंध समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विश्राम के लिए टैंट लगाए जाएंगे। वही नदी के किनारे बेरिकेटिंग की जाएगी। स्थल की सफाई गंभीरता से की गई। झाड़ झंकाड़ काटकर साफ किये गये है। भूमि को समतल कर गढ्ढों को भरा गया है। समिति के संरक्षक फुल कुंवर सिंह ने बताया कि यह मेले ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होता है, जिसकी देखरेख का जिम्मा समिति पर है। मूलभूत सुविधाएं श्रद्धालुओं को मुहैया कराई जाएगी। इसकी तैयार की गंभीरता से की जा रही है। राजस्व विभाग व थानाध्यक्ष ने स्थल का निरीक्षण किया है। इस बार मेले का ठेका 1.10 लाख का दिया गया है।

### खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव मनाया



**नूरपुर।** राधा कृष्ण मंडप में खाटू श्याम प्रेमियों ने बाबा का जागरण कर उनका जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया। श्याम सेवा समिति के बैनर तले नगर के मुख्य मार्गो से शोभायात्रा निकाली गई। जिसके बाद रात को राधा कृष्ण मंडप में खाटू श्याम का जागरण कर भक्तों ने अपनी मुरादे मांगी। भजन गायकों ने खाटू श्याम मुझे तेरा ही सहारा, खाटू बाला सेठों का सेठ आदि भजनों का गुणगान किया। इस अवसर पर वंदना शर्मा, नितिन दिवाकर, सचिन जोशी, नीरज अग्रवाल, लक्की कर्णवाल, अनुभव कर्णवाल, संजीव जोशी, वीर प्रकाश भुइयार, अनिल जुनेजा, सरदार गोविंद सिंह आदि ने बाबा की आरती उतार कर परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर पूरा पंडाल श्रद्धालुओं से भरा रहा।

# अखिल भारतीय किसान सभा का जिला सम्मेलन




## नई जिला कार्यकारिणी का गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** अखिल भारतीय किसान सभा का जिला सम्मेलन खानपुर नांगल सोती स्थित वीके फार्म हाउस में संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता किसान सभा के जिला अध्यक्ष कॉमरेड अमर सिंह सैनी ने की, जबकि संचालन जिला सचिव फरीद अहमद ने किया।

कार्यक्रम में राज्य केंद्र से आए पर्यवेक्षक किसान सभा के केंद्रीय कमेटी सदस्य एवं उत्तर प्रदेश राज्य उपाध्यक्ष कॉमरेड डी.पी. सिंह ने किसानों को संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में केंद्र व राज्य सरकार की किसान और कृषि विरोधी नीतियों की आलोचना करते हुए किसानों को एकजुट रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत किसान सभा के पूर्व कोषाध्यक्ष कॉमरेड हरपाल सिंह द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद जिला सचिव फरीद अहमद ने पिछले तीन वर्षों में किसान सभा द्वारा किए गए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसे साथियों की चर्चा और सहमति के बाद सर्वसम्मति से पारित किया गया। सम्मेलन में आगामी तीन वर्षों के लिए 25 सदस्यीय नई जिला कमेटी का गठन किया गया, जिसमें 7 पदाधिकारियों व 18 कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष तुलाराम, सचिव फरीद अहमद, उपाध्यक्ष राघव प्रताप एडवोकेट, इसरार अली एडवोकेट, उपसचिव मांगेराम, मौहम्मद इसरार, कोषाध्यक्ष बदरुल हसन, कार्यकारिणी सदस्य पवनवीर सिंह, संदीप कुमार, विजेंद्र सिंह, इंद्र कुमार, सलीम अहमद, शराफत हुसैन, रामओतार, तोसीफुल हसन, दौलत सिंह, जय सिंह, खिलत महेंदी, भारत सिंह, चुननम सिंह, तेजपाल सिंह, सद्दाम हुसैन, अमर सिंह सैनी, मौहम्मद इकराम, ओमपाल सिंह आदि को चुना गया है।

## संबंध विच्छेद सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरा कहना न मानने तथा दुर्व्यवहार करने के कारण मैंने अपने पुत्र ननदिश कुमार व उसकी पत्नी रवीना दोनों से संबंध विच्छेद कर अपनी चल- अचल व अपनी पुत्रवधू रवीना के किसी भी प्रकार के लेन देन तथा वाद विवाद सहित घर की पूर्ण संपत्ति से बेदखल (लादावा) कर दिया है। अब दोनों से मेरा व मेरे परिवार के लोगों का कोई मतलब ताल्लुक वास्ता नहीं रहा हैं। भविष्य में अपने द्वारा किए गए अच्छे व बुरे कार्यों के लिए वे दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**फूल सिंह पुत्र स्व. घासीराम, निवासी ग्राम-सुल्तानपुर सभाचंद उर्फ सिकंदरपुर, परगना, तहसील व थाना नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम शकील खान पुत्र अच्छन खान निवासी मौहल्ला नई बस्ती बी-23, बुखारा रोड बिजनौर अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम शकील अहमद पुत्र अच्छन खान अंकित है। जो कि सही व सत्य है और मेरी पहचान इसी नाम व पते से है और आगे भी मुझे शकील अहमद के नाम से जाना व पहचाना जायेगा।

**शकील अहमद पुत्र अच्छन खान निवासी मौहल्ला नई बस्ती बी-23 बिजनौर, तहसील व जिला बिजनौर।**



सम्भल- वक्फ सम्पत्तियां दर्ज कराने को लोगों को जानकारी देते।

# वक्फ सम्पत्तियों की सुरक्षा को पोर्टल पर दर्ज कराना ज़रूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जमियत उलेमा हिंद सराय तरीन के नेतृत्व में अपनी संपत्तियों (मस्जिदों, मदरसों, खानकाहों, दरगाहों, इमामबाड़ों आदि) की सुरक्षा के लिए वक्फ बोर्ड की ओर से जारी निर्देश के अनुसार सभी वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण उम्मीद पोर्टल पर कराने को जागरूक किया गया।

सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता व जमीयत उलेमा ए हिन्द यूपी के कानूनी सलाहकार मौलाना सैयद काब रशीदी कहा कि उम्मीद पोर्टल पर वक्फ की जानकारी अपलोड करना बेहद जरूरी है। निर्धारित समय सीमा में रजिस्ट्रेशन न होना नुकसानदायक साबित हो सकता है। मौलाना काब रशीदी ने बयान में जानकारी देते हुए कहा कि देश की वर्तमान स्थिति में भारतीय मुसलमानों के सामने जो संवेदनशील मसले हैं, उनमें सबसे अहम मसला वक्फ और उनकी संपत्तियों (मस्जिदों, मदरसों, खानकाहों, दरगाहों, इमामबाड़ों आदि) की सुरक्षा का है। वक्फ बोर्ड की ओर से जारी निर्देश के अनुसार सभी वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण उम्मीद पोर्टल पर अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि वक बोर्ड ने उन्हें मुरादाबाद और आसपास के क्षेत्रें में स्थित वक संपत्तियों की जानकारी उम्मीद पोर्टल पर अपलोड करवाने की जो अहम जिम्मेदारी सौंपी है ,उसके तहत वह अपने साथियों के साथ मुतवल्लियों के साथ बैठक कर रहे है, ताकि क्षेत्र की वक संपत्तियां पंजीकृत बनी रहें। एडवोकेट शरीफ हुसैन ने बताया कि वक्फ की सभी जानकारियां उम्मीद पोर्टल पर अपलोड करने की अंतिम तिथि 5 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। हम जगह जगह जाकर लोगों को उम्मीद पोर्टल पर वक की सभी जानकारियां अपलोड करने की ट्रेनिंग दे रहे हैं ताकि लोगों को परेशानी का सामना ना करना पड़े। यदि तय तिथि में यह प्रक्रिया पूरी नहीं की गई तो संबंधित मुतवल्लियों को कानूनी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। आखिर में मुल्क में अमन-चैन और तरक्की के लिए दुआ की गई। इस अवसर पर मुफ्ती उस्मान, मुफ्ती रिफाकत, मौलाना महर इलाही, मुफ्ती रियाज उल हक,कारी हनीफ, मौलाना अब्दुल खालिक, मौलाना इमरान, कारी अरमान आदि मौजूद रहे।

# पोषक पर लाइन निर्माण, अनुरक्षण कार्य से विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** लाईन निर्माण/अनुरक्षण कार्य के चलते मुरादाबाद मार्ग स्थित एसडीएम कोर्ट पोषक की विद्युतापूर्ति पूरी तरह से बंद रहेगी।

उपखंड अधिकारी प्रथम ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार (आज) विद्युत उपकेन्द्र सम्भल टाउन से निर्गत 11 के वी एसडीएम कोर्ट पोषक पर लाईन निर्माण/अनुरक्षण कार्य किया जायेगा। जिसके लिए अनुमानित 10 बजे से दोपहर दो बजे तक समय निर्धारित है। जिसके चलते एसडीएम कोर्ट पोषक से सम्बन्धित क्षेत्र डा. कार्पोलोनी,रामविहार कालोनी, शिव मन्दिर कॉलोनी, शहजादी सराय, एकता विहार कॉलोनी एवं मुरादाबाद रोड पर स्थित सभी औद्यौगिक/वाणिज्यिक, घरेलू आदि उपभोक्ताओं की विद्युतापूर्ति समयावधि में बंद रहेगी। उपखंड अधिकारी ने विद्युत बंदी से प्रभावित होने वाले उपभोक्ताओं से सहयोग का आहवान किया है। साथ ही निर्धारित समयावधि से पहले ही अपने रोजमर्रा के कार्यों को पूरी तरह निपटाने पर ज़ोर दिया।

# राजस्वकर्मियों की टीमें करेंगी ग्राम समाज की भूमि चिन्हित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** कस्बे में ग्राम समाज की भूमि को चिन्हित करने के लिए तहसीलदार ने राजस्व कर्मचारियों की चार टीमों का गठन किया है। टीमों ने अपना काम शुरू कर दिया। भारी-भरकम कर्मचारियों की संख्या को देखकर तरह-तरह की चर्चायें हो रही हैं।

उच्च न्यायालय द्वारा पीआईउल में पारित आदेश में ग्राम समाज की भूमि चिन्हित करने व आवश्यक कार्यवाही के आदेश दिए गए है। तहसीलददार धीरेन्द्र कुमार सिंह ने आदेश के पालन के क्रम में चार दर्जन राजस्व टीहम में दो राजस्व निरीक्षक व दस लेखपाल शामिल किए गए है। इस तरह अड़तालीस राजस्व कर्मचारियों की चार टीमें बनाई गई है जो कस्बे के विभिन्न क्षेत्रों में ग्राम समाज की भूमि को चिन्हित करने का काम करेंगे। बताया जाता है कि चारों टीमों को अपना कार्य पूरा करने में चार दिन का समय लग सकता है। चारों टीमों के प्रभारी असमोली क्षेत्र के नायब तहसीलदार दीपक कुमार जुरैल को बनाया गया है। बताया जाता है कि उच्च न्यायसलय का आदेश प्रदेश भर की सरकारी भूमि को चिन्हित करने के लिए है। कस्बे में राजस्व कर्मचारियों की इतनी बड़ी संख्या देखकर लोग तरह-तरह की चर्चायें कर रहे हैं व किसी अप्रिय घटना को लेकर चिन्तित दिखाइ दे रहे हैं। उधर सम्भल-मुरादाबाद मुख्य मार्ग पर सिंगा तालाब में मिटटी का भराव होने से इस मामले ने तूल पकड़ा है। नगर पंचायत चैयरमेन कौसर अब्बास व अधिकतर सभासदों का कहना है कि मिटटी भराव वाले स्थान पर कस्बे सहित पूर्व दिशा में बारह गांवो का पानी आता है। जिस पानी की निकासी के लिए रेलवे लाइन व सड़क मार्ग पर दशकों पुराने पुल बने हुए हैं। भराव पड़ने से कस्बे व बारह गांवो को पानी की निकासी बंद हो जायेगी। जिससे कस्बे के अधिकतर भाग व गांवों के जल मग्न होने की आशंका है। उधर मिटटी का भराव निडर होकर किया जा रहा है। उनका कहना है कि यह भूमि सरकारी नहीं है हमारी निजि भूमि है।राजस्व कर्मचारियों की टीमों का कार्य पूर्ण होने के बाद ही स्थिति कुछ साफ हो सकेगी। फिलहाल टीमें अपने काम में व्यस्त हे तो दूसरी ओर कस्बे भर में तरह-तरह की चचार्यें हो रही हैं।



# रेलवे लाइन विस्तारीकरण को पीएम मोदी को भेजा पत्र



सम्भल-रेलवे लाइन विस्तारीकरण को पीएम के नाम पत्र भेजते।

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के तहत विकास दिव्यांग सेवा समिति के कैंप कार्यालय असमोली पर पीएम के नाम पत्र लिखवाकर विस्तारीकरण कराये जाने की मांग की।

सम्भल से गजरौला तक रेलवे लाइन विस्तारीकरण की मांग तेज होती जा रही है। इसी को लेकर चलाये जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के तहत समाज सेवी व अधिवक्ता चौ. रविराज चाहल के नेतृत्व में विकास विकलांग सेवा समिति के कार्यालय पर पहुंचे लोगो ने पीएम मोदी के नाम पत्र लिखने का आहवान किया। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष आस मौहम्मद ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री को एक पत्र मेल द्वारा भेज कर सम्भल से गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण किए जाने की मांग की। इस दौरान उन्होने कहा कि सम्भल से गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग लगभग 5 दशक पुरानी है। सम्भल में आज तक रेल लाइन का विस्तारीकरण नहीं हो सका है। पूर्व सरकारों ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया। हमे पीएम मोदी पर यकीन है कि सम्भल वासियो की गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग पूर्ण आवश्यक करेंगे। जिससे संभल में नए-नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सम्भल का देश व प्रदेश के अन्य हिस्से से संपर्क स्थापित हो सकेगा। आगे बोलते हुए समाजसेवी व अधिवक्ता चौ रविराज चाहल एडवोकेट ने कहा कि हम लगातार अपनी मांग को उचित माध्यम से प्रधानमंत्री महोदय व माननीय रेल मंत्री महोदय तक पहुंचाने आ रहे हैं लेकिन आज तक हमारी मांग पूर्ण नहीं हो सकी है हम लगातार लोगों को जागरुक कर रहे हैं कि क्षेत्र के सभी लोगों को एक पत्र के द्वारा माव प्रधानमंत्री तक अपनी मांग को पंहुचाते रहना चाहिए। जिससे हमारी मांग भारत सरकार तक पहुंच सके। हमें उम्मीद है कि जल्दी ही भारत सरकार हमारी मांग पूर्ण करेंगी। जिससे संभल में रोजगार के अवसर पैदा होंगे और सम्भल में उद्योगों का ठीक से विकास हो सकेगा। हम लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, जिला पंचायत सदस्यों, ब्लक्क्क प्रमुख से अनुरोध कर रहे हैं कि वह अपने माधयम से प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मांग करें। पिछले वर्ष भी क्षेत्र के लोगों ने प्रधानमंत्री को पत्र भेज कर मांग की थी, हमें उम्मीद है इस वर्ष हमारी मांग अवश्य पूर्ण होगी।

# तुलसी विवाह हुआ सम्पन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** तुलसी विवाह, देवउठनी एकादशी के अगले दिन तुलसी विवाह का आयोजन पूरे श्रृद्वा और भक्ति भावना के साथ किया जाएगा। तुलसी विवाह को धार्मिक दृष्टि से अत्यंत शुभ और मंगलकारी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु, जो चार माह के शयन के बाद जागते हैं, उनका विवाह तुलसी देवी (वृंदा) के साथ संपन्न होता है। तुलसी विवाह के साथ ही विवाहोत्सव और अन्य मांगलिक कार्यों का शुभ मुहूर्त भी आरम्भ हो जाते हैं।

मां गंगा जन कल्याण समिति बबराला के पण्डित सत्यम मिश्र ने बताया कि तुलसी विवाह का आयोजन शाम के समय पारंपरिक रीति-रिवाजों से किया जाता है। पहले तुलसी जी की मंगनी, फिर फेरे और आरती के साथ विवाह संपन्न हुआ। इस दिन उपवास रखकर तुलसी विवाह में शामिल होने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है और वैवाहिक जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। तुलसी विवाह न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह समाज में प्रेम, एकता और पारिवारिक सौहार्द का संदेश भी देता है। इस दौरान घरों में भी तुलसी पूजन हुआ। नगर बबराला में उड़ान ग्रुप संचालिका ममता राजपूत,योगेन्द्र राजपूत ने घर पर तुलसी विवाह व पूजन किया।

# गोसेवा सनातन परम्परा आज तक अक्षुण्ण

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला संगम के तत्वावधान में गोपरष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में गायों को रौली लितकर लगाकर चारा प्रदान कर गौमाता का अभिनंदन किया गया।

सूर्यकुंड मंदिर परिसर पर आयोजित गोपाष्टमी का कार्यक्रम का शुभारंभ महंत अनंत पुरी बोलयोगी तथा संस्था के संस्थापक डा. डीएन शर्मा, निर्देशक संजय कुमार गुप्ता संस्था अध्यक्ष डा. विजयलक्ष्मी शर्मा, महामंत्री,पूनम शुक्ला, सांस्कृतिक मंत्री पूनम रेनू तिवारी, उप मंत्री पूजा शर्मा ने सामूहिक दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा पूजन कर किया। जबकि डा. विजय लक्ष्मी शर्मा ने सरस्वती वंदना व भारत वंदना का गायन कियान। उपमंत्री पूजा शर्मा ने गौ सेवा की प्रक्रिया पूरी करायी। जबकि विभिन्न गौशालाओं को चोकर की बोरियां गुड़ एवं सेंधा नमक और हरा चारा प्रदान किया। कार्यक्रम में डा. डी एन शर्मा ने कहा कि भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के वंश का विस्तार गौ सेवा से ही हुआ है। सभाअध्यक्ष महंत अनंत पुरी महाराज ने विस्तार से बताया कि गौ सेवा से अनेक जन्मों के पाप कट जाते हैं। संस्था संरक्षक कमलकांत तिवारी ने कहा कि गौ सेवा हमारी सनातन परंपरा है जो आज तक अक्षुण्ण है। निर्देशक व गौ सेवा संचालक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि गौ माता में सभी देवताओं का निवास है। इसलिए गौ पूजन देव पूजन के बराबर है। संस्थाध्यक्ष डा. विजयलक्ष्मी शर्मा ने बताया कि गोपाष्टमी के दिन ही भगवान श्री कृष्ण में सर्वप्रथम गौ चराने का कार्य प्रारंभ किया था। इसलिए गोपाष्टमी का महत्व बढ़ जाता है। गौ सेवा करने वाले व्यक्ति का कभी भी वंश का नाश नहीं होता। पूनम शुक्ला ने कहा की गोपालन करने के कारण ही भगवान श्री कृष्ण का नाम गोपाल पड़ा है, जो उन्हें सबसे प्रिय नाम है।इस मौके पर सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा, निरमेश शर्मा, रेखा, उषा, चौधरी प्रवीण सिंह, साधना, रुचि, रविकांत, शालिनी रस्तोगी, अनिल भगत जी, राहुल, डोरी लाल शर्मा, अतुल, सुभाष चंद्र, अजय शर्मा, प्रेम शंकर, सौरभ कुमार, विकास वर्मा, विकेश, विजय बहादुर सक्सेना, नरेंद्र, एडवोकेट, नरेशपाल सिंह यादव, एडवोकेट लवलेश, केके, संध्या रस्तोगी, विशेष कुमार, शिव शंकर शर्मा, नीलम देवल कुमारी, प्रज्ञा गीता देवी, कुमारी सांझ, सीमा दिवाकर, अंजलि यादव निशि चाहल आदि ने गौसेवा की।



सम्भल- गोपाष्टमी पर्व पर गोसेवा करते अंतरार्ष्ट्रीय साहित्य कला संगम के सदस्य।

# बात करते समय मोबाइल फटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** फोन पर बाक करते होशियार रहियेगा,क्योंकि बात करते मोबाईल हाथ में फटने का अंदेशे से इंकार नही किया जा सकता है। खेत पर बात कर रहे अधिवक्ता के हाथ में बात करते मोबाईल फट गया। गनीमत रही कि हादसा होने से बाल-बाल बच गया। मोबाईल की कीमत पचास हज़ार रूपये बतायी जा रही है।

तहसील पर अधिवक्ता प्रमेन्द्र सिंह पैक्टिस करते हैं। पांच माह पूर्व उन्होने पचास हज़ार की कीमत का मोबाईल खरीदा था। रविवार को अधिवक्ता अपने खेत पर आलू की फसल की बुवाइ करा रहे थे। इसी बीच उन्होने किसी से बात करने के लिए जेब से मोबाईल निकाला और बात करने लगे। अचानक उनके मोबाइी की बैट्री फूलने लगी और किसी कुछ आवाज होने लगी। अधिवक्ता ने अनहोनी की आशंका से मोबाइल को खेत में फैंक दिया। खेत में मोबाइल गिरते ही तेज आवाज के साथ फट गया। गनीमत रही कि समय रहते मोबाईल फैंक दिया गया अन्यथा कोई बड़ी घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता था। साथ ही बड़ा हादसा भी टल गया। अधिवक्ता ने कंपनी तथा मोबाइल विक्रेता के खिलाफ उपभोक्ता फोरम में करवाई करने की बात कही है आरोप लगाया है कि मोबाइल घटिया किस्म का निकला जिससे इतना बड़ा हादसा होने से टल गया।

# राजघाट गंगाघाट पर हुआ महाआरती का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** राजघाट गंगाघाट के बबराला घाट पर देवउठान के उपलक्ष्य में सात पुरोहितों द्वारा गंगा आरती व प्रसाद वितरण किया गया। घाट पर महाआरती देवउठान के उपलक्ष्य में गंगा जी की भव्य महाआरती की गयी। इसमे काफी लोगों ने भाग लिया। गंगा मइया की जय के जयकारे से गंगाघाट गूंज उठा। बबराला घाट के आरती स्थल को रन बिरंगी झालर व लाइटों से सजाया गया।घाट पर गंगा मइया का पूजन विधि विधान के साथ किया गया।इसमें आस पास के महिला व पुरुष भक्तों ने आरती की।उसके बाद प्रसाद वितरित किया गया।समिति के अध्यक्ष अतुल गोयल उर्फ भोला ने बताया कि 22 जुलाई 2019 को घाट पर मां गंगा जी की आरती शुरू की थी। आरती के बाद प्रसाद वितरण और भंडारा हुआ।आरती में माँ गंगा जन कल्याण समिति के अध्यक्ष अतुल गोयल मौजूद रहे।

# घर-घर गीता, जन-जन गीता अभियान का संकल्प

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** श्री कल्कि विष्णु मंदिर, सम्भल में कल्कि संवाद कार्यक्रम का सुव्यवस्थित आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनंत अग्रवाल जिला अध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद, द्वारा की गई। जबकि संयोजन सुभाष त्यागी एवं अन्य सहयोगियों द्वारा किया। कार्यक्रम को संवादात्मक रूप में संचालित किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता स्वामी कृष्णानंद रहे। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भगवद्गीता के कर्म-योग एवं कर्म-विज्ञान को वर्तमान और आगामी सभी सामाजिक समस्याओं का समाधान बताया। उन्होंने उपस्थित सहभागियों का आवहान किया कि घर-घर गीता, जन-जन गीता अभियान को दृढ़ संकल्प एवं श्रेष्ठ आचरण के साथ आगे बढ़ाया जाए। परमात्मा प्रत्येक जीव के हृदय में विद्यमान है एवं कर्मानुसार फल देता है। इसलिए सदैव सत्कर्म का संकल्प लेना चाहिए। समाज में एकता, समानता, बंधुत्व तथा राष्ट्र सेवा की भावना को प्राथमिकता दी जाए। कार्यक्रम में प्रस्ताव पारित करते हुए प्रतिभागियों ने कल्कि संवाद कार्यक्रम को निरंतर आगे बढ़ाने, व्यापक स्तर पर आयोजित करने तथा अधिक से अधिक जन-सम्पर्क विकसित करने का संकल्प सर्वसम्मति से स्वीकार किया। जबकि सीमा आर्या ने 51 श्रीमद्भगवद्गीता पुस्तकों का वितरण किया। कार्यक्रम में दीपा वार्ष्णेय एवं नीलम वार्ष्णेय, सरिता गुप्ता सुषमा गुप्ता, सुनीता यादव, किरन गर्ग, अंजना गुप्ता, साधना गुप्ता, आशा अग्रवाल वर्षा गुप्ता,की उपस्थिति ने आयोजन को सार्थकता प्रदान की। संपूर्ण कार्यक्रम सौहार्द, अनुशासन एवं आध्यात्मिक उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। साथ ही आयोजकों ने आगामी दिनों में ऐसे और कार्यक्रमों को विस्तार देने का संकल्प दोहराया।



सम्भल- कल्कि संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते कल्कि सेना अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता।

# स्कूली छात्र-छात्राओं संग निकाली यातायात जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कुलदीप सिंह द्वारा यातायात माह नवम्बर 2025 जागरुकता अभियान रैली का शुभारम्भ हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक कुमार, ए.आर.टी.ओ. अमिताभ चतुर्वेदी, जिला कमाण्डेन्ट हो.गा. ज्ञान प्रकाश, प्रभारी यातायात दुष्यन्त कुमार व उप निरीक्षक यातायात व कर्मचारियों के साथ साथ एंग्लो वैदिक पब्लिक स्कूल, भगत पब्लिक स्कूल के अध्यापक व लगभग 200 छात्र-छात्रायें व पुलिस के जवानों ने जागरुकता रैली निकाली। जागरूकता रैली पुलिस लाईन मुख्य द्वार से इस्लामनगर चौराहा तक निकाली गयी। रैली के दौरान आम जनता के लोगों को यातायात नियमों से सम्बन्धित पम्पलेट वितरित किये गये तथा सार्वजनिक स्थानों पर बैनर पोस्टर लगवाते हुये मुख्य मार्गों तथा सड़क पर वाहनों को खड़ा करके सड़क दुर्घटना का कारण बनने व जाम लगाने वाले वाहनों के वाहन स्वामी को आगे से ऐसा न करने की चेतावनी देते हुये हटवाया गया।रैली के बाद उच्चाधिकारियों ने स्कूल के बच्चों को पुलिस लाइन स्थित सभागार में बैठाकर यातायात नियमों के सम्बोधित करते हुए हेलमेट सीट-बेल्ट लगा कर वाहन चलाने व मोटर साइकिल में तीन सवारी ना बैठाना व तेज गति से वाहन न चलाना तथा दुर्घटनाओं को कम करनें की शपथ दिलायी।

# रन फॉर यूनिटि में दिया एकता सदभावना व अखंडता का संदेश

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** रन फॉर यूनिटी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।दौड़ में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

विकास खण्ड रजपुरा में मैराथन विकास खण्ड रजपुरा मुख्यालय से कायनात बालिका इंटर कॉलेज तक आयोजित की गयी। इस अवसर पर सिपाही लाल इंटर कॉलेज के विद्यार्थीयों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रन फॉर यूनिटी दौड़ में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 1500, 1000 तथा 500 की नगद धनराशि एवं के साथ शील्ड प्रदान की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खण्ड विकास अधिकारी डा. आदेश कुमार, ब्लॉक प्रमुख पति गैरिश यादव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष बीजेपी शांति स्वरुप, प्रधानाचार्य कौशल किशोर सिंह एवं दीप चाँद पाण्डेय, मुंशी लाल पटेल, हेडमास्टर अनिल कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक के कर्मठ टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष कुंवरपाल सिंह, सहायक विकास अधिकारी (पं.), सहायक शिक्षा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी एवं व सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर एकता, सद्भावना एवं राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया साथ ही एकता अखंडता की शपथ भी दिलायी गयी।



सम्भल- रन फॉर यूनिटी के प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किए गए विजयी प्रतिभागी।

# देव उठनी एकादशी पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

## 0राजघाट पर रही लोगों की भारी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** देव उठनी एकादशी है। कार्तिक मास में आने वाली शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवोत्थान, देवउठनी या प्रबोधिनी एकादशी कहा जाता है। यह एकादशी दीपावली के बाद आती है। आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयन करते हैं और कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन उठते हैं, इसीलिए इसे देवोत्थान एकादशी कहा जाता है।

राजघाट में हरि प्रबोधिनी द्धदेव उठनी एकादशी पर हजारों श्रृद्वालुओं ने पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान के लिए भोर से भीड़ उमड़ रही है। स्नान के बाद लोग दानपुण्य कर श्री हरि की आराधना कर रहे हैं। प्रबोधिनी एकादशी पर ही चराचर जगत के पालनहार श्री हरि भी चार मास की योग निद्रा से जाग गये। श्री हरि के योग निद्रा से जागने के बाद मांगलिक कार्य भी शुरू जायेंगे। नगर के प्रमुख चौराहों, मौहल्लों में लगे गन्ने की अस्थाई दुकानों पर जमकर खरीददारी हुई।



बबराला- देवउठनी एकादशी पर राजघाट गंगाघाट पर स्नान करते स्नानार्थी।

# महानगर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई पुलिस कंप्यूटर ऑपरेटर भर्ती परीक्षा





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश पुलिस में एसआई (गोपनीय), एएसआई (लिपिक) और एएएसआई (लेखा) पदों के लिए भर्ती परीक्षा का दूसरा चरण रविवार को जिलेभर में शांतिपूर्ण और पारदर्शी माहौल में सम्पन्न हुआ। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित की गई। इस दौरान सभी 26 परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों ने निर्धारित समय पर परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी, अव्यवस्था या अनुचित गतिविधि की सूचना नहीं मिली। प्रशासन और पुलिस द्वारा की गई कड़ी निगरानी के चलते परीक्षा पूरी तरह नकलविहीन रही।भर्ती प्रक्रिया की निगरानी के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। पुलिस अधीक्षक यातायात एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी सुभाष चंद गंगवार ने बताया कि इस परीक्षा में कुल 9,840 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर 20 से 22 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए कुल लगभग 1,100 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। परीक्षा केंद्रों की लगातार सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की गई, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत नजर रखी जा सके। पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि परीक्षा सुचारू रूप से संचालित कराने के लिए सभी सीओ और एसएचओ को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमण शील रहने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने स्वयं भी कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर हेल्प डेस्क स्थापित की गई थी। इसके अलावा परीक्षार्थियों को समय से परीक्षा केंद्र तक पहुँचाने के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था भी की गई, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

## एक नजर

### जीएसटी मामलों की जांच के लिए एसएसपी ने बनाई एसआईटी



**मुरादाबाद।** जिले में बढ़ते जीएसटी चोरी और फर्जी कंपनियों के माध्यम से टैक्स चोरी से जुड़े मामलों की गंभीरता को देखते हुए मुरादाबाद के एसएसपी सतपाल अंतिल ने विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया है। जीएसटी विभाग द्वारा हाल ही में करोड़ों रुपये के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट मामले का पर्दाफाश करने के बाद पुलिस ने इन जटिल मामलों की विवेचना के लिए अनुभवी और प्रशिक्षित पुलिस टीम तैयार की है।एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि राज्यकर विभाग द्वारा जीएसटी चोरी से जुड़े मुकदमे लगातार दर्ज कराए जा रहे हैं। इन मामलों में व्यापा. रिक लेनदेन, फर्जी कंपनियों का पंजीकरण और दस्तावेजी प्रमाणों की जांच जैसी तकनीकी प्रक्रियाएं शामिल होती हैं, इसलिए विवेचना के लिए विशेष ज्ञान और समझ रखने वाले अधिकारियों की आवश्यकता थी। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग से तीन अधिकारियों को चुना गया है, जिन्हें जीएसटी संबंधी कानूनी प्रावधानों और जांच तकनीक पर संक्षिप्त प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।जिले में हाल ही में जीएसटी चोरी का बड़ा खुलासा हुआ है, जिसमें पुलिस ने अलग-अलग आठ मुकदमे दर्ज किए हैं। जांच में सामने आया कि केवल दो मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल करते हुए 122 बोगस कंपनियां रजिस्टर्ड की गईं। इन फर्जी फर्मों के माध्यम से 1811 करोड़ रुपये का कागजी कारोबार दिखाया गया और करीब 341 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी को अंजाम दिया गया। इस घोटाले में शामिल आरोपियों की भूमिका, बैंक ट्रांजैक्शन, इनपुट टैक्स क्रेडिट के दस्तावेज और उनसे जुड़े नेटवर्क की जांच अब एसआईटी करेगी।

### बाबू शरीफ उद्दीन पाशा की कब्र पर फातेहा पढ़ने पहुंचें आजम खान, पूर्व विधायक हाजी रिजवान के घर भी पहुंचें

**कुन्दरकी।** नगर के समाजसेवी एवं बिलारी विधायक फहीम इरफान के ससुर बाबू शरीफ उद्दीन पाशा की कब्र पर आज समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान पहुँचे। उन्होंने वहाँ



पहुँचकर फातेहा पढ़ी और दिवंगत आत्मा की मगफिरत के लिए दुआ की। इस अवसर पर उन्होंने परिवार के लोगों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और कहा कि बाबू शरीफ उद्दीन पाशा का समाज और क्षेत्र के लिए योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। आजम खान के साथ उनके पुत्र अब्दुल्ला आजम, सपा नेता यूसुफ मलिक और आसिम राजा भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर दिवंगत आत्मा के लिए दुआ की और परिवार को हिम्मत बनाए रखने की बात कही।

वहीं, बिलारी विधायक फहीम इरफान और आरिफ पाशा एडवोकेट ने आजम खान सहित सभी अतिथियों से मुलाकात की और उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान नगर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरा माहौल भावुक रहा और लोगों ने बाबू शरीफ उद्दीन पाशा को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। बताते चलें बीते दिनों बाबू शरीफ उद्दीन पाशा का इंतेकाल हो गया था। वही उससे पूर्व कुन्दरकी के पूर्व विधायक हाजी रिजवान के घर पर भी आजम खान उनके भाई की मृत्यु हो जाने पर परिवार वालों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना ब्यक्त की है।

## मेरा युवा भारत की ओर से पटेल जयंती पर निकाली यूनिटी मार्च पदयात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** मेरा युवा भारत संभल मुरादाबाद के तत्वाधान में सरदार पटेल की 150 में जयंती के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र मेरा युवा भारत केंद्र द्वारा रविवार को लोकसभा क्षेत्र संभल में के बिलारी में यूनिटी मार्च पदयात्रा का आयोजन किया गया।



इसमें भाजपा विधायक ठाकुर रामवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे। भाजपा की प्रांतीय कार्य समिति के सदस्य सुरेश सैनी, विश्वास यादव उर्फ लवली यादव, आतिफ कमल एडवोकेट गोपाल यादव भी अतिथि के तौर पर शामिल रहे। राम रतन इंटर कॉलेज के मैदान में सभी लोग एकत्र हुए यहां विधायक एवं अतिथियों ने सरदार पटेल के चित्र के पर माल्यार्पण कर उनके जीवन आदर्शो पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहां उन्होंने बिक्री हुई रियासतों को एक करके अखंड भारत का निर्माण किया इसलिए वह सदैव सम्मान के पात्र रहेंगे। पदयात्रा यहां से चलकर गांधी मूर्ति चौराहा, महाराणा प्रताप चौक से होकर ईदगाह रोड बायपास रोड होकर राम रतन इंटर कॉलेज के प्रांगण में संपन्न हुई। पदयात्रा के बारे में उपनिदेशक अंकित कुमार गौड़ ने बताया कि इस पदयात्रा में लगभग 300 युवाओं ने प्रतिभा किया।

यात्रा का आयोजन महेंद्र सिंह और जीतू यादव ने कराया।

## सेवा का नया संकल्प- 'अन्य है सबके लिए'




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शिव पार्वती रसोई के नि:शुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी, मुरादाबाद के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता (एडवोकेट) एवं उनकी धर्मपत्नी जी के करकमलों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संस्था के पदाधिकारियों द्वारा श्री आनंद मोहन गुप्ता जी का पटका पहनाकर एवं मोमेंटो देकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष पुष्प यादव एडवोकेट ने बताया कि शिव पार्वती रसोई का उद्देश्य समाज में जरूरतमंद लोगों तक प्रेमपूर्वक भोजन पहुँचाना है। यह रसोई प्रत्येक रविवार को सैकड़ों जरूरतमंदों को नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराती है।

उन्होंने कहा कि संस्था का संकल्प है ख्र "अन्य है सबके लिए", जिससे समाज में सेवा, सहयोग और समानता का संदेश फैल सके। इस अवसर पर संस्था के सदस्य प्रत्यूष यादव, आशुतोष त्यागी, अंकुर यादव, सुमित टंडन, आशीष यादव, योगेश भारती, सुनीत अग्रवाल, विशालकांत, अजय कपूर, विनय कश्यप, विशेष यादव, ओमप्रकाश सिंह, मनीष यादव, नितेश कुमार ,तुषार रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

## सपा महिला सभा में प्रदेश महासचिव बनीं बिलारी की अफरोज जहां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्षा रिबू श्रीवास्तव द्वारा संगठन में कई फेरबदल किये गये हैं। इसी क्रम में लखनऊ से समाजवादी पार्टी महिला सभा के कार्यालय से जारी होने वाली सूची में बिलारी की मोहल्ला ठाकुरान निवासिन अफरोज मसूदी को प्रदेश महासचिव के बनाया गया है। अफरोज जहाँ ने बताया कि वो पार्टी की बुनियादी कार्यकर्ताओ में से एक हैं वो पार्टी में तब से काम कर रही है जबसे समाजवादी पार्टी का वजूद है। उन्होंने कहा कि इस अदना सी कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी देकर मुझपर जो भरोसा जताया गया है में उसके लियें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश



यादव व महिला सभा की प्रदेश अध्यक्षा रीबू श्रीवास्तव का दिल से आभार व्यक्त करती हूँ। साथ मे उन सभी मेरे साथियो और संगठन के हर सिपाही से यही कहूंगी की में हमेशा पार्टी के लियें ऐसे ही समर्पण से काम करती रहूँगी

## नगर विधायक रितेश गुप्ता ने सुनी जनता की समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गोविंद नगर वार्ड संख्या-12 में आयोजित "जनता जनार्दन दरबार" कार्यक्रम में नगर विधायक रितेश गुप्ता ने क्षेत्र की जनता से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की जनता से जुड़ी हर समस्या का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है।विधायक ने बताया कि आज लगाए गए शिविर में क्षेत्र के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी विभिन्न समस्याओं को रखा। कुछ नागरिकों ने पुलिस संबंधित शिकायतें भी प्रस्तुत कीं, जिन पर विधायक ने तत्काल उच्च अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए।विधायक ने कहा कि आप सब लोग मेरे परिवार का हिस्सा हैं। आपकी परेशानी मेरी अपनी परेशानी है।



यदि किसी को कोई भी समस्या हो तो बेझिझक मुझसे सीधे संपर्क करें। मैं सदैव आपके साथ हूँ।कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग पहुँचे और सड़क, बिजली, आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, तथा मुख्यमंत्री आवास योजना सहित कई जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याएं रखीं। विधायक ने सभी शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम में पार्षद, ऋषि भारद्वाज, गीतू प्रजा. पति, हरीश प्रजापति, वेदप्रकाश शर्मा, विजेन्द्र त्यागी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बगरुआ के जंगलों में अवैध खनन पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** कुंदरकी थाना क्षेत्र के ग्राम बगरुआ के जंगलों में अवैध खनन की सूचना पर पुलिस ने शनिवार की रात छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान पुलिस ने मौके से चार ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक मट लोडर को जब्त किया है, थाना प्रभारी जसपाल सिंह ने बताया पुलिस को देर रात जंगल क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना मिली थी। सूचना पर थाना प्रभारी जसवाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां अवैध खनन के लिए तैयारी की जा रही थी। पुलिस को देखते ही खनन माफिया वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। वहीं पुलिस ने खनन में प्रयुक्त सभी उपकरणों को कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी जसवाल सिंह ने बताया कि फरार व्यक्तियों की पहचान के आधार पर तलाश की जा रही है।

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**नम्बर मुकदमा**- 148 सन् 2025
**तारीख पेशी:** 05.01.2026
**धारा: 13ए हिन्दू विवाह अधिनियम, थाना कटघर**
विक्की प्रजापति **बनाम** श्रीमति ज्योति
विक्की प्रजापति आयु 37 वर्ष पुत्र श्री रामस्वरूप प्रजापति, निवासी एच.एन. 117, ब्लाक सी, गोविन्दनगर, राम कैलाश चक्की के पास, थाना कटघर, जिला मुरादाबाद।-**वादी।**
**बनाम**
श्रीमति ज्योति पत्नी विक्की आयु 34 वर्ष, पुत्री श्री सोमपाल नि. नवाब पुरा, गोकुलदास की बिल्डिंग के पास, थाना नागफनी जिला मुरादाबाद-**प्रतिवादनी।**
हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत के धारा: **13**ए हिन्दू विवाह अधिनियम दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 05 माह 01 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है।
आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूआ और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 01 के माह 11 सन् 2025 को जारी किया है।
**अहलमद**
**अपर परिवार न्यायाधीश**
**जनपद-मुरादाबाद।**

# कुलाधिपति परिवार ने श्रीजी की शांतिधारा का पुण्य कमाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के रिद्धि-सिद्धि भवन में आयोजित कल्पद्रुम महामंडल विधान के चौथे दिन भक्ति, ज्ञान और आत्म-चिंतन की पराकाष्ठा के रूप में प्रतिष्ठित हुआ। समस्त मुनि संघ के पावन सान्निध्य और उनके ओजस्वी उपदेशों ने श्रद्धालुओं को विधान के आंतरिक फल और चक्रवर्ती के वैभव में निहित वैराग्य से अवगत कराया। कल्पद्रुम महामंडल विधान का शुभारंभ भगवान महावीर के महा अभिषेक से हुआ,जबकि मंगल शांतिधारा करने का परम सौभाग्य टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन के परिवार को प्राप्त हुआ।कुलाधिपति श्री सुरेश जैन , ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन,एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन आदि ने शांतिधारा में सम्मिलित होकर पुण्य संचित किया। साथ ही जैन फैकल्टीज भी सामूहिक रूप से शांतिधारा में शामिल हुई। विधान के दौरान गूँजते भक्तिमय संगीत और मंत्रों के बीच श्रद्धालुओं ने अत्यंत उत्साह और निर्मल भाव से विधान में भाग लिया और भक्ति की पराकाष्ठा में झूम उठे। विधान में फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, श्रीमती ऋचा जैन, श्रीमती जाह्नवी जैन के अलावा वीसी प्रो. वीके जैन, प्रो. रवि जैन, प्रो. विपिन जैन, श्री विपिन जैन, श्री मनोज कुमार जैन, डॉ. कल्पना जैन, श्रीमती नीलिमा जैन, डॉ. अर्चना जैन आदि की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही। विधान के मुख्य क्रम में सभी श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार और भक्तिभाव के साथ अपने हाथों में द्रव्य, फल और पुष्प लेकर प्रभु के चरणों में अर्घ समर्पित किया।विधान में विराजमान समस्त मुनि संघ और आर्यिका रत्न ज्ञानमति माताजी के निमित्त भी विशेष अर्घ्य समर्पित



किए गए। आज के प्रवचन सत्र में श्रद्धालुओं द्वारा गुरु जी से दो महत्त्वपूर्ण जिज्ञासाएँ रखी गईं, जिन पर उपाध्याय श्री 108 प्रज्ञानंद जी महामुनिराज ने गहन आध्यात्मिक प्रकाश डाला कल्पद्रुम महामंडल विधान का परम रहस्य यानी आंत. रिक फल का महत्व क्या होता है, एक श्रद्धालु ने गुरु जी से जानना चाहा। उपाध्याय श्री ने विधान के महत्त्व को कर्म सिद्धान्त से जोड़ते हुए समझाया कि यह विधान मात्र बाहरी क्रिया नहीं है, बल्कि अष्टकर्मों की निर्जरा का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि कल्पद्रुमश वास्तव में जीवात्मा की शक्ति का प्रतीक है। इस विधान के माध्यम से हम अपने शुभ परिणामों को इतना सशक्त करते हैं कि वे अनुकूल पुण्योदय को खींच लाते हैं। विधान का मुख्य फल सच्चे देव, शास्त्र और गुरु के प्रति श्रद्धा की दृढ़ता है, जो सम्यक दर्शन को पुष्ट करती है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विधान हमें संसारी सुखों की क्षणभंगुरता का बोध कराकर आत्म-कल्याण की ओर उन्मुख करता है। दूसरा सवाल था,चक्रवर्ती का अलौकिक, आगम-सम्मत वैभव -वैराग्य की पृष्ठभूमि क्या है ? उपाध्याय श्री ने जैन परंपरा के अनुसार चक्रवर्ती के अद्वितीय और त्रैलोक्य-दुर्लभ वैभव का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि चक्रवर्ती छह खण्डों -षट्खण्ड का अधिपति होता है, जिसे 14 रत्न और निधियाँ पूर्व पुण्य से स्वत: प्राप्त होती है। क्षुल्लकरत्न श्री 105 समर्पण सागर जी महाराज ने कथाओं का स्मरण कराते हुए कहा कि चाहे मेढक की भक्ति हो या चक्रवर्ती का वैभव, दोनों ही सम्यक भावों के बिना मोक्ष के द्वार तक नहीं पहुँच सकते।

विधान के मंत्रोच्चार के बीच, सभी उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और समर्पण के भाव से प्रभु के चरणों में अर्घ समर्पित किया और पुण्य कमाया।

## बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र सूरजपाल व पुत्रवधू श्रीमती सोनम देवी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल (आक) कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **जयराम पुत्र स्वर्गीय श्री गेंदा व श्रीमति रेशम पत्नी जयराम निवासीगण कालाझांडा थाना ठाकुरद्वारा तह. ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद।**

# न्यायालय ने मृतक आदिल के परिजनों को 63.50 लाख मुआवजा दिलाने का दिया आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** सड़क हादसे में मृत युवक के परिजनों को न्यायालय ने बड़ी राहत दी है। अपर जिला एवं



सत्र न्यायाधीश रितेश कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने टाटा ए. आई.जी. जनरल इंश्योरेंस कंपनी को मृतक के परिजनों को 63 लाख 50 हजार रुपये मुआवजा राशि 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अदा करने का आदेश दिया है। मामला जसपुर निवासी मो0 आदिल की सड़क दुर्घटना में हुई मौत से संबंधित है।

25 मई 2024 को आदिल अपने मित्र असद रशीद के साथ मोटरसाइकिल से जसपुर से ग्राम हमीदपुर जा रहा था। रास्ते में रामपुर-परसपुर रोड पर सामने से आ रहे वाहन ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में आदिल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सरकारी अस्पताल जसपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इस घटना की रिपोर्ट अहमद नबी ने थाना जसपुर में दर्ज कराई थी। मृतक के पिता अहमद नबी ने अधिवक्ता कैलाश चन्द्र प्रजापति के माध्यम से अदालत में दावा दायर किया था। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला जज रितेश कुमार श्रीवास्तव की अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता कैलाश चन्द्र प्रजा. पति ने मृतक के पिता अहमद नबी एवं प्रत्यक्षदर्शी गवाह मुजम्मिल अहमद तथा आयकर निरीक्षक बिनोद कुमार भल्ला के बयान पेश किए। न्यायालय को यह बताया गया कि मृतक मो0 आदिल अपने पिता के साथ लकड़ी के कारोबार में सक्रिय रूप से कार्यरत था तथा औसतन 6 हजार 500 रुपये मासिक आय अर्जित करता था। अदालत ने अधिवक्ता कैलाश चन्द्र प्रजापति के तर्कों से सहमति जताते हुए टाटा ए. आई.जी. जनरल इंश्योरेंस कंपनी को आदेश दिया कि वे मृतक के परिजनों को 63 लाख 50 हजार रुपये मुआवजा राशि चार सप्ताह में 6 प्रतिशत ब्याज सहित अदा करें।

# बाबा खाटू श्याम कीर्तन में भजनों पर जमकर थिरके श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** बाबा खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर नगर के सनातन धर्म हिन्दू इंटर कॉलेज के प्रांगण में मे आयोजित कार्यक्रम के दौरान आए कलाकारों ने खाटू श्याम की भजन संध्या पर हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा के भजन पर खचाखच श्रद्धालुओं से भरा पंडाल भजनों पर थिरकने लगा। जिससे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। शनिवार की देर रात्रि नगर के सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज के मैदान में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भीबाबा खाटू श्याम जन्म उत्सवहर्षोल्लास के साथ मनाया गया । जिसमे कलाकर मास्टर बॉबी , पंकज दास पागल , राहुल , मीत सवारियां , ने सुंदर सुंदर भजनो की प्रस्तुति से मौजूद श्रद्धालु पूरी रात थिरकते नजर आए। कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व विधी विधान से पूजा अर्चना के बाद सर्वप्रथम इत्र वर्षा की गयी । पूरा पंडाल इत्र की खुशबू से महक उठा । वाद मे फूलो की होली भी खेली गयी। जिससें श्री श्याम सेवक समिति सदस्य अभिषेक ओझा, रवि चौहान, विपिन जिंदल , संजीव चौहान, हर्ष कुमार, शिवम कुमार, विशाल चौधरी, गौरव चौहान, वरुण चौहान , नकुल यादव, सचिन चौहान, संजीव चौहान , रोहित पोसवाल, अरुण कुमार, अजीत चौधरी, व अन्य श्याम प्रेमी मौजूद रहे।



**ठाकुरद्वारा।** सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज के मैदान में घाटू श्याम जन्मोत्सव पर कलाकार भजनों की प्रस्तुति करते।

# आईरा जनपद संभल की बैठक में पत्रकारों ने निष्पक्ष पत्रकारिता पर दिया जोर

**चन्दौसी।** रविवार को ऑल इंडिया रिपोर्टर एसोसिएशन (आईरा) जनपद सम्भल द्वारा एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने संगठनात्मक एकता, निष्पक्ष पत्रकारिता और समाज के कमजोर वर्गों की आवाज



को सशक्त बनाने जैसे विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वीरेश ठाकुर ने की। उन्होंने कहा कि सभी पत्रकार भाई एक राय होकर कार्य करें और किसी भी प्रकार के दबाव में न आएं। यदि शासन या प्रशासन द्वारा किसी पत्रकार के साथ अनुचित व्यवहार किया जाता है, तो संगठन उसके समर्थन में ठोस कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का मूल मंत्र निष्पक्षता और साहस होना चाहिए। इस अवसर पर दैनिक समाचार पत्र 'आज' के प्रभारी एस. के. सक्सेना ने कहा कि सभी पत्रकारों को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज की आवाज हैं 'न कोई छोटा है, न कोई बड़ा' सभी को निडर होकर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए और समाज के कमजोर वर्गों की आवाज बनना चाहिए।

बैठक में वीरेश ठाकुर, एस.के. सक्सेना, महानंदन गौतम, विनय राठौर, योगेश राघव, महेश राघव, जुगल किशोर शर्मा, सौरभ कुमार, मिश्रा, नेत्रपाल सिंह, अफसर अली, जरीफ अहमद, विकास गुप्ता, राज. ेंद्र सिंह, रामप्रकाश यादव, सर्वेन्द्र यादव, बबलू सैफी, विकास कुमार, रिंकू दिवाकर, के.पी. सिंह कठेरिया सहित कई पत्रकार उपस्थित रहे।

## आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत व्यापारियों से संपर्क

**बिलारी।** नगर मंडल में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने व्यापारियों से डोर टू डोर संपर्क कर हर घर स्वदेशी घर घर स्वदेशी का स्टिकर लगाकर संपर्क किया, साथ ही आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति देते हुए व्यापारियों को जागरुक कर स्वदेशी संकल्प पत्र भी भरवाया। रविवार को कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने भारत माता की सेवा और सम्मान के लिए यह संकल्प लिया कि मैं अपने दैनिक जीवन में अधिकतम भारतीय उत्पादों का उपयोग करूंगा और आयातित वस्तुओं की जगह देशी विकल्प अपनाऊंगा। घर काम और समाज में भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता दूंगा गांव, किसान तथा कारीगरों का समर्थन कर स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा दूंगा साथ ही युवाओं और बच्चों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित कर नई पीढ़ी तक इसका महत्व पहुंचाऊंगा, पारिवारिक और सामा. जिक जीवन में भारतीय भाषाओं का प्रयोग करूंगा पर्यावरण के प्रति सजग रहकर स्वदेशी और प्राकृतिक अनुक. ूल उत्पादों का प्रयोग करूंगा और देश के पर्यटन स्थलों को प्राथमिकता दूंगा। इसी संकल्प के साथ सभी व्यापारियों से भाजपा कार्यकर्ताओं ने संपर्क किया। संपर्क के दौरान मंडल अध्यक्ष भाजपा विकास गुप्ता ने बताया कि यह संकल्प विकसित भारत का जो सपना हमने देखा है उसी की नींव है। हम अपने देश के उत्पादों का उपयोग कर अपने देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए जो सोच भारत के प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी की है। इस मंशा के अनुरूप हमें भी भारत की मजबूत स्थिति के लिए कदम मिलाकर चलना होगा। जिससे यह देश आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते हुए विकसित भारत की ओर बढ़ेगा, सभी व्यापारियों से संपर्क कर उन्हें संकल्प दिलाया है कि हम स्वदेशी संकल्प पत्र भर के मोदी जी के जो विजन है, उसका पूर्णता समर्थन कर रहे हैं कार्यक्रम संपर्क अभियान के अंतर्गत इस अभियान की जिला सहसंयोजक डॉक्टर राजीव सैनी ,मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, मंडल महामंत्री मनोज ठाकुर,मंडल उपाध्यक्ष प्रशांत चौधरी, नेपाल सिंह,मंडल कोषाध्यक्ष वीरपाल कोली, सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान, गोपाल यादव, मनोज सक्सेना, विनीत शर्मा, केपी सिंह राणा, नगर पालिका परिषद बिलारी के सभासद निहाल सिंह, गिरीश बाबू, राजीव शर्मा, मनोज प्रजापति आदि भाजपा कार्यकर्ता ने संपर्क किया।

# श्रीपरशुराम धर्मशाला का भूमि पूजन विधि-विधान से संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** रविवार को चन्दौसी नगर के मारवाड़ी मोहल्ले में श्रीपरशुराम धर्मशाला के भूमिपूजन का आरंभ आचार्य दीपक ऋतुपर्ण द्वारा पारंपरिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया जिसमें चन्दौसी एवं अन्य स्थानों से सैकड़ों की संख्या में ब्राह्मणों ने आकर नींव की स्थापना की और पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। संरक्षक मंडल ने कहा कि आज इस धर्मशाला के निर्माण को देखकर बहुत खुशी हो रही और जल्द ही इस भव्य धर्मशाला का कार्य पूर्ण होगा यह जिला सम्भल में ब्राह्मण समाज की पहली धर्मशाला होगी जिसका उद्देश्य समाज की सेवा के लिये किया जा रहा है। इस धर्मशाला में दो हॉल, नौ कमरे सभी सुविधाओं के साथ, परशुराम मंदिर एवं अन्य सुसज्जित व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम में राम कुमार शर्मा, डॉ. राजीव लोचन शर्मा, राजेंद्र शर्मा राजा, कवि माधव मिश्रा, रामशंकर गौड़, दिनेश कुमार शर्मा, विपिन शर्मा, हरद्वारी लाल मिश्रा, अवध किशोर शर्मा, सतीशचंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, सुधीर शर्मा, सच्चिदानंद शर्मा, अभय कुमार शर्मा, सुधीर मिश्रा, अभिनव शर्मा, आदित्यकांत शर्मा, अश्विनी शर्मा, जयशंकर दुबे, शिवराम कृष्ण वत्स, सुधीर मिश्रा, उमाकांत शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, गौरवकांत शर्मा, बृजेश शर्मा, रमाकांत शर्मा, विकास शर्मा, राधेश्याम मिश्रा, शिवनंदन शर्मा, रवि मिश्रा, राकेश शर्मा, गोविंद मोहन शुक्ला, अनिल शर्मा, सुभाष मिश्रा, अशोक शर्मा, राहुल शर्मा, दीपक शर्मा, सचिन मिश्रा, मुदित शर्मा, निखिल शर्मा, सचिन मिश्रा, अमोल शर्मा, शुभम अतुल उपाध्याय, लवकुमार शर्मा, नवकान्त शर्मा, दिनेश भारद्वाज, प्रियांक दीक्षित, निशांत शर्मा, सौरभ दीक्षित, प्रभाकर शर्मा, ओम हरि शर्मा, अविरल शर्मा, मनु शर्मा, सुधाकर शर्मा, प्रशांत वशिष्ठ, अवनीश शर्मा, श्याम मिश्रा, राजू शर्मा, प्रीति शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने यातायात नियमों के प्रति किया जागरुक

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक संभल एवं अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात एवं प्रभारी यातायात के नेतृत्व में यातायात माह नवंबर-2025 के अवसर पर कस्बा चंदौसी में यातायात पुलिस द्वारा एक व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस टीम ने राहगीरों और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा से जुड़ी आवश्यक जानकारियाँ दीं। लोगों को यह समझाया गया कि थोड़ी सी लापरवाही किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए यातायात नियमों का पालन करना न केवल एक कानूनी दायित्व है, बल्कि जीवन की सुरक्षा की सबसे बड़ी गारंटी भी है। इस मौके पर यातायात पुलिस ने लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित प्रयोग करने, गलत



दिशा में वाहन न चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, तथा मोबा. इल फोन का प्रयोग वाहन चलाते समय न करने की सख्त सलाह दी। पैदल यात्रियों को सड़क पार करते समय जेब्रा क्रॉसिंग, ट्रैफिक संकेतों और निर्धारित मार्गों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही पंपलेट वितरित कर यह संदेश दिया गया कि सावधानी ही सुरक्षा है, यातायात ही अनुशासन का प्रतीक है। रफ्तार नहीं, जिम्मेदारी बने आपकी पहचान। कार्यक्रम के अंत में यातायात पुलिस ने आमजन से आह्वान किया कि हम सब मिलकर ऐसा माहौल बनाएं जहाँ हर सड़क पर अनुशासन हो, हर सफर सुरक्षित हो और हर घर मुस्कुराता रहे।

# श्रीनारायण सेवा समिति ने प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

**चन्दौसी।** श्री नारायण सेवा समिति के तत्वावधान में गत अक्टूबर माह में संपन्न हुई 'लंक. ाकाण्ड ज्ञान प्रतियोगिता' के परिणाम की घोषणा और 'पुरस्कार वितरण समारोह' रविवार को आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण किया तथा वन्दना प्रस्तुत की गई। सभी अतिथियों व सहयोगियों में केन्द्र प्रभारी, पर्यवेक्षक, कक्ष निरीक्षक व परीक्षकों के परिचय व स्वागत अभिनंदन के पश्चात् समिति के प्रबंधक हरीश कठेरिया एड. ने समिति के उद्देश्य एवं प्रगति आख्या प्रस्तुत की।

एन.के.बी.एम.जी. में प्रोफेसर तथा कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. संगीता गोयल ने कहा कि लंक. ाकाण्ड की कथा राम रावण के भीषण युद्ध से संबंधित होते हुए भी हमें युद्ध नीति और मानवरूपी ईश्वर के उदात्त और शौर्य की कथा का बोध कराती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संतोष जैन, विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश व अनिल गोयल ने भी विचार व्यक्त किए। इसके तुरंत पश्चात् प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कारों के रूप में प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कार प्रदान किये गये। विजेताओं के प्रथम वर्ग (कक्षा 04 से 08) में ए.एम. वर्ल्ड स्कूल की दीक्षा सैनी ने प्रथम, लाला सोहनलाल सरस्वती शिशु मंदिर महाजन मोहल्ला की रिया श्रीवास्तव ने द्वितीय तथा चंदौसी बाल विद्या मंदिर की श्रुति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय वर्ग (कक्षा 09 से 12) में आलोक रस्तोगी प्रथम, कनक सैनी द्वितीय तथा सक्षम अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे। इसके साथ ही उक्त दोनों वर्गों में 7-7 सांत्वना पुरस्कार भी वितरित किए गए। पुरस्कार वितरण आयोजक कृष्ण गोपाल मंगलम्, सुभाषचंद्र वार्ष्णेय, भोलेनाथ, बृजगोपाल गुप्ता, हरीश कठेरिया, डॉ. राजकुमार गोयल, टी.एस. पाल, विपिन गुप्ता तथा डॉ. डी.के. अग्निहोत्री आदि के कर-कमलों से संपन्न हुआ। इस दौरान कृष्णगोपाल मंगलम, डा0 जयशंकर दुबे, मुकुंद अग्रवाल, के.जी. गुप्ता, हरिओम कश्यप, नम्रतासिंह, दिलीप भगतजी, वरुण अग्रवाल, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।



# पेड़ वाला ट्रस्ट ने चलाया पर्यावरण जागरूकता अभियान, घर-घर वितरित किए तुलसी पौधे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** पर्यावरण के प्रति जागरूक रहना समय की आवश्यकता है। भौतिक सुख-सुविधाओं की होड़ में लोग अंधाधुंध वृक्षों का कटान कर रहे हैं, जिससे ऑक्सीजन स्तर में लगातार गिरावट आ रही है, जबकि देश की जनसंख्या भयावह रूप से बढ़ रही है। बढ़ती जनसंख्या और घटता ऑक्सीजन स्तर दोनों ही चिंता का विषय बन चुके हैं। इस दिशा में 'चन्दौसी पेड़ वाला ट्रस्ट' लगातार डोर-टू-डोर जाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित कर रहा है और घरों में इंडोर व आउटडोर पौधों का वितरण कर रहा है। रविवार को चन्दौसी पेड़ वाला ट्रस्ट से जुड़ीं एस.एम. कॉलेज चन्दौसी के बी.एड. की छात्र-छात्राओं ने गणेश कॉलोनी गली नं. 8ए में पहुंचकर मोहल्ले के लोगों के साथ नुक्कड़ सभा आयोजित की। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण शुद्धिकरण और पौधारोपण के महत्व पर चर्चा की। साथ ही संस्था की ओर से घरों और दुकानों पर तुलसी के पौधे वितरित किए गए। छात्राओं ने बताया कि पेड़-पौधों की कमी के कारण ऑक्सीजन स्तर घट रहा है, जिससे



अनेक प्रकार की बीमारियां फैल रही हैं। उन्होंने कहा कि बरगद, नीम, पाखड़, आम, जामुन जैसे फलदार और छायादार वृक्ष न केवल पर्यावरण के लिए लाभदायक हैं, बल्कि वायु को भी शुद्ध करते हैं, इसलिए सभी को इनका रोपण करना चाहिए। इस दौरान प्राची शर्मा, रश्मि, लकी सिंह, कशिश, अनुराधा, लक्ष्मी गौड़ एवं लवी यादव सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से शामिल रहे।

# कुंदरकी विधायक ने ग्रामवासियों की समस्याएं सुनी

**कुंदरकी।** कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने आज कुंद. रकी विधानसभा के ग्रामों अब्दुल्लापुर, बहापुर, मझरा बहापुर, मिलक बहापुर, मंसूरपुर, फरेदी, जेतिया फिरोजपुर और इंधनपुर



नगला का भ्रमण किया। विधायक कुंदरकी ने ग्रामवासियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया। ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा वे जनता की सेवा और सरकार की मंशा के अनुसार काम करने के लिये ही विधायक बने हैं। जनता की समस्याओं का निराकरण कराने के लिए विधायक आपके द्वार कार्यक्रम शुरू किया हूं। मैं गरीब किसान और मजदूर का प्रतिनिधि हूं। ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का पूरा प्रयास करूंगा। पिछले एक साल से आपको केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ लाभ भी मिल रहा है। मैने सभी कार्यकर्ताओं को आप लोगों के योजनाओं में नामांकन में लगा रखा है, और संबंधित अधिकारी को पात्र व्यक्ति को योजना के लाभ के लिए निर्देशित कर रखा है। विधानसभा के सर्वोत्तम विकास का जो संकल्प आप सभी के सहयोग से मेने लिया था, उसकी प्राप्ति के लिए पूर्ण मनोयोग से लगा हुआ हूं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, बृजेश लोधी, ज्योति वाल्मीकि, विजेंद्र चौधरी, नसीम पाशा, ग्राम प्रधान जुनैद, अजीम मलिक, जाहिद अली , साजिद अली, गोपेश शर्मा, विजय ठाकुर, शाकिर अली, राकेश कश्यप , मुकेश ठाकुर इरशाद खान ,रोहित चंद्रा, डोरीलाल प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सुंदर की पारी ने भारत को दिलाई बराबरी

## तीसरे टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया




**होबार्ट, वार्ता।** वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 49) की आतिशी पारी के दम पर भारत ने रविवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली।

ऑस्ट्रेलिया के 186 रनों के जवाब में भारत ने 18.3 ओवर में पांच विकेट पर 188 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। सुंदर ने 23 गेंदों पर नाबाद 49 रनों की मैच विजयी पारी में तीन चौके और चार छक्के लगाए। जितेश शर्मा ने मात्र 13 गेंदों में तीन चौकों की मदद से नाबाद 22 रन बनाकर उनका बखूबी साथ दिया। जितेश ने भारत के लिए मैच विजयी चौका मारा।

मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 33 रन जोड़े। भारत का पहला विकेट चौथे ओवर में अभिषेक शर्मा 16 गेंदों में (25) के रूप में गिरा। उन्होंने अपनी पारी में दो छक्के और दो चौके लगाए। उन्हें नेथन एलिस ने आउट किया। छठे ओवर में एलिस ने शुभमन गिल (15) को भी अपना शिकार बना लिया। इसके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने पारी को संभालने का प्रयास किया और तेजी के साथ रन बओंरे। आठवें ओवर में मार्कस स्टॉयनिस ने सूर्यकुमार यादव को आउटकर भारत को तीसरा झटका दिया। सूर्यकुमार यादव ने 11 गेंदों में दो छक्के और एक चौका लागते हुए 24 रन बनाये। अक्षर पटेल 12 गेंदों में 17 रन बनाकर आउट हुए। अक्षर पटेल का विकेट गिरने के बाद मैदान पर आये सुंदर ने तिलक वर्मा के साथ पांचवें विकेट के लिए 34 रन जोड़े। तिलक वर्मा 26 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से 29 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन उसके बाद सुंदर ने जितेश के साथ भारत को जीत की मंजिल पर पहुंचा दिया।

ऑस्ट्रेलिया के लिए नेथन एलिस ने 36 रन देकर तीन विकेट लिए। मार्कस स्टॉयनिस और जेवियर बार्टलेट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया की पारी में तीन विकेट लेने वाले अर्शदीप सिह को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने आज यहां पहले बल्लेबाजी करते हुए टिम डेविड (74) और मार्कस स्टॉयनिस (64) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 186 रन बनाये थे। ऑस हारने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 14 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। ट्रैविस हेड (छह) और जॉश इंगलिस एक रन बनाकर आउट हुए। दोनों बल्लेबाजों को अर्शदीप सिह ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये टिम डेविड ने कप्तान मिचेल मार्श के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी हुई। नौवें ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने मिचेल मार्श (11) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। वरूण ने इसी ओवर में मिचेल ओवेन (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया।

# विदेश में होगी आईपीएल की नीलामी!

- **हमेशा की तरह संभावित स्थल खाड़ी क्षेत्र में कहीं माना जा रहा है**




**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल नीलामी स्थल को लेकर सोच में बदलाव होता दिख रहा है, जिसके अब विदेश में आयोजित होने की संभावना है। हालांकि फ्रेंचाइजियों को अभी तक आधिकारिक तौर पर शहर के बारे में सूचित नहीं किया गया है, लेकिन उन्हें इसके बारे में संकेत जरूर दिए गए हैं। हमेशा की तरह, संभावित स्थल खाड़ी क्षेत्र में कहीं माना जा रहा है। संयुक्त अरब अमीरात में अबू धाबी एक मजबूत संभावना है, लेकिन ओमान और कतर जैसे अन्य मध्य पूर्वी स्थानों पर भी विचार किया जा रहा है। यह घटनाक्रम पहले की योजना से बिल्कुल अलग है, जब ऐसा लग रहा था कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) भारत में ही नीलामी आयोजित करने का इच्छुक है। हालांकि, अब एक आदर्श स्थान हासिल करने में चुनौतियां नजर आ रही हैं, क्योंकि निर्धारित समय देश में त्योहारों और शादियों के मौसम से टकरा रहा है। जैसा कि पहले बताया गया था, नीलामी दिसंबर के मध्य में होने की संभावना है – कुछ दिन कम या ज्यादा – संभवत: महीने के दूसरे भाग में। बीसीसीआई द्वारा 15 नवम्बर से पहले तारीख और स्थान की औपचारिक घोषणा करने की उम्मीद है, जो कि आईपीएल 19 से पहले फ्रेंचाइजियों के लिए अपने रिटेंशन और रिलीज की सूची जमा करने की अंतिम तिथि है। समय सीमा बमुश्किल दो हफ्ते दूर है, खिलाड़ियों के रिटेंशन और रिलीज को लेकर चर्चाएं तेज हो रही हैं, और संजू सैमसन के संभावित व्यापार की चर्चा – जिसकी रिपोर्ट सबसे पहले क्रिकबज ने दी थी – मुख्य चर्चा का विषय बनकर उभर रही है। कई फ्रेंचाइजी भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज को लगातार उच्च दर्जा दे रही हैं, भले ही वह हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### संजीव-मानसी ने जीता मैंगलोर इंडिया इंटरनेशनल चैलेंस का खिताब

**मैंगलोर, वार्ता।** भारत के ऋत्विक संजीव और मानसी सिंह ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रविवार को मैंगलोर इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज 2025 बैडमिटन टूर्नामेंट में क्रमश: पुरुष और महिला एकल वर्ग के खिताब जीते। यहां उरवा इंडोर स्टेडियम में 22 वर्षीय ऋत्विक संजीव ने पुरुष एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में हमवतन रौनक चौहान को 14-21, 21-19, 21-19 से हराया। यह इस सीजन में ऋत्विक संजीव का पहला खिताब है। इस भारतीय बैडमिटन खिलाड़ी ने पिछले साल दिसंबर में तेलंगाना इंटरनेशनल चैलेंज जीतने के बाद ओडिशा मास्टर्स बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 स्पर्धा भी जीता था।

### सचिव को सीसीआई के आदेश पर कार्रवाई करने का अधिकार

**चेन्नई, वार्ता।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) ने सचिव देव ए पटेल को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा कई साल पहले जारी किए गए आदेश के संबंध में आगे की कार्रवाई तय करने के लिए अधिकृत किया है।

यह जानकारी एक शीर्ष अधिकारी ने दी। यह बहुप्रतीक्षित वार्षिक आम बैठक 30 अक्टूबर को गोवा के एक पांच सितारा होटल में आयोजित की गई, जिसमें राज्य शतरंज संघों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। हैरानी की बात यह है कि बैठक बुलाने वाले नोटिस में समय या स्थान का उल्लेख नहीं था। सूत्रों ने यूनीवार्ता को बताया कि बैठक शाम 6:30 बजे शुरू हुई, जिसमें अध्यक्ष नितिन नारंग व्यक्तिगत और ऑनलाइन दोनों ही रूप से अनुपस्थित रहे।

# नैशविले ने मेसी के हमले से बचकर प्लेऑफ मे सीरीज बराबर की

- **नैशविले ने इंटर मियामी के खिलाफ अपने आप को तीसरे मैच में पहुंचा दिया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** नैशविले ने इंटर मियामी के खिलाफ अपने पहले दौर की एमएलएस प्लेऑफ सीरीज को निर्णायक तीसरे मैच में पहुंचा दिया, जब उसने इंटर मियामी को 2-1 से हराया। इंग्लैंड के स्ट्राइकर सैम सुरिज ने शनिवार को गोलकीपर रॉक्को रियोस नोवो द्वारा गिराए जाने के बाद पेनल्टी स्पॉट से मेजबान टीम को बढ़त दिलाई।

जोश बाउर ने हनी मुख्तार के कॉर्नर पर दूर पोस्ट पर शॉट मारकर बढ़त दोगुनी कर दी। मेहमानों ने कप्तान लियोनेल मेसी के जरिए एक गोल किया, जिन्होंने 90वें मिनट में 18 गज की दूरी से ऊपरी दाएं कोने में एक गोल किया। इस नतीजे के साथ सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है, और निर्णायक मैच 8 नवम्बर को इंटर मियामी के चेज स्टेडियम में खेला जाएगा। नैशविले के कोच ब्रायन कैलाघन ने कहा कि यह एक ऐसी टीम थी जो आक्रामक और तीव्र खेल के लिए प्रतिबद्ध थी और लंबे समय तक ऐसा करने में सक्षम थी।

यह एक चुनौती थी जो हमने खुद के लिए तय की थी और हम अपनी योजना को अंजाम देने में कामयाब रहे। इंटर मियामी के मैनेजर जेवियर माशेरानो ने अपनी टीम की गोल करने के मौके न बना पाने पर, खासकर मैच के शुरुआती दौर में, अफसोस जताया। माशेरानो ने कहा कि हम पहले हाफ में लियो (मेसी) को अच्छी पोजीशन में नहीं पा सके और आखिरी तीसरे हिस्से में हमारी सटीकता की कमी रही।हमारे विरोधी पूरी तारीफ के हकदार हैं।

# पीएम ने एशियाई युवा खेलों में भारत के प्रदर्शन की सराहना की



**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के युवा एथलीटों को एशियाई युवा खेल 2025 में उनके ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए आज बधाई दी,

जहां देश ने रिकॉर्ड 48 पदक हासिल किए। अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर मोदी ने उनके जुनून, धैर्य और समर्पण की सराहना की और उन्हें निरंतर सफलता की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया कि हमारे युवा एथलीओं ने एशियाई युवा खेल 2025 में अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ 48 पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने आगे कहा कि दल को बधाई। उनका जुनून, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत साफ दिखाई दे रही है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। भारत की पदक तालिका में विभिन्न खेलों में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक शामिल हैं, जो देश के बढ़ते प्रतिभा भंडार और मजबूत होते खेल पारिस्थितिकी तंत्र को दर्शाता है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि से नई पीढ़ी के एथलीओं को ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने और अंतर्राष्ट्रीय खेल जगत में भारत के बढ़ते कद में योगदान देने की प्रेरणा मिलने की उम्मीद है। एशियाई युवा खेल 2025 युवा खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुए हैं और भारत का एक मजबूत दावेदार के रूप में उभरना एथलेटिक प्रतिभाओं को निखारने पर बढ़ते जोर को दर्शाता है।

# बाबर-शाहीन ने पाक को जिताया

- **बाबार आजम ने 47 गेंदों में 68 रनों की जबरदस्त पारी खेली**

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान के घरेलू दर्शकों को आखिरकार वो मिल गया जिसकी उन्हें लम्बे समय से तलाश थी: बाबर आजम की जबरदस्त पारी और सीरीज जीत। 47 गेंदों में उनकी 68 रनों की तेज पारी - टी20 अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में उनका 40वां 50 स्कोर-लाहौर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मेजबान टीम के 140 रनों के लक्ष्य का पीछा करने की नींव थी, जिसकी बदौलत पाकिस्तान ने एक ओवर शेष रहते चार विकेट से जीत हासिल की और टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। रात की शुरुआत शाहीन अफरीदी के अपने विस्फोटक अंदाज के साथ हुई, जिन्होंने पहले ही ओवर में दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम को तहस-नहस कर दिया और मेहमान टीम को चौंका दिया। जब बाबर खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट के बीच मैदान से बाहर गए, तब तक गद्दाफी स्टेडियम में दर्शकों ने अपने दोनों सबसे बड़े सितारों को पूरी लय में देख लिया था। पाकिस्तान द्वारा पहले ही ओवर में क्विटन डी कॉक और लुआन-ड्रे प्रीऑरियस को आउट करके शाहीन ने शुरुआत से ही लय बना ली। डी कॉक को आखिरी मूवमेंट में गेंद वापस उनके पास आई और अंदरूनी किनारा लेकर स्टंप्स पर जा लगी, इससे पहले कि प्रीऑरियस को पहली गेंद पर शॉर्ट फाइन लेग पर कैच कर लिया। शाहीन लगभग तीसरा विकेट ले ही लेते जब एक तेज इन-डकर गेंद डेवाल्ड ब्रेविस के घुटने पर लगी, लेकिन डीआरएस से पता चला कि गेंद बहुत ऊपर उछल गई थी। पावरप्ले में दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 22/2 था, जो टी20 अंतर्राष्ट्रीय इतिहास में उनका तीसरा सबसे कम स्कोर था।



# केन विलियमसन ने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 से लिया संन्यास

## मैं टीम का बहुत आभारी हूं, यह मेरे और टीम के लिए सही समय

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज केन विलियसमन ने आगामी टी20 विश्वकप से पहले अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।

विलियसमन ने अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि मैं लंबे समय से इस टीम का हिस्सा रहा हूं और इसके लिए बहुत आभारी हूं। यह मेरे और टीम दोनों के लिए सही समय है। इससे टीम को आगे की सीरीज और टी-20 विश्व कप के लिए स्पष्ट दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मिच शानदार कप्तान हैं और टीम को आगे ले जाने का यह उनका समय है। मैं अब दूर से उनका समर्थन करूंगा। न्यूजीलैंड के कोच रॉब वॉल्टर ने कहा कि यह फैसला पूरी तरह समझ में आता है। क्रिकेट बहुत कुछ मांगता है और केन ने काफी योगदान दिया है। वह एक शानदार टीम मैन हैं और उनका अनुभव व शांत स्वभाव टीम के लिए अमूल्य है। अक्टूबर 2011 में पर्दापण करने के बाद से उन्होंने 93 टी-20 मैचों में 33-44 की औसत से 18 अर्द्धशतक लगाते हुए 2575 रन बनाए, इसमें 95 का सर्वोच्च स्कोर शामिल है। विलियमसन ने न्यूजीलैंड को 2021 टी-20 विश्वकप के फाइनल तक पहुंचाया था, लेकिन उस दौरान उनका बेहतरीन 85 रन का योगदान भी टीम को जीत नहीं दिला सका। उन्होंने 75 मैचों में कप्तानी भी की। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज से स्वयं को अलग रखा था और इंग्लैंड के खिलाफ 1-0 की हार में भी जांघ की चोट के कारण नहीं खेले। टी-20 से संन्यास के बाद अब उनका पूरा ध्यान दिसंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज पर रहेगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा कि विलियमसन अब संभवत: 26 नवम्बर से शुरू होने वाला है।




# उन्नति हुड्डा सेमीफाइनल में हारी

**जर्मनी, वार्ता।** उन्नति हुड्डा के महिला एकल के सेमीफाइनल मैच में इंडोनेशिया की दुनिया की नंबर सात खिलाड़ी पुत्री कुसुमा वरदानी से हारने के बाद हाइलो ओपन 2025 बैडमिटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। शनिवार को खेले गए सेमीफानइल मुकाबले में 18 साल की उन्नति हुड्डा को वरदानी से 21-7, 21-13 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल बैडमिटन रैंकिग में 34वें नंबर पर मौजूद उन्नति हुड्डा की शुरुआत धीमी रही जबकि वरदानी ने शुरू में ही लय पकड़ ली, जिससे भारतीय खिलाड़ी नेट पर कई अनफोर्स्र्ड गलतियां करने पर मजबूर हो गईं। ब्रेक में 11-4 से पिछड़ने के बाद लंबे रैलियों में शामिल होने के बावजूद, हुड्डा 23 साल की वरदानी की स्पीड और सटीकता का मुकाबला नहीं कर पाईं। दूसरा गेम भी कुछ ऐसा ही रहा। हालांकि उन्नति हुड्डा ने छह लगातार अंक लेकर गैप को 18-13 तक कम करने के लिए थोड़ी वापसी की, लेकिन वरदानी ने जल्द ही मैच पर नियंत्रण करते हुए 35 मिनट में मुकाबला जीत लिया। भारतीय बैडमिटन खिलाड़ी अब मंगलवार से ग्वांगजू में शुरू होने वाले कोरिया मास्टर्स बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

# पंत की पारी से इंडिया 'ए' जीता

- **कप्तान ऋषभ पंत 90 की जबरदस्त पारी और तनुष कोटियान के दम पर द. अफ्रीका 'ए' को तीन विकेट से हराया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** कप्तान ऋषभ पंत (90) की जबर्दस्त पारी और तनुष कोटियान (चार-चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंडिया ए ने पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को दक्षिण अफ्रीका ए को तीन विकेट से हरा दिया। इंडिया ए ने कल के चार विकेट पर 119 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया।

सुबह के सत्र में ऋषभ पंत के साथ आयुष बदोनी ने धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए स्कोर आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 53 रनों की साझेदारी हुई। टियान वैन वुरेन ने शतक की ओर बढ़ रहे ऋषभ पंत को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। ऋषभ पंत ने 113 गेंदों में 11 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 90 रन बनाए। 53वें ओवर में टियान वैन वुरेन ने आयुष बदोनी (34) को भी अपना शिकार बना लिया। तनुष कोटियान (23) सातवें विकेट के रूप में आउट हुए। इसके बाद इंडिया ए ने 73-1 ओवर में सात विकेट पर 277 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया। मानव सुथार और अंशुल काम्बोज के बीच आठवें विकेट के लिए 62 रनों की अविजित मैच विजई साझेदारी हुई। दक्षिण अफ्रीका ए के लिए टियान वैन वुरेन ने तीन और शेपो मोरेकी ने दो विकेट लिए। ओकुहले सेले और लुथो सिपामला ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। दक्षिण अफ्रीका ए ने पहली पारी में 309 रनों का स्कोर बनाया था। भारत की ओर से तनुष कोटियान ने चार, गुरनूर बरार और मानव सुथार ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया था। इंडिया ए की टीम अपनी पहली पारी में 234 के स्कोर पर सिमट गई थी।

# इगा ने डब्ल्यूटीए फाइनल में पहला मुकाबला जीता



**रियाद, वार्ता।** इस साल की विबलडन चैंपियन इगा स्वियाटेक ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स के पहले एकल ग्रुप मैच में ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता मैडिसन कीज को सीधे सेओं में आसानी से हरा दिया। यह मुकाबला एकतरफा रहा क्योंकि शानदार फॉर्म में चल रही स्वियाटेक ने अपनी पहली सर्विस पर 82-1 प्रतिशत अंक हासिल किए, जबकि कीज को अपनी सर्विस में दिक्कत हुई, उन्होंने सात डबल फॉल्ट किए और पांच बार सर्विस गंवाई। स्वियाटेक ने अंततः 6-1, 6-2 से जीत हासिल की और शनिवार को ग्रुप चरण में अपनी पहली जीत दर्ज की। स्वियाटेक और कीज इस सीजन में पहले दो बार आमने-सामने हुई थीं, दोनों ने एक-एक बार जीत हासिल की थी, और दोनों ही मैच तीन-तीन सेट तक चले थे। ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में, अमेरिकी कीज ने तीसरे सेट के सुपर टॉईब्रेक में अपनी पोलिश प्रतिद्वंद्वी को हराया और फिर खिताब अपने नाम किया। हालांकि, यूएस ओपन में पहले दौर में बाहर होने के बाद, कीज ने दो महीने से ज्यादा समय तक कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला था। स्वियाटेक ने बाद में कहा कि लगभग हर चीज में, लेकिन ज्यादातर अपनी सर्विस और पूरे ध्यान के साथ।मैं शुरू से अंत तक अपने जोन में थी, और सचमुच इसे इसी तरह बनाए रखना चाहती थी। इस साल के फाइनल के दो एकल ग्रुप डब्ल्यूटीए की दिग्गज स्टेफी ग्राफ और सेरेना विलियम्स के नाम पर हैं। स्वियाटेक और कीज को सेरेना विलियम्स ग्रुप में कजाकिस्तान की एलेना रिबाकिना और संयुक्त राज्य अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा के साथ रखा गया है। शनिवार को भी, रिबाकिना ने सात ऐस लगाए और अनिसिमोवा को 6-3, 6-1 से हराने में उन्हें सिर्फ 57 मिनट लगे। इससे पहले, बेलारूसी स्टॉर आर्यना सबालेंका ने डब्ल्यूटीए से साल के अंत की विश्व नंबर 1 ट्रॉफी प्राप्त की, जिन्होंने टूर्नामेंट से पहले ही शीर्ष रैंकिग हासिल कर ली थी। यह लगातार दूसरा साल है जब सबालेंका ने डब्ल्यूटीए की साल के अंत में एकल वर्ग में विश्व नंबर 1 खिलाड़ी के रूप में सीजन का समापन किया है।

सबालेंका ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। हमने इस साल बहुत मेहनत की है, और मेहनत रंग लाती है। हर फाइनल और हर मैच अविश्वसनीय था। मुझे इस सीजन पर बहुत गर्व है और उम्मीद है कि मैं रियाद में बहुत अच्छे प्रदर्शन के साथ सीजन का समापन कर पाऊंगी। स्टेफी ग्राफ समूह के मैच, सबालेंका की अगुवाई में, रविवार को शुरू होंगे, जिसमें शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का सामना इटली की जैस्मीन पाओलिनी से होगा। उसी शाम, गत विजेता कोको गॉफ एक ऑल-अमेरिकन मुकाबले में जेसिका पेगुला से भिड़ेंगी।

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए जैमीसन और सोढ़ी को वापस बुलाया

- **मिशेल सेंटनर की अगुवाई में बुधवार को ऑकलैंड में सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा**

**वेलिगटन, वार्ता।** कई अहम खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण न्यूजीलैंड ने तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और स्पिनर ईश सोढ़ी को वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू पांच मैचों की अंतर्राष्ट्रीय टी-20 सीरीज के लिए 14 सदस्ईय टीम में वापस बुलाया है। ऑलराउंडर मिशेल सेंटनर की अगुवाई में बुधवार को ऑकलैंड में इस सीरीज का पहला मैच खेलना जाएगा। फिन एलन (पैर), लॉकी फर्ग्यूसन (हैमस्ट्रिंग), एडम मिल्ने (टखना), ग्लेन फिलिप्स (ग्रोइन) और बेन सियर्स (हैमस्ट्रिंग) चोट के कारण बाहर हैं। इसके अलावा पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने भी रविवार को टी-20 से संन्यास की घोषणा कर दी है। इसे देखते हुए चयनकर्ताओं ने तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और स्पिनर ईश सोढ़ी को इस सीरीज के लिए टीम में शामिल किया है। टीम में अनकैप्ड तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ को जगह दी गई है। टीम चयन को लेकर न्यूजीलैंड के कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि वेस्टइंडीज जैसी खतरनाक टीम का सामना करने के पांच मौके मिलना बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि टीम पूरी सीरीज की लय में आने और गर्मियों की शुरुआत में बारिश से प्रभावित सीरीज के बाद कुछ मोमेंटम बनाने के लिए उत्सुक है। वाल्टर ने कहा कि टी-20 विश्व कप करीब आ रहा है और मुझे पता है कि यह लोगों के दिमाग में होगा, लेकिन हमारा ध्यान घर पर इस सीरीज पर है।

# सड़क हादसे में किसान की मौत, साथी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** रविवार को तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो किसानों की बाइक में टक्कर मार दी, टक्कर लगने से एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गया, मूंढापांडे क्षेत्र के नेशनल हाईवे नियामतपुर इकरोटिया टोल प्लाजा के पास मुरादाबाद की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने नाजिम, आमिर की बाइक में पीछे से टक्कर मार दी, टक्कर लगने के बाद नाजिम 32 वर्ष पुत्र नवी हसन नियामतपुर इकरोटिया रोड पर जा गिरा जिसके ऊपर से चालक ट्रक चढ़ाकर निकल गया, नाजिम की कुचलकर मौके पर मौत हो गई, जबकि आमिर गंभीर रूप से घायल हो गया, सड़क हादसा होने के बाद पास में बैठे ग्रामीण मौके पर पहुंचे नाजिम और आमिर को मूंढापांडे स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां



नाजिम को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, आमिर का मूंढापांडे स्वास्थ्य केंद्र में उपचार चल रहा है, मृतक के बड़े भाई गुल हसन ने थाना मूंढापांडे में ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर देते हुए बताया कि नाजिम नर्सरी की खेती किसानी करता,वह नर्सरी से आमिर के साथ लगभग ग्यारह बजे अपने घर आ रहा था, वह टोल प्लाजा के पास पहुंचा ही था कि तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, नाजिम के परिवार में पत्नी फूल जहां, बच्चे असजद 10 वर्ष, आमिर 8 वर्ष,अरहम 6 वर्ष, आयरा 5 वर्ष हैं, नाजिम नर्सरी की खेती किसानी कर बच्चों का पालन पोषण कर रहा था, सड़क हादसे में मौत हो जाने के बाद सभी का रो रो कर बुरा हाल है।

उधर पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर थाने ले गई जबकि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भेज दिया है।

# चौड़ीकरण का काम शुरू होने से लोगों में खुशी, लेकिन धीमी रफ्तार बनी मुसीबत

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण होने से लोगों में हर्ष का माहौल है लेकिन धीमी गति से चल रहा काम लोगों के लिए मुसीबत भी बन रहा है बतादे की नगर के मुख्य मार्ग पर सड़क के चौड़ीकरण का काम करीब 2 महीने बाद फिर शुरू हुआ है काम शुरू हुआ तो लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई लेकिन धीमी गति से चल रहा काम खुशी के साथ-साथ लोगों को मुसीबत भी लेकर आया है सड़कों के किनारे भरने से लोगों को राहत मिली थी लेकिन अब सड़क पर माल डालने के कारण फिर किनारे समतल होने से साइड गहरी हो गई हैं नगर के लोगों का कहना है की दिन में जितने हिस्से की साइड गहरी की जाए रात को यदि उसका काम पूरा कर लिया जाए तो लोगों को परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी नगर वासियों का यह भी कहना था कि सड़क के पास खड़े बेकार खंबो को भी निर्माण से पहले ही उखाडा जाना चाहिए। जिससे सड़क निर्माण होने के उपरांत लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो नगर के लोगों ने सड़क चौड़ीकरण के निर्माण में तेजी लाए जाने की मांग भी की है।

# रिक्शा चालकों को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

**कांठ( शाह टाइम्स )** उमरी चौराहे पर आज पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया और कमी पाए जाने पर लोगों को



यातायात नियमों का पालन किए जाने की चेतावनी भी दी। चौकी इंचार्ज प्रबोध कुमार के नेतृत्व में चले चेकिंग और जागरूकता अभियान में ई रिक्शा चालकों एवं अन्य वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में बताया गया पुलिस ने बताया कि किसी भी साइड की ओर मुड़ने से पहले पीछे और सामने वाहनों को इंडिकेटर देकर बता देना चाहिए कि उसे जाना किधर है। बतादें कि ई रिक्शा चालकों के कारण काफी दुर्घटनाएं आए दिन होती रहती हैं इन्हें यातायात नियमों की ना तो पूरी जानकारी है और अगर है भी तो यह उसका पालन करना अपना फर्ज नहीं समझते हैं जिनके कारण अक्सर सड़क किनारो पर जाम लगा रहता है और उनके लाप. रवाही से चलाने के कारण आए दिन लोग चोटिल होते हैं। आज पुलिस ने विशेष कर ई रिक्शा चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी और बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वाले बिना सीट वेल्ट लगाकर कार चलाने वाले लोगों को भी यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया।

## लील-गाय से टकराई पुलिसकर्मियों की बाइक, मुख्य आरक्षी गंभीर रूप से घायल

**कुंदरकी।** कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर के निकट रविवार की दोपहर उस समय हादसा हो गया जब कुंदरकी पुलिस चौकी में तैनात पुलिसकर्मियों की मोटर साइकिल के आगे अचानक लील-गाय आ गई। लील-गाय को बचाने के प्रयास में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे दोनों पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए, हादसे में आरक्षी भाई सिंह और मुख्य आरक्षी सुखनंदन घायल हुए। जानकारी के अनुसार दोनों पुलिसकर्मी मुरादाबाद में परीक्षा ड्यूटी करने के बाद कुंदरकी लौट रहे थे। तभी हुसैनपुर के पास यह हादसा हो गया, घायलों को उपचार के लिए कुंदरकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने मुख्य आरक्षी सुखनंदन की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें निजी अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानक. ारी मिलने पर थाना प्रभारी जसपाल सिंह भी घायल पुलिसकर्मियों के पास हालात जानने पहुंचे।

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 11 ने गोल्ड व 4 ने जीते सिल्वर



**कांठ ( शाह टाइम्स )** मुरादाबाद के अमान पब्लिक स्कूल में आयोजित बेस्ट फाईटर ताइक्वांडो चौंपियनशिप में नगर स्थित आकाश कोरियन टायक्वोंडो के 11 खिलाड़ियों ने अपने अपने भार वर्गों में सवर्ण पदक एवं 4 खिलाड़ियों ने रजत पदक प्राप्त कर क्षेत्र एवं एकेडमी का नाम रोशन कर दिया। मुरादाबाद के अमान पब्लिक स्कूल में आयोजित बेस्ट फाईटर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में नगर स्थित आकाश कोरियन ताइक्वांडो के शौर्य विश्नोई, कामाक्षी माहेश्वरी, नव्या प्रताप सिंह, ऐनी चौहान, साकेत मोहन अग्रवाल, मृत्युंजय सिंह, पोरस चौहान, नव्या अहलावत, उन्नति माहेश्वरी, अथर्व विश्नोई एवं राघव मोहन अग्रवाल ने अपने अपने भार वर्गों में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। शौर्य प्रताप, मिस्ठी पूनिया, खुशी, प्रणीत ने अपने-अपने भार वर्गों में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। खिलाड़ियों ने मेडल जीतकर कांठ क्षेत्र एवं एकेडमी का नाम रोशन कर दिया। सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विजयी खिलाड़ियों ने एकेडमी के कोच हर्ष शर्मा एवं रितिका शर्मा को जीत का श्रेय दिया, कोच हर्ष शर्मा ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

# लोगों ने नदी पर बनाया लकड़ी का पुल, नदी में पानी बढ़ने पर तास के पत्तों की तरह बिखरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** बिकनपुर में रामगंगा नदी पुल की भारी बारिश में दोनों एप्रोच कट गई थी,महीनों बाद भी निर्माण न होने पर लोगों ने जान जोखिम में डालकर एक अस्थाई लकड़ी का पुल बनाया था ,यह खतरनाक पुल स्कूली बच्चों, बीमारों और गर्भवती महिलाओं सहित हजारों ग्रामीणों के लिए एकमात्र संपर्क मार्ग बन गया,बिकनपुर नदी का पुल की एप्रोच भारी बारिश की चपेट में आकर कई गावों को हाइवे से जोड़ने वाली रामगंगा नदी के पुल की एप्रोच धराशायी हो गई थी,महीनों बीतने के बाद भी पुल का निर्माण न होने से लोगों ने जुगाड़ का सहारा लेकर लकड़ी का अस्थाई पुल बना लिया है,उसी पुल से आवागमन शुरू कर दिया,पुल से निकलने के दौरान ग्रामीणों को अनहोनी का डर सता रहा है, जुगाड़ से बना यह पुल बीमार और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने, पैदल और



बाइक सवार राहगीरों सहित बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने स्कूल,जाने का एक मात्र वैकल्पिक मार्ग था जो बीती रात को नदी में बड़े पानी की वजह से टूट गया, जिसके बाद नाव को शुरू किया गया जिसमें बैठकर ग्रामीण नदी पार कर रहे हैं, क्षेत्र वासी राजीव कुमार,अवधेश कुमार अवस्थी,रवि कुमार का कहना है कि इन लोगों ने बिना अधिकारियों की परमिशन के ही लकड़ी के पटलों का पुल रामगंगा नदी पर बना दिया जो नदी में पानी बढ़ने से तास के पत्तों की तरह बिखर गया,अगर कोई भी ग्रामीण इसकी चपेट में आ जाता तो वह अपनी जान से हाथ धो बैठता ,इसकी जिम्मेदारी भी लकड़ी के पटलों का पुल का आगमन करने वाले भी नहीं ले रहे हैं बस उन्हें सिर्फ 20 रुपए से मतलब है, शिकायत के बाद हल्का लेखपाल तथा पुलिस मौके पर पहुंची और लकड़ी के पुल को हटाने के लिए कहा है, जिससे किसी भी इंसान के साथ अनहोनी न हो सके।

# पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और सहायक पुलिस अधीक्षक ने किया रामगंगा मेला का निरीक्षण



**कांठ( शाह टाइम्स )** एसपी ग्रामीण और सहायक पुलिस अधीक्षक आज नील सरोवर स्थित रामगंगा घाट पर पहुंचे और वहां लगने वाले गंगा स्नान मेले का स्थलीय निरीक्षण किया उन्होंने लोगों से मेंले को व्यवस्थित रखने में सहयोग मांगा और कहा कि किसी भी समस्या के लिए वह पुलिस से संपर्क कर सकते हैं मेला कमेटी और पुलिस को भी उन्होंने मेले को सकुशल संपन्न कराने में सहयोग किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पुलिस की जिम्मेदारी मेले में आने वाले दुकानदार और क्षेत्रीय लोगों की है इसलिए उन्हें इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सतर्क रहना होगा उन्होंने प्रभारी निरीक्षक को भी मेले की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने और संदिग्ध लोगों पर नजर रखने के निर्देश दिए।

इसके बाद अधिकारी दरियापुर गांव पहुंचे और वहां रामगंगा तट पर लगने वाले गंगा स्नान मेले के संबंध में जानकारी हासिल करते हुए पुलिस को चुस्त दुरुस्त रहने के लिए निर्देशित किया।

# हुतात्मा दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित, बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल मुरादाबाद द्वारा हुतात्मा दिवस के अवसर पर रविवार को रक्तदान एवं रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में आयोजित इस शिविर में संगठन के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बजरंग दल महानगर संयोजक राजीव ठाकुर के नेतृत्व में लगभग 20 कार्यकर्ताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया, वहीं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने रक्त समूह की जांच कराई।शिविर में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने समाजसेवा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि समय आने पर हिन्दू समाज के किसी भी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता पड़ेगी तो संगठन के कार्यकर्ता आगे आने में कभी पीछे नहीं हटेंगे। राजीव ठाकुर ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह शिविर हुतात्माओं की स्मृति को समर्पित है। उन्होंने बताया कि संगठन समाजहित के कार्यों में




निरंतर सक्रिय है और आगे भी इस प्रकार के सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।कार्यक्रम संयोजक प्रमोद सैनी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य युवाओं में सेवा भाव और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को रक्तदान के महत्व के बारे में जानकारी भी दी गई। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है, इसलिए समाज के सभी लोगों को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। इस दौरान कार्यक्रम सह संयोजक सचिन दिवाकर, रोहित वाल्मीकि, पवन, राजीव सैनी, हिमांशु, गुलशन, अनिकेत, लक्की, गोविंदा, रितिक, नवदीप अग्रवाल, विपिन गुप्ता, अनिल कठेरिया, विशाल वीर, शुभम देशभक्त, कुनाल, रोहित, अदित्य और सोनू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का विशेष सहयोग रहा।

## साहित्य और बाल-चेतना का संगम: मुकेश दीक्षित की पुस्तक 'बच्चों के मुख से' का विमोचन

**चन्दौसी।** सीकरी गेट स्थित सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं शिक्षाविद् दिनेशपाल सिंह 'दिलकश' के आवास पर रविवार को रचनाकार मुकेश दीक्षित की नवीन कृति 'बच्चों के मुख से' का भव्य विमोचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुखपाल सिंह गौर ने की तथा संचालन एल.के. विकास कुमार मिश्रा ने किया। बाल मनोविज्ञान और निष्कपट अभिव्यक्ति पर आधारित यह पुस्तक बाल-साहित्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान मानी जा रही है। समारोह में काव्य पाठ का भी आयोजन हुआ, जिसमें कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वरिष्ठ कवि सुखपाल सिंह गौर ने प्रेरक पंक्तियाँ 'तकदीर बदलेगी तो खुद भी बदल जाएगी...' सुनाकर उत्साह बढ़ाया। शांति राणा 'शांति' ने कहा 'आओ मिलकर आज हम सब एक सजर ऐसा लगाएं...', जबकि दिनेश पाल सिंह 'दिलकश' ने भावनात्मक कविता 'अनमोल तेरा जीवन, तू यूं ही गंवा रहा है...' प्रस्तुत की। मुकेश दीक्षित ने नारी की महिमा पर केंद्रित कविता 'सुरम्यता में सबसे आगे जग में बस है नारी..' सुनाई। इस अवसर पर आकाश राघव, नीलेंद्र सिंह जादौन सहित अनेक साहित्यप्रेमी एवं कवि उपस्थित रहे।

# विश्व हिंदू महासंघ भारत के तत्वावधान में महायज्ञ व महासम्मेलन का किया आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रविवार को शहर के सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित अम्बेडकर पार्क में विश्व हिंदू महासंघ भारत द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगठन की ओर से हिन्दू राष्ट्र स्थापना के संकल्प के साथ महायज्ञ एवं महासम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगठन से जुड़े लोगों एवं समर्थकों ने भाग लिया। मंच से वक्ताओं ने सनातन संस्कृति के संरक्षण, राष्ट्र हित में एकजुटता और समाज में धार्मिक जागरूकता बढ़ाने की बात कही।



उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में हिन्दू राष्ट्र के निर्माण को लेकर अपने विचार व्यक्त किए और भविष्य में भी इसी प्रकार बड़े सम्मेलन आयोजित करने पर जोर दिया।संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि सनातन संस्कृति विश्व की प्राचीनतम एवं सर्वश्रेष्ठ संस्कृति है और देश में धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए समाज को संगठित होना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान 'हर घर भगवा' और 'हर माथे पर तिलक' का संकल्प दोहराया गया। वक्ताओं ने कहा कि आने वाले समय में संगठन और अधिक विस्तृत रूप से देशभर में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करेगा और सनातन का ध्वज और ऊँचा करने का प्रयास करेगा।इस अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ भारत की मंडल अध्यक्ष महाशक्ति रीता पाल, मंडल अध्यक्ष ऋषभ कश्यप, जिला प्रभारी हरिकान्त सिंह, जिलाध्यक्ष मोनू चौहान, मोहित चौहान, किसान मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ओ० पी० गोला, राष्ट्रीय अध्यक्ष मातृ शक्ति डॉ. मधु वत्स, प्रदेश महामंत्री तूलिका शर्मा, गीता सिंह (मेरठ महामंत्री) सहित प्रदेश मंत्री प्रीति प्रिया, शिखा चौहान, सोनम झा, परबेन्द्र चौहान, अवनीश चौहान एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# होम्योपैथिक स्वास्थ्य व एक्यूप्रेशर शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारत विकास परिषद शिवाजी शाखा एवं ऑर्गेनम होम्योपैथिक समिति के संयुक्त तत्वाधान में प्रिंस रोड पर साजिद फाउंडेशन द्वारा आयोजित होम्योपैथिक स्वास्थ्य व एक्यूप्रेशर शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में डॉक्टर अंशुमान गौड़ व डॉक्टर नूतन आर्य ने रोगियों की जांच करके दवाइयों का वितरण किया। वायरल वायरल रोगों खासतौर पर डेंगू से बचाव की दवाइयों का भी वितरण किया गया उपरोक्त शि. विर में एक्यूप्रेशर चिकित्सा विधि द्वारा रोगियों के विभिन्न रोगों का




इलाज करके तुरंत लाभ दिलाया गया शिविर में भारत विकास परिषद एवं होम्योपैथिक समिति के अध्यक्ष डॉ आर. के. शर्मा ने बताया की होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के साथ एक्यूप्रेशर चिकित्सा द्वारा असाध्य रोगियों को भी ठीक किया जा सकता है, साजिद फाउंडेशन की अध्यक्षा डॉ. रक्षंदा साजिद ने बतलाया कि होम्योपैथी चिकित्सा द्वारा जानलेवा डेंगू वायरल बुखार के बचाव की भी दवाइयां कारगर दवाइयां उपलब्ध हैं।

इस शिविर में माजिद , डॉ पल्लवी कौशिक तथा एडवोकेट कु. नीलम, हेरा, सिदरा व मामूर का विशेष सहयोग रहा।

तथा एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ चरण सिंह, दीपाली, गीता, करन कोहली निशि तथा रूद्राक्षी ने एक्यूप्रेशर किया।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 3 नवम्बर 2025

# इच्छाशक्ति का अभाव

राजधानी दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों में प्रदूषण गंभीर होता जा रहा है। रविवार को हवा क्वालिटी और बिगड़ गई। एम्स और आसपास के इलाकों में एआईक्यू लेवल 420 तक पहुंच गया है। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम के लिए सीएक्यूएम के आदेश को लागू करते हुए दिल्ली सरकार ने बीएस-3 और उससे पुराने मानक वाले सभी ट्रांसपोर्ट व कमर्शियल वाहनों ट्रक, टेम्पो, लोडर आदि डीजल चालित वाहनों को दिल्ली में एंट्री पर बैन लगा दिया है। सवाल है कि दशकों से मीडिया व पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोग तथा संगठन, जिस प्रदूषण संकट के प्रति चेताते रहे हैं, उसके घातक परिणाम अब साफ सामने नजर आने लगे हैं। विडंबना यह है कि देश की राजधानी व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र ही नहीं, अब देश के तमाम बड़े-छोटे शहरों से भी जानलेवा प्रदूषण की खबरें आ रही हैं। इस घातक व मारक संकट की पुष्टि बहुचर्चित मेडिकल जर्नल लैंसेट की हालिया रिपोर्ट करती है। रिपोर्ट दावा करती है कि देश की हवा में 2010 की तुलना में साल 2022 तक प्रदूषणवाहक पीएम 2.5 कणों की मात्रा में 38 फीसदी तक का बढ़ावा हुआ है। जिसका घातक प्रभाव यह है कि करीब सत्रह लाख लोग असमय काल-कवलित हो चले हैं। इससे होने वाला आर्थिक नुकसान अलग है। यह कहना कठिन है कि अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका के आंकड़े कितने विश्वसनीय हैं। बहुत संभव है कि सरकारें इन आंकड़ों पर सहमति न जताएं, लेकिन दीपावली के बाद दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र समेत देश के विभिन्न शहरों में प्रदूषण जिस घातक स्तर तक पहुंचा है, वह हालात के गंभीर होने की ओर इशारा तो करता ही है। एक अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी ने दिल्ली को दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर का खिताब भी दिया है। इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता कि अस्पतालों में प्रदूषणजनित रोगों का उपचार कराने वाले लोगों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है। जीवन के संघर्ष में रोजी-रोटी की कवायद में जुटे लोगों को यह अहसास भी नहीं होता है कि वे दिन में कितनी जहरीली हवा निगल रहे हैं। हमारे शहर केंद्रित विकास की विसंगितयां भी शहरों में प्रदूषण का दायरा बढ़ा रही हैं। शहरों में उगते कंक्रीट के जंगल न केवल हवा के प्राकृतिक प्रवाह को बाधित कर रहे हैं, बल्कि वाहनों के सैलाब को भी बढ़ावा दे रहे हैं। विडंबना यह है कि इसके बावजूद राजनीतिक दलों व सरकारों में वह इच्छाशक्ति नजर नहीं आती, जो इस संकट के कारगर समाधान की राह दिखाती हो। निश्चित तौर पर प्रदूषण संकट की यह जानलेवा स्थिति हमें शर्मसार करने वाली है। यह हमारी सामूहिक विफलता की तसवीर भी उकेरती है। सर्दियों का मौसम आते ही दिल्ली व निकटवर्ती शहरों में जो प्रदूषण का बड़ा संकट दिखायी देता है, आखिर उसे साल भर सतर्कता के साथ क्यों नहीं देखा जाता। देश में आर्थिक असमानता व गरीबी के चलते लाखों लोग व बच्चे उन अस्वस्थकारी परिस्थितियों में काम करने को बाध्य हैं, जो कालांतर जानलेवा रोगों का सबब बनती हैं। देश में करोड़ों बाल श्रमिक पटाखा, कालीन और अन्य सांस के रोगों का संकट बढ़ाने वाले उद्योगों में काम कर रहे हैं।

## न्यायालय और कानून का शासन स्थिरता के आधार



सांविधानिक सिद्धांतों की रक्षा करने वाले न्यायिक अधिकारियों को भी दबाव और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है, जिन जजों का किसी राजनीतिक मामले में कोई हाथ नहीं था, उनके परिवार को भी राजनीतिक संगठनों ने निशाना बनाया, आप सभी जानते हैं कि मेरे परिवार को कैसे निशाना बनाया गया और उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए, यह सब केवल मुझे दबाने के लिए किया गया, उस कठिन समय में जो लोग किसानों के मुद्दे के पक्ष में थे, उन्हें भी धमकाया गया और दबाया गया, जब कई राजनेता अपनी स्थिति लेने में हिचकिचाते थे या चुप रहते थे, उस समय इस देश के न्यायविद, वकील और न्यायालय अपने सांविधानिक वादे के साथ खड़े रहे, सरकार बदलती हैं, लेकिन न्यायालय और कानून का शासन स्थिरता का आधार बने रहते हैं।

**-एनवी रमणा, पूर्व मुख्य न्यायाधीश**

# बदलते बिहार का रण: क्या बदलेगा 2025



योगेश कुमार गोयल

बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा होने के बाद से ही राज्य की सियासत उबाल पर है। दो चरणों में मतदान और 14 नवंबर को परिणाम, इन दो तिथियों के बीच अब हर बयान, हर गठबंधन, हर रैली और हर अपराध की खबर चुनावी हवा की दिशा तय करेगी। इस बार मुकाबला केवल नीतीश बनाम तेजस्वी या एनडीए बनाम इंडिया गठबंधन का नहीं है बल्कि अनुभव बनाम उम्मीद, सुशासन बनाम बदलाव और भरोसे बनाम मोहभंग की त्रिकोणीय लड़ाई बन गया है। बीस वर्षों से सत्ता के शिखर पर बैठे नीतीश कुमार का राजनीतिक भविष्य अब जनता की अदालत में है और इस फैसले में बिहार का आने वाला दशक छिपा है। बिहार में इस बार 7.43 करोड़ से अधिक मतदाता वोट डालेंगे, जिनमें 3.50 करोड़ महिलाएं और 3.92 करोड़ पुरुष शामिल हैं। इनमें से करीब 14 लाख युवा ऐसे हैं, जो पहली बार मतदान करेंगे। यही नई पीढ़ी अब इस चुनाव की दिशा मोड़ सकती है क्योंकि वह जातीय समीकरणों से अधिक रोजगार, शिक्षा, पलायन और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर केंद्रित है। इस बार का चुनावी रण बिहार की पारंपरिक राजनीति की जड़ों को चुनौती दे रहा है। जातिवाद, परिवारवाद और गठबंधन की राजनीति के बीच अब विकास, सुरक्षा और रोजगार की गूंज पहले से अधिक मुखर हो चुकी है।

राज्य की राजनीतिक पटकथा पिछले दो दशकों में अनेक बार बदली लेकिन एक चेहरा स्थाई रहा, नीतीश कुमार। 2005 में उन्होंने लालू यादव के शासन से 'सुशासन' की ओर संक्रमण का नारा दिया और जनता ने उसे हाथों-हाथ लिया लेकिन बीस वर्षों में वही चेहरा अब थकान का प्रतीक बन गया है। सत्ता विरोधी लहर स्पष्ट दिख रही है और विपक्ष इसे 'नीतीश थकान सिंड्रोम' कहकर प्रचारित कर रहा है। तेजस्वी यादव की आरजेडी, कांग्रेस और वाम दलों के साथ गठित महागठबंधन इस बार जोर-शोर से मैदान में है। वहीं एनडीए, जिसमें जेडीयू, भाजपा, लोजपा द्धरामविलासऋ और हम जैसे सहयोगी हैं, अपने पुराने समीकरणों पर भरोसा कर रहा है। मगर इन समीकरणों की जमीन पहले जैसी ठोस नहीं रही। भाजपा और जेडीयू के रिश्तों में तनाव है, सीट बंटवारे को लेकर खींचतान हुई है और नीतीश कुमार की उम्र और स्वास्थ्य पर लगातार चर्चा हो रही है।

भाजपा ने रणनीतिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनाव का मुख्य चेहरा बनाया हुआ है। राज्य में मोदी फैक्टर अब भी प्रभावी है लेकिन स्थानीय असंतोष इसे सीमित कर सकता है। बेरोजगारी, स्वास्थ्य और शिक्षा के ढांचे की बदहाली, लगातार पलायन और अपराध के बढ़ते ग्राफ ने सुशासन की कहानी को कमजोर किया है। पटना से लेकर मुजफ्फरपुर और गया तक अपराध की घटनाएं आम होती जा रही हैं। हाल ही में मोकामा में हुई हत्या ने राज्य की कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया। चुनावी माहौल के बीच खुलेआम गोली चलना और जन सुराज के प्रत्याशी का खुलकर समर्थन कर रहे बाहुबली दुलारचंद यादव की हत्या यह संकेत देती है कि बिहार आज भी अपराध के साए से मुक्त नहीं है। विपक्ष इसे 'सुशासन का पतन' और 'जंगल राज' कहकर प्रचारित कर रहा है। जनता के मन में यह सवाल गूंज रहा है कि क्या बिहार का 'जंगल राज' कभी 'मंगल राज' बन सकेगा?

इन सबके बीच भ्रष्टाचार भी इस बार बड़ा मुद्दा बनकर उभरा है। प्रशांत किशोर, जो पहले चुनावी रणनीतिकार थे और अब जन सुराज पार्टी के नेता हैं, उन्होंने एनडीए के कई वरिष्ठ नेताओं पर भ्रष्टाचार और परिवारवाद के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनके आरोपों ने सत्ता पक्ष को रक्षात्मक बना दिया है। भाजपा ने पलटवार किया लेकिन जन धारणा में पीके की 'साफ-सुथरी राजनीति' का प्रभाव देखा जा सकता है। जन सुराज पार्टी का जनाधार भले सीमित हो लेकिन वह कई सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति पैदा कर सकती है। युवाओं और पढ़े-लिखे वर्ग में पीके की अपील बढ़ रही है, खासकर उन लोगों के बीच, जो जातिगत राजनीति से ऊब चुके हैं और नए विकल्प की तलाश में हैं। एनडीए सरकार ने इस बार मतदाताओं को लुभाने के लिए कई लोकलुभावन घोषणाएं की हैं, महिलाओं को 10 हजार रूपए की सहायता राशि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि, युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता, किसानों को फसल बीमा राहत और मुफ्त बिजली जैसी योजनाएं। भाजपा और जेडीयू दोनों इस बात पर दांव लगा रहे हैं कि महिलाओं का वर्ग, जो बिहार के चुनावों में अब निर्णायक बन चुका है, इन योजनाओं से प्रभावित होकर वोट करेगा। 2020 के चुनाव में महिला मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक था और इस बार भी यह रुझान कायम रह सकता है। महिला मतदाताओं की नब्ज इस बार निर्णायक हो सकती है, वे ही तय करेंगी कि स्थायित्व बेहतर है या परिवर्तन की शुरुआत।

दूसरी ओर, विपक्ष भी अपनी रणनीति पर आक्रामक है। तेजस्वी यादव ने रोजगार, शिक्षा और पलायन के मुद्दे को केंद्र में रखकर युवाओं को आकर्षित करने की कोशिश की है। राहुल गांधी के साथ उनकी साझा रैलियों में भीड़ उमड़ रही है लेकिन भीड़ को वोट में बदलना उनकी सबसे बड़ी चुनौती है। विपक्ष ने मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी और वोट चोरी का मुद्दा उठाया, यह नैरेटिव खासकर शहरी मतदाताओं और पढ़े-लिखे वर्ग में कुछ हद तक असर डाल सकता है। राज्य का जातीय गणित भी बदला है। 2022 के जाति आधारित सर्वेक्षण ने यह स्पष्ट किया कि बिहार में अत्यंत पिछड़ा वर्ग अब सबसे बड़ा समूह है, करीब 36 प्रतिशत। ओबीसी करीब 27 प्रतिशत, एससी 1996 प्रतिशत और मुस्लिम लगभग 17 प्रतिशत हैं। यही वर्ग अब चुनाव का निर्णायक चेहरा बन गया है। एनडीए इन वर्गों में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में है जबकि इंडिया गठबंधन यादव-मुस्लिम समीकरण को सहेजकर साथ ही पिछड़ों और दलितों को जोड़ने की रणनीति पर काम कर रहा है। सवाल यह है कि क्या जातीय पहचान अब भी वोट का आधार बनी रहेगी या फिर मतदाता अपनी प्राथमिकताएं बदल चुका है? दिलचस्प तथ्य यह है कि बिहार के ग्रामीण इलाकों में एनडीए की पकड़ मजबूत है जबकि शहरी इलाकों में विपक्ष को समर्थन बढ़ता दिख रहा है। लेकिन भाजपा सत्ता विरोधी भावना को संगठनात्मक ताकत से काउंटर करने की कोशिश कर रही है। मोदी फैक्टर और केंद्र की योजनाओं का लाभ एनडीए को मिला है पर यह लाभ तभी टिकेगा, जब नीतीश सरकार की छवि 'थकी हुई व्यवस्था' से उबर सके। भाजपा के भीतर भी यह चिंता है कि नीतीश अब वोट खींचने वाले नहीं रहे पर वे गठबंधन के लिए 'अनिवार्य चेहरा' हैं, उन्हें हटाना जोखिम भरा कदम होगा। विपक्ष के पास मौका है लेकिन उसके भीतर नेतृत्व का असंतुलन एक बड़ी कमजोरी भी है। तेजस्वी यादव की लोकप्रियता सीमित क्षेत्रों में केंद्रित है और कांग्रेस की पकड़ कमजोर पड़ चुकी है। यदि विपक्षी गठबंधन एकजुट रह सका और भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, अपराध जैसे मुद्दों को जनता के बीच जीवंत बनाए रख सका तो मुकाबला बेहद करीबी हो सकता है अन्यथा एनडीए सत्ता-विरोधी लहर को भी 'स्थायित्व और सुशासन' की ढाल से झेल लेगा।

एक और बड़ा प्रश्न यह है कि क्या बिहार में इस बार महिला मतदाता कोई निर्णायक बदलाव ला पाएंगी? यह प्रश्न इसलिए अहम है क्योंकि 2005 से लेकर 2020 तक हर चुनाव में महिला मतदाताओं का रुझान उस दल की जीत से जुड़ा रहा है, जिसने उन्हें सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक सुविधा का भरोसा दिलाया। यदि महिलाएं एनडीए की योजनाओं से प्रभावित हुई तो यह गठबंधन को बढ़त दिला सकता है लेकिन यदि उन्हें लगे कि उनके जीवन में वास्तविक सुधार नहीं हुआ तो वे बदलाव का विकल्प चुन सकती हैं। बिहार का यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं बल्कि राजनीतिक संस्कृति के संक्रमण का चुनाव है। एक तरफ 'सुशासन बाबू' की थकान और सत्ता के स्थायित्व की कहानी है, दूसरी ओर नई पीढ़ी की उम्मीदें और बदलाव की मांग। बीच में प्रशांत किशोर जैसा तीसरा विकल्प है, जो राजनीति के पुराने समीकरणों को चुनौती दे रहा है। यह चुनाव बताएगा कि बिहार अब भी परंपरागत जातीय राजनीति में बंधा है या वह सामाजिक-आर्थिक मुद्दों को केंद्र में रखकर नई दिशा चुनने को तैयार है। 14 नवंबर को जब नतीजे आएंगे तो केवल यह नहीं बताएंगे कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा बल्कि यह भी उजागर करेंगे कि बिहार का जनमत अब भी बीस वर्षों पुराने भरोसे पर टिका है या नई सोच की ओर अग्रसर हो चुका है। मोकामा जैसी घटनाएं, बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार के आरोप, बेरोजगारी और पलायन की त्रासदी ने बिहार के मतदाताओं को सोचने पर मजबूर कर दिया है। इस चुनाव के नतीजे केवल सत्ता नहीं, बिहार की राजनीति की आत्मा को भी नया रूप देंगे। यह चुनाव बिहार के लिए वह मोड़ साबित हो सकता है, जहां से राज्य या तो भविष्य की ओर छलांग लगाएगा या फिर अतीत के साए में लौट जाएगा, जहां 'जंगल राज' और 'मंगल राज' के बीच केवल जनता की समझदारी की दीवार खड़ी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अब बेचारगी के नाम पर वोट की दरकार

**विपक्ष खासकर कांग्रेस के पास भी मोदी व अन्य भाजपा नेताओं द्वारा की गई बदजुबानियों की लंबी सूची है परन्तु कांग्रेस कम से कम वोट भुनाने के लिए जनसभाओं में उन शब्दावलियों को नहीं दोहराती कि कब मोदी ने 50 करोड़ की गर्ल फ्रेंड कहा तो कब श्कांग्रेस की विधवाश जैसा अशोभनीय शब्द इस्तेमाल किया। न ही कांग्रेस कभी इंदिरा गांधी व राजीव गांधी की शहादत पर वोट मांगती है। न ही वोट की खातिर जनता को बार बार यह याद दिलाती है। परन्तु आज भी भाजपा की ओर से इसी तरह की अपमानजनक बातें की जा रही हैं। जैसे कि गत 30 अक्टूबर को ही इसी बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान लखीसराय की एक रैली में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इतने गुस्से से बटन दबाना कि करंट इटली तक पहुंचे यही बात इसी अंदाज में अमित शाह पहले भी असम व छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों की चुनावी सभाओं में करते रहे हैं।**



तनवीर जाफरी

बिहार चुनाव की तिथि जैसे जैसे करीब आती जा रही है, वैसे वैसे बिहार में हो रहे चुनाव प्रचार में भी तरह तरह के रंग भरते देखे जा रहे हैं। बिहार की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की नीतीश सरकार ने सत्ता का पूरा लाभ उठाते हुए आदर्श आचार संहिता लागू होने से कुछ ही मिनट पहले कई ऐसी महत्वपूर्ण घोषणाएं और धन वितरण किए जिनसे वहां के मतदाताओं के एक वर्ग विशेषकर महिलाओं को लाभ पहुंचा। जैसे महिला उद्यमी योजना के तहत 10,000 रूपए की पहली किस्त 6 अक्टूबर 2025 यानी चुनाव की तारीख की घोषणा होने से कुछ ही मिनट पहले हस्तांतरित की गई । नितीश सरकार द्वारा यह दावा किया गया कि इससे 21 लाख महिलाएं लाभान्वित होंगी। इसके अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि, मासिक पेंशन रुपये 400 से बढ़ाकर रुपये 1,100 करने की आदि की घोषणा गई। इसी तरह विपक्षी महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव ने भी लोकलुभावन योजनाओं का पिटारा खोल कर रख दिया है। राज्य के हर परिवार को एक सरकारी नौकरी सहित महिलाओं को लुभाने तक के लिए बड़ा ऐलान किया। उन्होंने वादा किया है कि सत्ता में आने पर जीविका दीदियों को 30,000 रूपए मासिक वेतन वाली सरकारी नौकरी मिलेगी। साथ ही, ब्याज -मुक्त लोन और अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी। ऐसी और भी कई लोकलुभावन घोषणाएं विपक्षी गठबंधन की ओर से की गई हैं। बेशक ऐसी घोषणाएं मतदाताओं को आकर्षित करने की एक बड़ी रणनीति का हिस्सा हैं ।

परन्तु सत्तारूढ़ राजग के बिहार विधानसभा के सबसे बड़े घटक दल भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं द्वारा चुनाव प्रचार में कुछ अलग ही रंग भरने की कोशिशें की जा रही हैं। बड़ा आश्चर्य है कि लगभग दो दशक से सत्ता में रहने वाला राजग आज भी बिहार वासियों को लालू राज के दौर का कथित जंगल राज याद दिला रहा है? खासकर भाजपा के स्टार प्रचारक शोले फिल्म की तर्ज पर बिहार के मतदताओं को याद करा रहे हैं कि राजग गया तो प्रदेश में गुंडा राज स्थापित हो जाएगा। यह बात तब कही जा रही है जबकि आज भी बिहार में सरे आम अपहरण की घटनाएं हो रही हैं। इसी वर्तमान चुनाव में राजनैतिक लोगों की हत्याएं हो रही हैं। अस्पताल में अपराधियों द्वारा दिन दहाड़े भर्ती मरीज की हत्या की जा रही है। पूरे राज्य में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। शराब बंदी के बावजूद तीन चार गुने रेट पर शराब की होम डिलेवरी की जा रही है। परन्तु ऐसी अनेक नाकामियों के बाद भी वोट, लालू के 20 वर्ष पुराने कथित गुंडा राज को याद दिला कर मांगा जा रहा है ? क्या प्रधानमंत्री तो क्या गृह मंत्री जैसे भाजपाई स्टार प्रचारक, सभी अपनी पार्टी का वही सधा सधाया विद्वेषपूर्ण राग अलाप रहे हैं। महागठबंधन पर शतुष्टिकरण श का आरोप लगा रहे हैं तो कभी उनपर श्घुसपैठियोंश को संरक्षण देने का इलजाम लगा रहे हैं। बिहार की सत्ता में सबसे बड़ी भागीदारी निभाने के बावजूद आज भी जिस भाजपा के पास अपना कोई भी राज्य स्तरीय नेता तक न हो जिसने आज तक साफ शब्दों में अपना मुख्य मंत्री का चेहरा घोषित न किया हो वह पार्टी कभी नेहरू को कोस कर तो कभी भावनात्मक बातें कर राज्य के लोगों की शिक्षा,बेरोजगारी,स्वास्थ्य व कानून व्यवस्था जैसे मूल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है।

स्वयं जिस पार्टी के प्रदेश के सबसे बड़े नेता व बिहार के निवर्तमान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की नकली डिग्री,उनपर बार बार अपना नाम बदलने यहां तक कि उनपर सामूहिक हत्याएं करने जैसे आरोप विरोधियों द्वारा संवाददाता सम्मेलन में लगाए जा रहे हों उस भाजपा के मंच से स्वयं प्रधानमंत्री मोदी लोगों को यह बता रहे हैं कि राहुल व तेजस्वी जमानत पर घूम रहे हैं और अब चुनाव करीब आते आते तो प्रधानमंत्री मोदी ने अपना चिरपरिचित श्बेचारगी श दिखाने वाला कार्ड भी खेलना शुरु कर दिया है। विधानसभा चुनाव के दौरान, दरभंगा में कांग्रेस के मंच से उनकी दिवंगत मां के विरुद्ध किसी व्यक्ति के द्वारा बेहद अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। इसी बात को याद दिलाकर मोदी ने बिहार की एक सभा में भावुक होकर कहा कि जो गालियां उनकी मां को दी गई हैं, असल में वो देश की हर मां का अपमान है।ष उन्होंने बार-बार इस अपमान का जिक्र किया और इसे चुनावी मुद्दा बनाते हुए वोट मांगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# चुनावी मौसम में देश के पत्रकारों का कर्तव्य





विनीत नारायण

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी जनता है और इस जनता की आवाज बनने का दायित्व पत्रकारों पर है। चुनाव वह समय होता है जब यह शक्ति सबसे अधिक सक्रिय होती है, जब जनता अपने मत से आने वाले पांच वर्षों की दिशा तय करती है। ऐसे निर्णायक समय में मीडिया की भूमिका केवल सूचना देने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वह एक प्रहरी यानी 'वॉचडॉग' की भूमिका निभाता है। दुर्भाग्य से, आज के परि.श्य में कई बार यह प्रहरी सार्वजनिक हित का रक्षक बनने के बजाय सत्ता या किसी दल का प्रचारक बनता दिखता है। यही वह विमर्श है जिस पर विचार होना चाहिए, कि पत्रकारों और एंकरों को क्यों और कैसे अपनी मूल भूमिका निभानी चाहिए, न कि पीआर द्धपब्लिक रिलेशनऋ पेशेवर बन जाना चाहिए।

पत्रकारिता का मूल उद्देश्य हमेशा सत्य का अन्वेषण रहा है। पत्रकार न तो किसी नेता के समर्थक होते हैं, न विरोधी, वे केवल जनता के प्रतिनिधि हैं। महात्मा गांधी ने कहा था कि प्रेस का काम जनता को सरकार की भूलों से सतर्क करना है, सरकार का मुखपत्र बनना नहीं। जब चुनाव आते हैं, तो यही भूमिका और भी संवेदनशील हो जाती है क्योंकि इस समय जनता को सूचित निर्णय लेने के लिए निष्पक्ष जानकारी चाहिए होती है। यदि मीडिया इस समय भ्रम फैलाए या किसी पक्ष के प्रचार का माध्यम बने, तो लोकतंत्र की आत्मा को आघात पहुंचता है। पत्रकारिता एक सार्वजनिक सेवा है, जबकि पीआर एक निजी हित का कारोबार। दोनों के स्वरूप में मूलभूत अंतर है। जहां पत्रकारिता का उद्देश्य सत्य और पारदर्शिता है, वहीं पीआर का उद्देश्य छवि निर्माण होता है, और वह भी किसी व्यक्ति या संगठन के हित में। जब कोई पत्रकार या एंकर अपने मंच का उपयोग किसी नेता की छवि चमकाने या विरोधी को बदनाम करने के लिए करता है, तो वह पत्रकार नहीं, पीआर एजेंट बन जाता है। यह स्थिति न केवल उसकी पेशेवर आचारसंहिता का उल्लंघन करती है, बल्कि जनता के साथ विश्वासघात भी है। चुनाव कवरेज अक्सर टीआरपी की होड़ में सनसनीखेज रूप ले लेता है। लेकिन वास्तविक पत्रकारिता की परीक्षा इसी समय होती है जब दबाव हो, आकर्षण हो और फिर भी कोई पत्रकार निष्पक्ष रह पाए। पत्रकारों को चाहिए कि वे चुनावी खबरों में तथ्यों की पुष्टि करें, उम्मीदवारों के वादों की जांच करें और जनता से जुड़े मुद्दों को केंद्र में रखें, न कि केवल रैलियों की भीड़ या विवादों की गहमागहमी को। एंकरों के लिए भी यह समय आत्म-संयम का होता है। उनसे अपेक्षा है कि वे मंच पर दोनों पक्षों को बराबर अवसर दें, तर्क पर तर्क से जवाब लें और चुनावी बहस को 'शोर' नहीं बल्कि 'संवाद' में बदलें। पत्रकारों व एंकरों का उद्देश्य दर्शकों को किसी दल की मनोवैज्ञानिक दिशा में मोड़ना नहीं, बल्कि उन्हें सोचने के लिए प्रेरित करना होना चाहिए। लोकतंत्र में पत्रकार सत्ता का संतुलन बनाए रखने वाले चौथे स्तंभ का प्रतिनिधि है। चुनाव काल में जब राजनीतिक दल वादों की बाढ़ लाते हैं, तब मीडिया का दायित्व है कि वह इन वादों की जांच करे। कौन से वादे व्यवहारिक हैं, कौन से केवल भाषणों की सजावट। इसके अलावा, मीडिया को यह भी देखना चाहिए कि क्या चुनावी प्रक्रिया पारदर्शी है? क्या प्रशासन और चुनाव आयोग निष्पक्ष हैं? क्या मतदाता को स्वतंत्र रूप से वोट डालने का अवसर मिल रहा है? यदि पत्रकार यह निगरानी न करें, तो सत्ता और धनबल का उपयोग करके जनमत को गुमराह करने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में पत्रकार ही वह दीवार है जो जनतंत्र को 'विज्ञापनतंत्र' बनने से बचा सकती है। सच्चा पत्रकार अपनी राय जरूर रख सकता है, लेकिन उसे तथ्यों की सत्यता से कभी समझौता नहीं करना चाहिए। उसे चाहिए कि वह हर रिपोर्ट में स्रोत स्पष्ट करे, हर दावा परखे और किसी भी राजनीतिक संदेश को प्रसारित करने से पहले उसकी विश्वसनीयता सुनिश्चित करे।

पत्रकारिता में 'निष्पक्षता' का अर्थ यह नहीं कि सबकी बात एक समान मानी जाए, बल्कि यह कि सच्चाई के प्रति वफादारी रखी जाए, चाहे वह सत्ता के खिलाफ हो या विपक्ष के। एंकरों को भी समझना होगा कि उनका मंच और चौनल एक भरोसे का प्रतीक है। यदि वे उसी मंच से किसी विशेष पार्टी के प्रवक्ता बन जाएं, तो वह भरोसा टूट जाता है। ट्रोल्स के प्रभाव, कॉर्पोरेट दबाव और राजनीतिक समीकरणों के बीच संतुलन बनाए रखना कठिन अवश्य है, पर यही कठिनाई पत्रकारिता को सम्मान दिलाती है। आज के युग में सोशल मीडिया ने सूचना का लोकतंत्रीकरण किया है, लेकिन अफवाहों और आधी सच्चाईयों के प्रसार का खतरा भी बढ़ा है। इस वातावरण में टीवी और प्रिंट मीडिया के पत्रकारों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्हें चाहिए कि वे त्वरित सुर्खियों से आगे बढ़कर पड़ताल करें, डेटा और दस्तावेजों पर आधारित रिपोर्ट तैयार करें और जनता को यह सिखाएं कि सच्ची खबर कैसे पहचानी जाए। यदि पत्रकार भी सिर्फ ट्रेंड या वायरल वीडियो के पीछे भागने लगे, तो वह समाज को जागरूक नहीं बल्कि भ्रमित करेगा। आज चुनाव के मौसम में पत्रकारों को आत्ममंथन की जरूरत है। क्या वे अपनी रिपोर्टों से जनता को सशक्त बना रहे हैं या किसी राजनीतिक पार्टी या कॉर्पोरेट घराने के एजेंडे को मजबूत कर रहे हैं? क्या उनके सवाल जनता के प्रश्न हैं या टीआरपी के लिए रचे गए नाटक?लोकतंत्र तभी सुरक्षित रहेगा जब पत्रकार अपने पेशे की आत्मा को जिंदा रखेंगे। जब वे सत्ता से नहीं, बल्कि जनता से डरेंगे।

'वॉचडॉग' बनने का अर्थ है सत्ता पर निगाह रखना, अन्याय पर सवाल करना और जनता के अधिकारों की रक्षा करना। चुनाव चाहे लोकसभा का हो या नगरपालिका का, मीडिया का धर्म एक ही हैरू सच दिखाना, पूरी ईमानदारी से, चाहे किसी को असुविधा ही क्यों न हो। पत्रकारिता केवल करियर नहीं, बल्कि लोकसेवा का माध्यम है। यदि पत्रकार और एंकर इस आत्मा को पहचान लें और चुनावी मौसम में पीआर के प्रभाव से ऊपर उठकर तटस्थ प्रहरी बनें, तो लोकतंत्र की नींव और अधिक मजबूत होगी। जनमत जागरूक होगा, सत्ता जवाबदेह बनेगी और भारत की लोकतांत्रिक परंपरा सच्चे अर्थों में सशक्त होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ट्रम्प 2.0 में भारतवंशियों के खिलाफ हेट क्राइम 91% बढ़ा

## एच-1बी वीजा पर धमकियां भी मिल रहीं, मंदिरों पर हमले व भारतीयों को देश से निकालो जैसे नारे बढ़े

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में भारतवंशियों के खिलाफ हेट क्राइम के मामले बढ़े हैं। बाइडन कार्यकाल में दक्षिण एशियाई मूल के लोगों के खिलाफ ऑनलाइन नफरत व हिंसा सीमित रही। अक्टूबर 2024 तक 46000 ट्रोलिंग और 884 धमकियां दर्ज हुईं, लेकिन ट्रम्प के लौटते ही हालात बिगड़ गए। अक्टूबर 2025 तक ट्रोलिंग बढ़कर 88000 तक पहुंची, यानी इसमें 91 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। दिसम्बर में वीजा और माइग्रेंट मामले में ट्रम्प- मस्क- रामास्वामी बहस के बाद 76 प्रतिशत धमकियां 'नौकरियां छीनने' से जुड़ी रहीं। ट्रम्प सरकार के एच-1बी वीजा फीस बढ़ाने और 104 भारतीयों को डिपोर्ट करने के फैसले ने माहौल भड़काया। इससे टेक्सास, वर्जीनिया व कैलिफोर्निया में गोलीबारी और मंदिर पर हमलों के मामले में उछाल आया। थिंक टैंक 'सेंटर फार द स्टडी ऑफ आर्गनाइज्ड हेट' के अनुसार बीते कुछ महीनों में नस्लभेदी पोस्ट्स में भी तेजी आई है। कैलिफोर्निया में पूरे साल मंदिरों पर हमले और ऑनलाइन नफरती अभियानों के संगठित प्रयास जारी रहे। नवम्बर 2024 से अक्टूबर 2025 के बीच अमेरिका के शहरों में भारतीय समुदाय को निशाना बनाते हुए हिंसक वारदातों की एक शृंखला सामने आई। फरवरी 2025 में वर्जीनिया में एक भारतीय-अमेरिकी कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मार्च 2025 में एक किराना स्टोर पर हुए हमले में पिता-पुत्री की जान चली गई। सितम्बर 2025 में टेक्सास के डलास में दो छात्रों और श्रमिकों की हत्या कर दी गई। इसी महीने चंद्रमौली नागमल्लैया की सिर काटकर हत्या ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया। अक्टूबर 2025 में पेंसिल्वेनिया के पिट्सबर्ग में एक मोटेल पर गोलीबारी में भारतीय मूल के मालिक और कर्मचारियों को निशाना बनाया गया। वहीं ओहायो, इलिनाय और इंडियाना राज्यों में छात्रों से हेट क्राइम के मामले सामने आए। रिपोर्ट के मुताबिक, बढ़ते नस्लभेद का यह ट्रेंड सिर्फ भारतीयों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे दक्षिण एशियाई समुदाय को निशाना बना रहा है। इसमें धर्म, नागरिकता या जातीय पहचान का कोई फर्क नहीं किया जा रहा। रिपोर्ट में इसके चार प्रमुख कारण बताए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका, यूरोप और आस्ट्रेलिया में प्रवासियों के खिलाफ जो वैश्विक नाराजगी बढ़ी है, वह इस नस्लभेदी ट्रेंड का पहला बड़ा कारण है। यह भावना दुनियाभर में उभर रही दक्षिणपंथी राजनीति का अहम हिस्सा बन चुकी है।

एच-1बी पर अमेरिकी हैं गुस्सा

अमेरिका में एच-1बी वीजा को लेकर गुस्सा भी इस ट्रेंड को बढ़ा रहा है। दक्षिणपंथी समूहों का आरोप है कि भारतीय 'कम योग्य' होते हुए भी अमेरिकी नागरिकों की नौकरियां छीन रहे हैं। इससे सोशल मीडिया पर 'भारतीयों को देश से निकालो' जैसे नारों में इजाफा हुआ। भारतीयों के खिलाफ नस्लभेद एशियाई समुदायों के खिलाफ व्यापक भेदभाव का हिस्सा है। ट्रम्प की जीत के बाद श्वेत वर्चस्ववादी गतिविधियां चरम पर पहुंच जाती हैं। जबकि, चुनावी दौर में हेट क्राइम में करीब 80 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी जाती है। ट्रेड डील पर तनाव का भी असर भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर तनाव से नफरत को हवा मिली है। फ्लोरिडा में एक सिख ट्रक ड्राइवर की वजह से हुए एक्सीडेंट में तीन लोगों की मौत जैसे मामलों को कुछ लोग बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे हैं ताकि उनके खिलाफ नफरत फैलाई जा सके।




बाइडन कार्यकाल में दक्षिण एशियाई मूल के लोगों के खिलाफ ऑनलाइन नफरत व हिंसा सीमित रही



श्रीनगर। कश्मीर मैराथन 2025 के दूसरे संस्करण में भाग लेते जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला।

## संक्षिप्त समाचार

### इज़रायली हवाई हमले में चार हिजबुल्लाह सदस्यों की मौत

**बेरूत।** लेबनान के दक्षिणी गांव कफर रूमाने पर इजरायली हवाई हमले में चार लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। यह जानकारी देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालीन संचालन केंद्र ने दी। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) के अनुसार, एक इजरायली ड्रोन ने शनिवार को स्थानीय समयानुसार रात लगभग 10:20 बजे (2020 जीएमटी) हवाई हमला किया, जिसमें गांव के पूर्वी बाहरी इलाके में दोहा-कफर रूमाने रोड पर एक निर्देशित मिसाइल से चार पहिया वाहन को निशाना बनाया गया।

### ईरान में स्वैच्छिक बल के दो सदस्यों की हत्या

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कोर ने शनिवार को कहा कि दक्षिण-पूर्वी प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान में हुए आतंकवादी हमलों में उसके बासिज स्वैच्छिक बल के दो सदस्य मारे गए। पीड़ितों की पहचान एस्माईल शावरज़ी और मोख्तार शाहौज़ेही के रूप में हुई है। शुक्रवार को खाश काउंटी से ज़ाहेदान की ओर गश्ती अभियान के दौरान आतंकवादियों ने उन पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। आईआरजीसी ने अपने आधिक.ारिक समाचार आउटलेट सेपा न्यूज़ के माध्यम से कहा कि अस्पताल में उनकी मौत हो गई, हालांकि हमलावरों का संगठन स्पष्ट नहीं किया गया।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 350 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किए

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने मछली पकड़ने वाले एक जहाज पर लदी 350 किलोग्राम से अधिक क्रिस्टल मेथामफेटामाइन और हेरोइन बरामद की है। इनकी कीमत लगभग पांच अरब रुपये है। मेथामफेटामाइन को आमतौर पर 'आइस' के रूप में जाना जाता है। उप रक्षा मंत्री मेजर जनरल अरुणा जयशेखर ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि 16 बैगों में पैक ये मादक पदार्थ मछली पकड़ने वाले एक जहाज के अंदर पाए गए। , जिसे नौसेना ने शनिवार को देश के पश्चिमी तट के पास समुद्र में रोका था।

### अफगान सुरक्षा बलों ने घुसपैठ करने की कोशिश में 144 को गिरफ्तार किया

**काबुल।** अफगानिस्तानी सुरक्षा बलों ने सीमा पार कर पड़ोसी देश ईरान में अवैध रूप से घुसपैठ करने की कोशिश करने के आरोप में 144 लोगों को गिरफ्तार किया है। सेना ने रविवार को एक बयान में कहा कि अफगानिस्तान के पश्चिमी हेरात प्रांत में तैनात सैन्य कर्मियों द्वारा गिरफ्तार किए गए लोगों में दो संदिग्ध मानव तस्कर भी शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि सीमा सुरक्षा को मजबूत करने और सीमाओं के पार अवैध आवाजाही को रोकने के उद्देश्य से सुरक्षा बल इस तरह के अभियान जारी रखेंगे।

## दक्षिण सूडान में आरएसएफ के ड्रोन हमलों में 12 की मौत

**खार्तूम।** दक्षिण सूडान के कोर्डोफन राज्य में अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स द्वारा दो विस्थापन केंद्रों को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमलों में बच्चों और महिलाओं सहित कम से कम 12 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। यह जानकारी स्वयंसेवी समूहों ने शनिवार को दी। स्वयंसेवी समूह सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार शाम को आरएसएफ ने कडुगली शहर में अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन के परिसर में एक आश्रय केंद्र पर ड्रोन हमला किया, जिसमें पांच बच्चों की मौत हो गई। इसने कहा कि एक अन्य ड्रोन हमले में अल-अब्बासिया तगाली क्षेत्र में एक विस्थापन शिविर को निशाना बनाया गया।

## कैरेबियाई सागर में जहाज पर अमेरिका ने किया हमला, तीन मरे

**नई दिल्ली।** कैरेबियाई सागर में एक और जहाज़ पर अमेरिका के हवाई हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शनिवार देर रात सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर इसकी पुष्टि की।

उन्होंने कहा कि यह हमला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आदेश पर किया गया और इसका निशाना एक ऐसा जहाज था जो अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के अनुसार अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल था। हेगसेथ ने बताया कि हमले में तीन व्यक्ति मारे गए। यह हमला अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्र में हुआ और किसी अमेरिकी सैनिक को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी रक्षा विभाग इन लोगों को उसी तरह से निशाना बनाएगा जैसे उसने अल-कायदा के आतंकवादियों को बनाया था। उन्होंने इन मारे लोगों को 'नार्को आतंकी' की संज्ञा दी। यह हमला पिछले सप्ताह किए गए तीन हमलों की श्रृंखला का हिस्सा है। सितम्बर से शुरू हुए इस अमेरिकी 'ऑपरेशन' में अब तक वेनेज़ुएला और कोलंबिया के नागरिक सहित 62 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इस दौरान 14 जहाज और एक पनडुब्बी नष्ट हुई है। अमेरिका का दावा है कि ये सभी अभियान ड्रग्स तस्करी रोकने के लिए हैं। आलोचकों का कहना है कि ये हमले अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हैं।

## मेक्सिको के सुपरमार्केट में धमाके, 23 की मौत

### घटना के बाद 12 घायलों को हर्मोसिल्लो के छह अस्पतालों में भर्ती कराया गया

**मेक्सिको।** मेक्सिको के उत्तर-पश्चिमी राज्य सोनारा की राजधानी हर्मोसिल्लो में एक स्टोर में भीषण आग और विस्फोट की घटना हुई, जिसमें कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई, जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं, जबकि 12 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

यह हादसा शहर के डाउनटाउन इलाके में स्थित वाल्डोज स्टोर में हुआ। सोनारा के गवर्नर अल्फोंसो दुराजो ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए एक वीडियो में इस घटना की पुष्टि की और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई। राज्य के अटार्नी जनरल गुस्तावो सालास चावेज ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि मौतें विषाक्त गैसों के सांस द्वारा सेवन के कारण हुई हैं। उन्होंने कहा फिलहाल ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है जिससे लगे कि आग जानबूझकर लगाई गई थी, हालांकि किसी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। घटना के बाद 12 घायलों को हर्मोसिल्लो के छह अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने एक्सपर पोस्ट कर कहा मेरी संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं जिन्होंने इस भयावह हादसे में अपने प्रियजनों को खोया है। सरकार की राहत टीमें मौके पर पहुंच चुकी हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि स्टोर पूरी तरह आग की लपटों में घिरा हुआ था। एक वीडियो में एक झुलसे व्यक्ति को स्टोर के बाहर गिरते हुए देखा गया, जिससे हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि दमकलकर्मियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। फिलहाल आग लगने के सटीक कारणों की जांच की जा रही है।



मेरी संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथः शीनबाम

## नाइजीरिया में ईसाइयों की हत्या से ट्रम्प नाराज

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमले की धमकी दी, 8 महीने के दौरान 7000 से ज्यादा ईसाई मारे गए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नाइजीरिया को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि अगर नाइजीरिया में ईसाइयों की हत्या और हमले बंद नहीं हुए, तो अमेरिका तुरंत नाइजीरियाई सरकार को दी जाने वाली सभी आर्थिक और सैन्य सहायता रोक देगा। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अगर जरूरत पड़ी, तो अमेरिका 'गन के साथ' नाइजीरिया में कार्रवाई करेगा और उन आतंकियों को खत्म करेगा जो ईसाइयों पर हमला कर रहे हैं।

ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने अपने डिपार्टमेंट ऑफ वार को संभावित सैन्य कार्रवाई की तैयारी के आदेश दे दिए हैं। इंटरनेशनल सोसाइटी फार सिविल लिबर्टीज एंड द रूल ऑफ ला की एक रिपोर्ट के अनुसार, नाइजीरिया में जनवरी से 10 अगस्त तक धार्मिक हिंसा बढ़ने के कारण 7000 से अधिक ईसाइयों की हत्या कर दी गई है। इन हत्याओं के बीच बोको हरम और फुलानी एक्सट्रीमिस्ट जैसे आतंकी संगठन जिम्मेदार हैं। नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबू ने कहा कि देश को धार्मिक रूप से असहिष्णु कहना गलत है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की पहचान ही धार्मिक स्वतंत्रता और समान सम्मान पर आधारित है। नाइजीरिया किसी भी धार्मिक उत्पीड़न को बढ़ावा नहीं देता। संविधान सभी धर्मों की सुरक्षा की गारंटी देता है। सरकार सभी नागरिकों की रक्षा करेगी, चाहे उनका धर्म, जाति या नस्ल कुछ भी हो। जैसे अमेरिका अपनी विविधता को ताकत मानता है, वैसे ही नाइजीरिया भी इसे अपनी शक्ति मानता है। कुछ हफ्ते पहले अमेरिकी सीनेटर टेड क्रूज ने भी कांग्रेस से अपील की थी कि नाइजीरिया को धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने वाला देश घोषित किया जाए। ट्रम्प ने भी कहा था कि नाइजीरिया में ईसाई अस्तित्व के संकट से गुजर रहे हैं और 'रैडिकल इस्लामिस्ट' इन हत्याओं के जिम्मेदार हैं। नाइजीरिया की 22 करोड़ की आबादी लगभग बराबरी से मुस्लिम और ईसाई समुदाय में बंटी है। देश में बोको हराम जैसे कट्टरपंथी इस्लामी संगठन लंबे समय से हिंसा कर रहे हैं। खासकर देश के उत्तरी हिस्सों में होनी वाली हिंसा का शिकार ईसाई के साथ-साथ मुस्लिम समुदाय भी होता आ रहा है। कई जगह ये हमले धार्मिक कारणों से, तो कई जगह जमीन, जातीय संघर्ष, या आतंकवादी नेटवर्क की वजह से होते हैं।



इन हत्याओं के बीच बोको हरम और फुलानी एक्सट्रीमिस्ट जैसे आतंकी संगठन जिम्मेदार हैं

## मिस्र में दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम खुला

### 3000 साल पुरानी तूतनखामेन की कब्र रखी गई, खोजने वाले 5 लोग रहस्यमयी मौत मरे

**काहिरा।** मिस्र में गीजा के पिरामिडों के पास दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम ग्रैंड इजिप्शियन आम जनता के लिए खोल दिया है। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सीसी के साथ दुनिया के कई देशों के नेता उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इसे बनाने में करीब 1 अरब डॉलर से ज्यादा की लागत आई है। ग्रैंड इजिप्शियन म्यूजियम (जीईएम) की सबसे बड़ी खासियत बाय किंग तूतनखामेन की कब्र है। 1922 में ब्रिटिश पुरातत्वविद हावर्ड कार्टर ने यह कब्र खोजी थी। इसमें 5500 से अधिक वस्तुएं मिली थीं।

अब पहली बार यह सब एक ही स्थान पर आम दर्शकों के लिए रखी जा रही हैं। तूतनखामेन सिर्फ 9 साल की उम्र में मिस्र की सत्ता पर काबिज हो गया था और 18-19 वर्ष की आयु में उसकी मृत्यु हो गई थी। उसका शासनकाल 1332/1323 ईसा पूर्व था। यह कब्र लगभग 3,000 वर्षों तक छिपी रही क्योंकि इसे चट्टानों और मलबे से ढक दिया गया था। नए म्यूजियम में हावर्ड कार्टर और उनकी टीम द्वारा तूतनखामुन के मकबरे में खोजी गई सभी कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। तूतनखामेन की कब्र का ताला 26 नवम्बर 1922 को हावर्ड कार्टर ने तोड़ा था। ब्रिटिश लार्ड कार्नार्वन ने 3000 साल पुरानी इस कब्र खोजने में लाखों पाउंड खर्च किए थे। ताला टूटने के बाद सबसे पहले वे ही अंदर गए। कब्र के प्रवेश द्वार पर कोई शिलालेख नहीं मिला, लेकिन स्थानीय मजदूरों ने फुसफुसाया कि जो राजा की नींद तोड़ेगा, मौत उसके पंखों से आएगी। लगभग 5 महीने बाद 5 अप्रैल 1923 को लार्ड कार्नार्वन की रहस्यमयी मौत हो गई। करीब सुबह 6 बजे लार्ड कार्नार्वन की चीखें होटल के हाल में गूंजीं। उसी रात 1:55 बजे काहिरा शहर में अचानक बिजली गुल हो गई थी।, लेकिन सबसे चौंकाने वाली खबर इंग्लैंड से आई। हैम्पशायर में लार्ड की पालतू कुत्ती 'सूसी' ने तीन बार भौंका और मर गई। कार्नार्वन के अलावा 4 लोग और मारे गए। इनमें शामिल थ। ममी का एक्स-रे करने वाले- आर्चिबाल्ड डगलस रीड, अज्ञात बीमारी के चलते उनकी मौत हो गई थी। कब्र की खुदाई में शामिल पुरातत्वविद्-ह्यू एवेलिन व्हाइट, आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने खून से दीवार पर लिखा था कि मैं श्राप के अधीन हूं और मुझे मरना ही होगा। हावर्ड कार्टर की टीम के सदस्य-आर्थर माचेन्थ, कब्र की खोज के दो साल बाद अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने से मौत हो गई।

इसे बनाने में करीब एक अरब डॉलर से ज्यादा की लागत आई है

## पाक ने अफगान शरणार्थियों की वापसी के लिए तोरखम सीमा फिर से खोली

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अफ़ग़ान शरणार्थियों की स्वदेश वापसी के लिए उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तोरखम सीमा को फिर से खोल दिया है। यह जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी। प्रांत के खैबर जिले के डिप्टी कमिश्नर बिलाल राव ने मीडिया से शनिवार को कहा कि आज सुबह सीमा पार से परिचालन फिर से शुरू किया गया जिससे उन अफगान परिवारों को वापस भेजा जा सके जो हफ्तों से पाकिस्तान में इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सैकड़ों अफगान नागरिक आव्रजन केंद्र पर पहुंच चुके हैं।

## अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता के माध्यम से समझौता संभवः ईरान

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने कहा कि तेहरान, अमेरिका के साथ सीधी बातचीत में दिलचस्पी नहीं रखता है लेकिन अप्रत्यक्ष वार्ता के माध्यम से समझौता किया जा सकता है।

अराघची ने शनिवार को कतर के अल जजीरा को दिए गए साक्षात्कार में ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित चिताओं का समाधान करने के लिए वार्ता की तत्परता दिखाई। उन्होंने कहा कि हम वाशिंगटन के साथ प्रत्यक्ष वार्ता करने के इच्छुक नहीं हैं लेकिन हम अप्रत्यक्ष वार्ता के माध्यम से समझौता कर सकते हैं। अपने परमाणु कार्यक्रम की शांतिपूर्ण प्रकृति को दोहराते हुए अराघची ने कहा कि ईरान के यूरेनियम संवर्धन को रोका नहीं जा सकता है और जो युद्ध से प्राप्त नहीं किया जा सकता है वह राजनीति के माध्यम से भी प्राप्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश का 400 किलोग्राम भंडार, जिसमें 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम है, अभी भी ईरान के बमबारी वाले परमाणु संयंत्रों के मलबे के नीचे दबा हुआ है और उसे किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे परमाणु सुविधाओं में संरचनाओं एवं उपकरणों दोनों मामले में हमें बहुत नुकसान हुआ है लेकिन हमारी तकनीक बरकरार है।

## रूस ने लॉन्च की 'खाबरोवस्क' पनडुब्बी

### पनडुब्बी पोसेइडान नामक परमाणु ड्रोन से लैस होगी, तटीय शहरों को एक झटके में कर सकती है खाक

**मास्को।** रूस ने एक और शक्तिशाली हथियार के रूप में अपनी नई परमाणु पनडुब्बी 'खाबरोवस्क' लॉन्च की है। यह पनडुब्बी पोसेइडान नामक परमाणु ड्रोन से लैस होगी, जिसे 'डूम्सडे मिसाइल' भी कहा जाता है क्योंकि यह तटीय देशों को पूरी तरह नष्ट करने की क्षमता रखती है। इस ऐतिहासिक लॉन्चिंग समारोह में रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोउसव और नौसेना प्रमुख एडमिरल अलेक्जेंडर मोइसयेव मौजूद थे।

सेवरोडविंस्क के सेवमाश शिपयार्ड में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान बेलोउसव ने कहा आज हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है भारी परमाणु-संचालित मिसाइल क्रूजर 'खाबरोवस्क' लॉन्च किया जा रहा है। सेवमाश शिपयार्ड वही स्थान है जहां भारत के आईएनएस विक्रमादित्य एयरक्राफ्ट कैरियर का भी निर्माण और पुनर्निर्माण किया गया था। रूस के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह पनडुब्बी अत्याधुनिक अंडरवाटर हथियारों और रोबोटिक सिस्टम्स से लैस है, जो रूस की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और वैश्विक जलक्षेत्रों में उसके राष्ट्रीय हितों की रक्षा करेगी। रूसी समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, 'खाबरोवस्क' का डिजाइन रूबिन डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है और यह आधुनिक नौसेना अभियानों के लिए विकसित की गई है। यह एक परमाणु-संचालित अंडरवाटर ड्रोन है, जो अत्यधिक गहराई और लंबी दूरी तक जा सकता है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने हाल ही में घोषणा की थी कि पोसेइडान का सफल परीक्षण किया गया है। इस ड्रोन में लगाया गया न्यूक्लियर पावर प्लांट पारंपरिक सबमरीन रिएक्टर से 100 गुना छोटा है। रूस की सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने इस हथियार को डूम्सडे मिसाइल करार दिया, जबकि रूसी संसद की रक्षा समिति के प्रमुख अंद्रेई कार्तापोलोव ने कहा कि यह ड्रोन पूरे तटीय देशों को खत्म करने में सक्षम है। विशेषज्ञों का कहना है, इस लॉन्च के साथ रूस ने संकेत दिया है कि वह भविष्य की अंडरवाटर युद्ध तकनीक में दुनिया से कई कदम आगे बढ़ चुका है।



इस ड्रोन में लगाया गया न्यूक्लियर पावर प्लांट पारंपरिक सबमरीन रिएक्टर से 100 गुना छोटा है

## रूसी संपत्तियां जब्त करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

**बेलग्रेड।** रूस में सोशलिस्ट पार्टी आंदोलन के संस्थापक, सर्बियागास के पर्यवेक्षी बोर्ड के अध्यक्ष और सर्बिया में रूसी ऐतिहासिक सोसायटी शाखा के प्रमुख अलेक्जेंडर वुलिन ने कहा कि यूरोपीय संघ उस स्थिति में रूसी संपत्तियों को जब्त करने की हिम्मत नहीं करेगा जब उसे कड़ी प्रतिक्रिया मिलने की आशंका होगी।

उन्होंने ए बातें आरआईए नोवोस्ती एक साक्षात्कार में कही। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने सितम्बर में रूस की ज़ब्त संपत्तियों का उपयोग करके यूक्रेन को एक नया ऋण आवंटित करने का प्रस्ताव रखा था। सुलेएन के अनुसार, यूक्रेन तभी ऋण चुकाएगा जब रूस हर्जाना भरेगा। हालांकि यूरोपीय संघ में इस ऋण पर आम सहमति नहीं है। अक्टूबर में, रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने कहा कि रूस द्वारा क्षतिपूर्ति के लिए यूरोपीय संघ के प्रस्ताव वास्तविकता से परे हैं और उन्होंने जर्मनी पर लंबे समय से रूसी संपत्तियों को ज़ब्त करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर मास्को की फ्रीज संपत्ति जब्त की गई तो वह निश्चित रूप से बहुत ही कठोर जवाब देगा। सर्बिया के पूर्व उप प्रधानमंत्री रहे वुलिन ने कहा कि अगर वे पूरे इतिहास में रूसी उपनिवेशों को लूटते रहे हैं तो उन्होंने रूस की संपत्ति क्यों नहीं ज़ब्त की? जो लोग उनसे कमज़ोर थे, वे भी रूस को लूटेंगे अगर उन्हें लगता है कि उन्हें इसकी सज़ा नहीं मिलेगी। वे रूसी संपत्ति ज़ब्त करेंगे या नहीं यह सिर्फ़ जवाबी शक्ति पर निर्भर करता है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108